राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 09 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 100, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नाम करेक्शन की झाम में फंसा आम मतदाता.....03

कर्नलगंज के पहाड़ापुर में फिर दिखाई दिया विशालकाय अजगर,राहगीर और ग्रामीणों में मचा हड़कंप...12

## नागरिकता विवाद 7 'पहले ईडी से मंजूरी लें': लखनऊ कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर की याचिका में सीलबंद लिफाफा लौटाया





**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने बीजेपी सदस्य एस विग्नेश शिशिर द्वारा बिना उचित मंजूरी (प्रवर्तन निदेशालय से) और इस संबंध में उनके हलफनामे/अंडरटेकिंग के बिना सीलबंद लिफाफे में दाखिल किए जाने वाले कुछ 'गोपनीय' दस्तावेज़ों को स्वीकार करने या खोलने से इनकार कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा (एसीजेएम-3, एमपी/एमएलए कोर्ट, लखनऊ) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों पर FIR दर्ज करने की शिशिर की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।यह मामला पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद रायबरेली से लखनऊ ट्रांसफर किया गया। दरअसल शिशिर की आपराधिक शिकायत में आरोप लगाया गया कि गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता भी है। इसलिए उन पर विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आरोप लगाए जा सकते हैं।

शिशिर ने यूनाइटेड किंगडम सरकार के विभिन्न कथित रिकॉर्ड का हवाला दिया। कार्यवाही के दौरान, शिशिर ने सीलबंद लिफाफे में दस्तावेज़ कोर्ट क्लर्क को देने की कोशिश की। उन्होंने दावा किया कि उनमें पिछले साल सितंबर में FEMA के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ED) को गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के संबंध में दिए गए उनके अपने बयान थे।

जब कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या वह ऐसे गोपनीय दस्तावेज़ दाखिल कर सकते हैं तो शिशिर ने दावा किया कि उन्हें श्रेष्ठ से फोन पर कोर्ट में उन्हें दाखिल करने की अनुमति मिली थी। हालांकि, ACJM वर्मा ने उस आधार पर दस्तावेज़ स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहाः 'अगर आप इसे सीलबंद कवर में दे रहे हैं और बोल रहे हैं कि यह गोपनीय दस्तावेज़ है तो क्या इसे आप यहां दाखिल कर सकते हैं? आप हलफनामे पर कहिए कि आप इसे यहां फाइल करने के लिए अधिकृत हैं, कोर्ट इसे तभी पढ़ेगी, तब तक इसे अपने पास रखिए।

कोर्ट ने शिशिर को आगे निर्देश दिया कि वह ईडी से संबंधित दस्तावेज़ उचित प्राधिकरण से उचित मंजूरी लेने के बाद ही रिकॉर्ड पर रखें। इसके बाद शिशिर ने अलग से कुछ दस्तावेज़ जमा किए, जिनमें एक यूके नागरिक के कुछ बयान थे, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह उनसे मिलने आया और उसने गांधी के खिलाफ कई अहम जानकारियां दीं। इसे केस का 'टर्निंग पॉइंट' बताते हुए शिशिर ने कहा कि वह व्यक्ति किसी भी भारतीय कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए तैयार है। एसीजेएम वर्मा ने इन दस्तावेज़ों की समीक्षा की और उन्हें फिर से सील करने का निर्देश दिया। उन्होंने तर्क दियाः 1. एक वीएसएस शर्मा को यूके सरकार से गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के बारे में कुछ जानकारी मिली है। 2. गांधी ने अपने चुनावी हलफनामे में यूके में रजिस्टर्ड कंपनी 'बैकॉप्स लिमिटेड' से जुड़े होने की बात मानी थी। 3. 2004 और 2009 में अमेठी से सांसद चुने जाने के बाद भी गांधी लंदन की एक नगर पालिका की वोटर लिस्ट में वोटर बने रहे। शिशिर ने आगे कहा कि उन्होंने गांधी के कथित ब्रिटिश पासपोर्ट की जानकारी के लिए एक RTI दायर की, लेकिन भारत सरकार ने जवाब दिया कि जानकारी रोक दी गई। उन्होंने तर्क दिया कि इससे पता चलता है कि सरकार के पास जानकारी है लेकिन वह सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताओं से बचने के लिए इसे उजागर नहीं कर रही है। शिशिर ने आगे कोर्ट को बताया, 'मैंने गांधी के पासपोर्ट की एक कॉपी देखी है। मैं इसे यहां फाइल नहीं करना चाहता, क्योंकि इससे कानून और व्यवस्था की समस्या हो सकती है।' उन्होंने तर्क दिया कि अगर स्नढ्ढक्र दर्ज होती है तो दरोगा साहब केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखेंगे, जिससे उन्हें पासपोर्ट की जानकारी देनी पड़ेगी।

शिशिर ने तर्क दिया, 'आप एक ऑर्डर पास करेंगे, एफआईआर होगी और एक दिन में एक पेपर का पासपोर्ट सबके सामने आ जाएगा, केस सॉल्व हो जाएगा।' बहस के दौरान, जब शिशिर ने इलाहाबाद एमपी/एमएलए के उस आदेश का जिक्र किया, जिसमें उन्हें सुरक्षा कवर दिया गया और तर्क दिया कि एमपी/एमएलए ने यह बात मान ली है कि गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं तो एसीजेएम वर्मा ने उन्हें ठीक किया। मजिस्ट्रेट ने मौखिक रूप से साफ किया, 'नहीं हाईकोर्ट ने सिर्फ आपकी दलील रिकॉर्ड की है, उसने मेरिट पर कुछ नहीं कहा है। शिशिर ने यह भी कहा कि वह कम-से-कम 17 बार रायबरेली गए, लेकिन यूपी पुलिस के बड़े अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक अधिकारी ने गांधी के खिलाफ कार्रवाई न करने का कारण आने वाले महाकुंभ 2025 को बताया। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट (लखनऊ बेंच) ने पिछले महीने रायबरेली के ACJM-IV की कोर्ट से केस को लखनऊ की स्पेशल MP/MLA कोर्ट में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। अपनी ट्रांसफर याचिका में शिशिर ने रायबरेली कोर्ट में तनावपूर्ण और हिंसक माहौल का आरोप लगाया। उन्होंने 5 दिसंबर, 2025 की एक घटना का ज़िक्र किया, जिसमें कथित तौर पर स्थानीय वकीलों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## टीजीबीएल सीईओ प्रतीक कनकिया अरेस्ट, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, जांच में हुआ हैरान करने वाला खुलासा

**● प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने TGBL के सीईओ प्रतीक कनकिया को 47.32 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है. प्रतीक पर BECIL से 50 करोड़ का लोन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी से लेने का आरोप है. एनर्जी प्रोजेक्ट के नाम पर लिया गया यह पैसा निजी ऐशो-आराम पर खर्च किया गया और साइट पर कोई काम नहीं हुआ**




ईडी (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए द ग्रीन बिलियंस लिमिटेड (TGBL) के CEO प्रतीक कनकिया को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई मुंबई जोनल ऑफिस द्वारा की गई. आरोपी पर करीब 47.32 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है. गिरफ्तारी के बाद प्रतीक कनकिया को मुंबई की विशेष PMLA अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 9 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है.

ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपी ने भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) से करीब 50 करोड़ का लोन धोखाधड़ी से हासिल किया. फिर उसका गलत इस्तेमाल किया. इससे ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड को भारी आर्थिक नुकसान हुआ.

### एनर्जी प्रोजेक्ट के नाम पर फर्जीवाड़ा

इस मामले की शुरुआत 2018 में होती है जब पुणे नगर निगम ने वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लगाने के लिए टेंडर जारी किया था. यह प्रोजेक्ट 2019 में विभिन्न सलाहकार को मिला. 2020 में इसके लिए एक विशेष कंपनी वैरिएट पुणे वेस्ट टू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बनाई गई.

बाद में आरोपी की कंपनी द ग्रीन बिलियंस लिमिटेड ने इस कंपनी को खरीदने के लिए समझौता किया और BECIL के साथ मिलकर एक कंसोर्टियम बनाया. इस प्रोजेक्ट के लिए इरेडा ने BECIL को 80 करोड़ का लोन मंजूर किया, जिसमें से 50 करोड़ बेसिल ने टीजीबीएल को दे दिए.

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे लोन लिया

ईडी के मुताबिक, प्रतीक कनकिया ने अपनी निजी कंपनी के जरिए और BECIL के कुछ पूर्व कर्मचारियों की मिलीभगत से नकली और जाली दस्तावेजों के आधार पर यह लोन हासिल किया. लोन की शर्तों का पालन नहीं किया गया और सबसे अहम बात यह रही कि प्रोजेक्ट साइट पर कोई काम ही शुरू नहीं हुआ, जिसकी पुष्टि पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने भी की है.

### ऐशो-आराम पर उड़ाया गया पैसा

जांच में यह भी सामने आया कि प्रोजेक्ट के नाम पर लिया गया पैसा निजी खर्चों और आलीशान जिंदगी पर खर्च किया गया. आरोपी ने इस रकम का इस्तेमाल महंगी गाड़ियों, मुंबई और दिल्ली के पॉश इलाकों में किराए पर लिए गए और रिनोवेट किए गए लग्जरी घरों पर किया

## संक्षिप्त ख़बरें

### धान तौल को लेकर विवाद, महिला सहित परिवार पर लाठी-डंडे से हमला

**गोपीगंज।** ग्राम भगवानपुर चौथार निवासी नीतू देवी पत्नी गोपी हरिजन ने आरोप लगाया है कि 06 जनवरी 2026 की रात करीब 8 बजे साझे की तराजू से धान तौलने को लेकर उनके देवर धर्मेन्द्र व गोविन्दा हरिजन पुत्र स्व. रामअछैवर ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया। घटना में नीतू देवी के सिर व पीठ में चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति गोपी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके पुत्र रजनीश व शिवम के साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर 112 पुलिस ने पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद में मारपीट, कई घायल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के अमवां खास गांव में जमीन विवाद को लेकर शनिवार को हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि अजय तिवारी व उनके साथियों ने लाठी-डंडा व हॉकी से हमला कर अनूप मिश्रा और उनके भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में रोहित मिश्रा के सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई, दांत टूट गया, जबकि आनंद मिश्रा को भी सिर में चोट लगी। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच व कार्रवाई में जुटी है।

## गौशाला की अव्यवस्थाओं से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन):** गुरुवार की सुबह एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कई मृत गोवंश पड़े दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो नदीगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तीतरा खलीलपुर की गोशाला के बताए जा रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र नहीं करता है। ग्रामीणों ने बताया कि शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बावजूद गोशाला में गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए किसी भी प्रकार के समुचित इंतजाम नहीं किए गए थे, जिसके चलते दो गोवंशों की मौत हो गई। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि गोशाला में न तो पर्याप्त पुआल, न ही तिरपाल या ठंड से बचाव के अन्य साधन उपलब्ध कराए गए हैं। ठंड के कारण गोवंश खुले में ठिठुरते रहे और इसी लापरवाही का खामियाजा उन्हें अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले का वीडियो बनाकर साझा किया है और ग्राम प्रधान सहित जिम्मेदार लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वही ग्राम प्रधान लिली का कहना हैं ऐसी कोई बात नहीं है, गोवंश बीमार हैं उनको कल ही डॉ. देवेंद्र निरंजन देखकर गए हैं।

गौरतलब है उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा गोशालाओं के संचालन और गोवंश संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। समय-समय पर दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं कि सर्दी के मौसम में गोवंशों के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। इसके बावजूद तीतरा खलीलपुर की गोशाला से सामने आई तस्वीरें और वीडियो व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ ठोस और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और गोवंशों को सुरक्षित माहौल मिल सके। वायरल वीडियो को लेकर नदीगांव बीडीओ गजेंद्र सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो ग्राम तीतरा खलीलपुर की गोशाला के नहीं हैं। उन्होंने स्वयं गोशाला का निरीक्षण किया है। वहां कोई भी गोवंश मृत अवस्था में नहीं मिला। तीन गोवंश बीमार हालत में पाए गए थे, जिनके इलाज के लिए पशु चिकित्सकों की टीम को बुलाया गया है और उपचार जारी है।

## मेहमान पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार है मझौली सागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
हरीश कुमार चौधरी



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले का मझौली सागर इन दिनों मेहमान पक्षियों के आतिथ्य में डूबा है। ठंड के मौसम में परदेसी परिंदों की शरण के लिए सिद्धार्थनगर जिले का मझौली सागर सबसे मुफीद जगह बन गई हैं। हर साल की तरह इस साल भी मझौली सागर में सुदूर ठंडे देशों से आए हजारों प्रवासी पक्षियों ने अपना डेरा डाल लिया है। इस समय मौजूद भिन्न-भिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। सर्दी के मौसम में हजारों किमी दूर से आने वाले मेहमान पक्षी मार्च माह में अपने वतन लौट जाते हैं।

मझौली सागर सहित उसके आसपास आधा दर्जन सागरों में प्रति वर्ष शीत ऋतु में भारी संख्या में प्रवासी पक्षियों के आगमन के कारण जन आकर्षण का केंद्र बन जाता है। देसी पक्षियों के बीच हजारों किमी दूर से आए प्रवासी पक्षियों के झुंड यहां आकर सागरों में डेरा जमाते हैं तो मझौली सागर की रमणीयता दोगुनी हो जाती है। मझौली सागर में प्रवासी पक्षियों की दर्जनों प्रजातियां आती हैं लेकिन इनमें सबसे ज्यादा संख्या लालसर की होती है।

सुर्ख लाल गर्दन वाली लालसर चिड़िया की जलक्रीड़ा का दृश्य मनोरम होता है। इन पक्षियों का मुख्य भोजन झील में उगने वाली शैवाल व अन्य वनस्पतियों में होती है। भोजन की तलाश में दूसरे देशों का सफर करने वाले प्रवासी पक्षी सर्दियां शुरू होते ही मझौली सागर में डेरा जमा लेते हैं। और गर्मी शुरू होते ही मेहमान परिंदे वतन लौट जाते।

मेहमान परिंदे विदेशों की झीलों में बर्फ जमने से उड़ान भरते हैं पक्षी प्रवासी पक्षी जाड़ों में इस क्षेत्र में इसलिए आते है कि उनके देश की झील, तालाब और नदियों की सतह पर बार्फ जम जाती है। ठिठुरा देने वाली ठंड के कारण इन पक्षियों का खाना बनने वाले जीव मर जाते हैं। भोजन की तलाश में प्रवासी पक्षी इस तरफ आना शुरू करते हैं। रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया की हर साल सर्दियों में इन प्रवासी पक्षियों के मूल निवास स्थलों में जब बर्फ का गिरना आरंभ होता है और इनका भोजन विभिन्न वनस्पतियां बर्फ से ढक जाती हैं तब ये पक्षी अपने भोजन की तलाश में चल देते हैं और सागरों में डेरा जमा लेते है।

## प्रभारी मंत्री जी जिले को लूटने से बचाने का प्रयास करे, खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार

**● रेता चोरी,भू माफियां मवेषी तस्कर, नषा कारोबारी जिले में चरमसीमा पर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बुढ़ार-** प्रदेष के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के पालक मंत्री जी से शहडोल जिले की भोली भाली जनता प्रार्थना कर जिले को लूटता न देखने या जिले को लूटाने से बचाने के लिए सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने संज्ञान में लेकर उम्मीद की गई है कि जिस तरह वर्तमान समय में शहडोल जिले में खुलेआम रातोदिन अवैध रेत का व्यापार रेत के इस कार्य में लिप्त लोगो द्वारा शासकीय कर्मचारियों के ऊपर वाहन चढ़ा देना मारपीट करना, आदत में हो चुका है, वहीं बाणसागर से लेकर शहडोल जिले की सीमा में मवेषी तस्कर पूर्ण रूप से हावी है, जिस पर कोई रोक नही, भू माफियों के इतने मनोबल बढ़े हुए है कि शासकीय जमीन का भी पट्टा बन रहा है वर्ष 2025 में ऐसी ऐसी रजिस्ट्रियां हुई है। जो कई साल पहले मर चुका है, उसके जगह दूसरा व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी रजिस्ट्री कराने का खेल चल रहा है। रेता चोरी इस कदर से हो रहा है कि जिला प्रषासन का खुला संरक्षण या मौन जनता को कुछ समझ में नही आ रहा गली गली नषा करोबारी हावी हैं, जिस पर जिलें के संभ्रांत नागरिको ने प्रभारी मंत्री जी से उम्मीद व आषा की है कि नैतिकता के साथ क्या भगवान राम के राज में इस तरह का काम होना उचित है। गलत गतिविधियों में लिप्त लोगों को खुला संरक्षण जिले में मिला है वर्तमान समय में शहडोल जिले में धान खरीदी में भारी गड़बड़ी चरमसीमा पर है जिला खाद्य अधिकारी एवं सहकारिता विभाग मूक दर्षक बना हुआ है। आषा है कि शहडोल जिले को लूटने से बचाने के लिए आपका प्रयास सराहनीय होगा।

## राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन ने पकड़े अवैध मौरंग के पांच ओवर लोड ट्रैक्टर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बा से टिकरी मार्ग पर गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने अवैध रूप से मौरंग ढोने वाले ट्रैक्टरों की धरपकड़ का अभियान चलाकर चलते पांच ओवर लोड अवैध मौरंग ट्रैक्टर पकड़े। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान कुछ ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई, साथ ही घटना स्थल पर सत्ता धारियों की धमाचौकड़ी भी चर्चा का विषय बनी रही है।

बताते चलें कि मौदहा क्षेत्र में मौरंग का अवैध कारोबार लंबे अरसे से चला आ रहा है।वहीं गुरुवार को एसडीएम के साथ ही तहसीलदार और नायाब तहसीलदार सहित पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान टिकरी मार्ग पर इन ट्रैक्टरों का धर-पकड़ अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में एक ओवर लोड ट्रैक्टर को कस्बा से बाहर टिकरी मार्ग पर पकड़ा गया। इसकी खबर लगते ही पीछे आ रहे चार अन्य ओवरलोड ट्रैक्टरों के चालकों ने अपने ट्रैक्टरों को सिजनौडा गांव से करहिया मार्ग में एक चकरोड में ले जाकर खड़ा कर दिया और मौके से फरार हो गए। इनका पीछा करते हुए अधिकारियों की टीम वहां पहुंच गई और खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों को ही इन ट्रैक्टरों का चालक समझ कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो इनसे विवाद की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि ग्रामीणों के उग्र रूप को देख ये अधिकारी बैकफुट पर आ गए। चकरोड में खड़े ट्रैक्टरों को निकालना अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ था फिर भी किसी तरह से इन ट्रैक्टरों को कस्बा की गल्ला मंडी में खड़ा कराया गया है जबकि एक ट्रैक्टर को कोतवाली परिसर में खड़ा कराया गया है। इस पूरे समय तमाम भाजपाइयों की धमाचौकड़ी और कई सफेदपोश नेताओं के फ़ोन अधिकारियों के मोबाइल में घन-घनाते रहे हैं। जो कि इस अवैध खेल को अंजाम देने वालों और सफेद पोश नेताओं के रिश्तों पर गहरा सवाल खड़ा कर रहा है।



# संक्षिप्त खबरें

## बिना जानकारी के दुकानदार पर सिम चालू करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राममिलन पुत्र वीरन यादव ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे दो-तीन दिन पहले जानकारी हुयी कि उसके नाम से किसी दुकानदार ने एक मोबाइल नम्बर की सिम धोखे से उसका अंगूठा लगवाकर व उसकी फोटो खींचकर चालू कर दी थी। जिसका नम्बर भी उसके पास है। उसकी जानकारी के बिना चालू किये गये सिम कार्ड को लेकर उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही करने की मांग की। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आई.टी. एक्ट की धारा 66 डी व बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान, 259 व्यक्ति व 125 वाहन जांचे

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा गुरुवार को प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों ने आमजन से सीधा संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन जांच की गई। तीन सवारी, बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा अन्य विधिविरुद्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जनपद के 17 स्थानों पर 259 व्यक्तियों एवं 125 वाहनों की जांच की गई। आमजन ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

## यातायात पुलिस का अभियान, 142 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड और बस स्टैंड पर सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, बिना हेलमेट, तीन सवारी और स्टंट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 142 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन को सीज किया गया।

## क्रिकेट टूर्नामेण्ट में कपूर इलेवन बनीं विजेता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में गुरूवार को रायल पैंथर व कपूर इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टूर्नामेण्ट में पहले बैटिंग करते हुए रायल पैंथर की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में उन्तालिस रन बनाये। रायल पैंथर टीम की ओर से सार्थक ने बारह व ललित ने तेरह रनों का योगदान दिया। जबाब में उतरी कपूर इलेवन की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया। कपूर इलेवनल पैंथर की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में उन्तालिस रन बनाये। रायल पैंथर टीम की ओर से सार्थक ने बारह व ललित ने तेरह रनों का योगदान दिया। जबाब में उतरी कपूर इलेवन की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया। कपूर इलेवनतिनिधि धर्मपाल गौतम, अजय मिश्र, प्रभाकर मिश्र, दीपक पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सतीश दुबे, अभय दुबे, कुलदीप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़ा कर जमीन को मकान दिखाकर दर्ज नाम को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने किया खारिज

**प्रतापगढ़।** चिलबिला निवासी बिंदु देवी पत्नी संतोष कुमार की जमीन को अपना मकान दिखाकर नगर पालिका में नया भवन नं 322/ख एवं 322/ग चिलबिला पूर्वी में दर्ज करा लिया था। जिसकी शिकायत बिंदु देवी ने जिलाधिकारी एवं नगर पालिका ईओ से की थी। जांच में बिंदु देवी द्वारा की गई शिकायत सत्य पाई गई। जांच में पाया गया कि अशर्फीलाल, रामलाल, मदनलाल सुतगण राजाराम और कंचन देवी पत्नी रामजी उमरवैश्य, नीलू पत्नी श्याम जी उमरवैश्य द्वारा नगर पालिका के समक्ष कूट रचित दस्तावेज व असत्य एवं भ्रामक सूचनाएं संप्रेषित करते हुए नियमों के प्रतिकूल आबादी की खाली जमीन को मकान दिखाकर नगर पालिका में भवन संख्या 322/ख, 322/ग दर्ज करा लिया है। आपत्तिकर्ता बिंदु देवी के द्वारा प्रस्तुत पृथक-पृथक शपथ पत्र आपत्तियों के क्रम में जांच अधिकारी राजस्व निरीक्षक एवं शासकीय अधिवक्ता सिविल द्वारा स्पष्ट अभिमत व राजस्व निरीक्षक की जांच में उपरोक्त द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा का खुलासा होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने डिमांड रजिस्टर से भवन संख्या 322/ख व 322/ग चिलबिला पूर्वी की समस्त प्रविष्टियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए कर निर्धारण को शून्य घोषित करने का आदेश पारित किया गया है।

# मानसून से पहले बाढ़ सुरक्षा को लेकर प्रशासन व विधायकों की संयुक्त पहल

## ●तटबंध सुरक्षा, नाला सफाई व संवेदनशील ग्रामों पर डीएम-विधायकों की अहम बैठक

## बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए बनाई गई विस्तृत कार्ययोजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** – आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाढ़ से होने वाली संभावित क्षति को न्यूनतम करना तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान जनपद के सभी तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। बाढ़ से प्रभावित होने वाले संवेदनशील ग्रामों की सूची विधायकों द्वारा उपलब्ध कराई गई, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर जिला स्तरीय कार्ययोजना में शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड द्वारा जानकारी दी गई कि जनपद में कुल 04 तटबंधों पर स्थित 30 गैप के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। इन सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर मानसून से पूर्व पूर्ण किए जाने की योजना है, ताकि बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

विधायकों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील ग्रामों की सूची उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन ग्रामों को विशेष प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य समयबद्ध रूप से कराए जाएं। बैठक में नालों की सिल्ट सफाई को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। जनपद के विभिन्न पहाड़ी नालों पर कुल 21 सिल्ट सफाई कार्य चिन्हित किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 231 किलोमीटर है। विधायकों द्वारा जलनिकासी एवं सिल्ट सफाई से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों को भी कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बाढ़ के दौरान जलनिकासी को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर सायफन निर्माण का निर्णय लिया गया, जिससे जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को मानसून से पूर्व गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए तथा बाढ़ राहत एवं बचाव से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद प्रशासन बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह सतर्क है और जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड बृजेंद्र तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### थानाक्षेत्र जायस जनपद अमेठी अन्तर्गत एक व्यक्ति का शव मिलने से संबंधित घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा किया गया निरीक्षण



**अमेठी।** थाना जायस जनपद अमेठी अंतर्गत ग्राम मौजमगंज के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से संबंधित स्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा निरीक्षण किया गया । मृतक की पहचान विजय सिंह पुत्र बेनी माधव सिंह निवासी 67 चौक धर्मशाला वार्ड कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में हुई । पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा प्रकरण के संबन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु थानाध्यक्ष जायस को निर्देशित किया गया । घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

# किसानों पर कहर: पहले बाढ़, अब नहर विभाग की लापरवाही

## ●100 एकड़ फसल जलमग्न, दो मौसम की मेहनत पानी में डूबी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तुलसीपुर/बलरामपुर।** ग्राम पंचायत लोहे पनिया के किसानों पर प्रकृति और प्रशासन दोनों का कहर टूट पड़ा है। बरसात के दौरान आई बाढ़ से खरीफ की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी थी, और अब नहर विभाग की घोर लापरवाही के चलते नहर फूटने से रबी की फसलें भी तबाह हो गईं। लगातार दूसरी बार फसल नष्ट होने से किसान आर्थिक बदहाली की कगार पर पहुंच गए हैं। नहर में लगे फाटक को समय रहते न खोले जाने से पानी का दबाव बढ़ा और नहर टूट गई। देखते ही देखते करीब 100 एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। गेहूं, लाही, मसूर, चना और मटर की



खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

**प्रशासन पर सवाल उठाती खबर (जांच की मांग)**

नहर फाटक नहीं खोला गया, टूट गई नहर–किसानों की फसल डूबी पहले बाढ़ में खरीफ गई, अब रबी भी पानी में समाई ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि नहर विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। यदि समय पर फाटक खोल दिया जाता तो पानी का दबाव कम हो जाता और नहर टूटने से बच जाती। किसानों ने बताया कि विभाग को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचना जरूरी नहीं समझा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्युतीकरण एवं फर्नीचर से संतृप्त विद्यालयों के बारे में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं ष्टस्क्रके माध्यम से सहयोग प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया गया तथा नगरीय क्षेत्रों में शौचालय एवं मूत्रालय से असंतृप्त विद्यालयों की सूची जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए उक्त विद्यालयों में नगर पंचायत /नगर पालिका आदि के



माध्यम से शौचालय का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया गया। समीक्षा के दौरान आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई।

बेसिक शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा, मध्यान भोजन के अंतर्गत विभिन्न मदों में आवंटित धनराशियों को ससमय सम्बंधित विद्यालय तथा रसोइया के खातों में प्रेषण की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही समस्त विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, समस्त खंड शिक्षाधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# अमेठी से स्मृति ईरानी का रिश्ता और गहरा, बनीं अमेठी की स्थायी मतदाता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से अपने जुड़ाव को एक नया और ठोस आधार दे दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) 2026 के अंतर्गत जारी की गई नवीन मतदाता सूची में उनका नाम अमेठी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता के रूप में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही स्मृति ईरानी अब औपचारिक रूप से अमेठी की स्थायी मतदाता बन गई हैं।इससे पहले अमेठी में आवास निर्माण के जरिए उन्होंने क्षेत्र से अपने व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों को मजबूती दी थी। अब मतदाता सूची में नाम दर्ज होने को राजनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम माना जा




रहा है। यह निर्णय यह दर्शाता है कि स्मृति ईरानी का अमेठी से रिश्ता केवल चुनावी या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब वह स्थायित्व और जमीनी जुड़ाव का रूप ले चुका है।

स्थानीय राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को एक मजबूत राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि अमेठी में मतदाता बनने का फैसला न सिर्फ उनके भावनात्मक लगाव को दर्शाता है, बल्कि भविष्य की राजनीतिक रणनीति और भूमिका की ओर भी संकेत करता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुकी स्मृति ईरानी का अमेठी में स्थायी मतदाता बनना क्षेत्रीय राजनीति को नई दिशा दे सकता है। यह कदम अमेठी को एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाने की क्षमता रखता है।कुल मिलाकर, स्मृति ईरानी का अमेठी की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर महत्व रखने वाला राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है, जिसका प्रभाव आने वाले समय में स्थानीय और राष्ट्रीय राजनीति दोनों पर देखने को मिल सकता है।

# आर.सी.सी. कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी, बस्ती में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के आर.सी.सी. कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी, गनेशपुर बस्ती परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रकृति के संरक्षण का संदेश देना रहा। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ संदेश कॉलेज के माननीय चेयरमैन इंजिनियर शैलेश चौधरी जी द्वारा प्रेषित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संदेश प्रेषित मे कहा कि 'वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक पौधा लगाना भविष्य की



पीढ़ी को सुरक्षित जीवन देने जैसा है।' उन्होंने अपने संदेश मे छात्रों से आह्वान किया कि वे केवल पौधा लगाकर ही नहीं, बल्कि उसके संरक्षण का भी संकल्प लें कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) के के गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि 'शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व निभाना भी उनका कर्तव्य है। पौधरोपण जैसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ' कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण जीशान सर, सुहेल सर, अजय सर, सुधांशु सर, जूही मेम, वसीम सर, अंशुमान सर, अभूदय पाण्डेय सर, अभय सर, शशांक सर, इन्द्रेश सर, अंकित सर,पंकज सर ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि 'हर विद्यार्थी यदि वर्ष में एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। 'इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं अन्य स्टॉफ महेश पाण्डेय , बृजेश पाण्डेय , जयबिंद, रंजू, रवि व प्रेमदास की सहभागिता रही। अंत में सभी ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली।

# सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव पर उठे सवाल, पैड के दुरुपयोग का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य और महामंत्री मनसाराम चौधरी ने मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पत्र में संघ की चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप बताया गया है। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ संघ और सफाईकर्मी विरोधी तत्व पूर्व मंत्री मनोज कुमार चौहान को भ्रम में रखकर उनके हस्ताक्षर तथा संघ के पैड का दुरुपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कथित अधिवेशन की तिथि घोषित किए जाने की बात भी कही जा रही है, जो नियमों के विरुद्ध है।

पत्र सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य और महामंत्री मनसाराम चौधरी ने कहा कि पूर्व मंत्री द्वारा संघ के पैड का दुरुपयोग किया जाना विधि विरुद्ध है। आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा इस



प्रकार की गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गौतम और महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव को अवगत करा दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव अधिकारी रणजीत कुमार गौतम की देखरेख में संपन्न कराई गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव पर सवाल खड़े करने वाले लोग संघ और सफाई कर्मचारियों के हितैषी नहीं हैं। संघ पदाधिकारियों ने मांग की है कि संघ के पैड के दुरुपयोग और कथित अधिवेशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

## वीबी-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार के लिए ऐतिहासिक कदम: कमलेश पासवान

**देवरिया।** केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान ने विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नए अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। रोजगार न मिलने की स्थिति में ॅर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नए अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। रोजगार न मिलने की स्थिति मेंनियम ग्रामीण रोजगार, पारदर्शिता और आजीविका सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### कालाजार उन्मूलन: आशा करेंगी घर-घर रोगियों की खोज

**देवरिया।** कालाजार उन्मूलन अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथरदेवा में आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर सक्रिय कालाजार रोगी खोज अभियान के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने की। डीएमओ ने बताया कि आशा कार्यकर्ता प्रतिदिन 50 घरों में जाकर दो सप्ताह से बुखार से पीड़ित संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। संदिग्ध रोगियों को शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किया जाएगा, ताकि सम जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने की। डीएमओ ने बताया कि आशा कार्यकर्ता प्रतिदिन 50 घरों में जाकर दो सप्ताह से बुखार से पीड़ित संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। संदिग्ध रोगियों को शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किया जाएगा, ताकि सम तथा आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## ठंड के प्रकोप को देखते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती ने भूअर गांव में जरूतमंदों में कंबल वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती भयंकर शीतलहर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती ने भूअर गांव में जरूतमंदों में कंबल, बिस्किट, जैसी राहत सामग्री बांटकर मानवता का परिचय दिया। सचिव रंजीत श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में कुछ ना कुछ कार्य करती रहती है। हर व्यक्ति को समाज में आगे आकर मानवता का परिचय देना चाहिए, इस भयानक शीतलहर में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर एक छोटी सी मदद की गई है, जिससे किसी व्यक्ति की ठंड की वजह से जान न जाये, इसी कड़ी में आज लगभग 110 कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक व सोसाइटी के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ओझा ने कहा कि सोसाइटी लगातार जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल वितरण करायेगी।



उपसभापति डा. एल के पांडे ने कहा कि मानवता ही सर्वोपरि है, रेडक्रॉस सोसाइटी लगातार निस्वार्थ भाव से कर रही है। सभापति डॉक्टर प्रमोद चौधरी ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए लोगों में विश्वास जताया की रेडक्रॉस सोसाइटी की संपूर्ण टीम उनके साथ सदैव खड़ी है। कार्यक्रम मे समाजसेवी अजय चौहान ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सक्रिय सदस्य रणविजय सिँह, लक्ष्मी अरोरा, समाजसेवी संध्या दीक्षित, मधु मिनोत्रा, ने कंबल बॉटने मे भरपूर सहयोग किया।

# हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की एकता है -राजीव नयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर** – जिले के बर्डपुर स्थित बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से हजारों स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया । सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन दीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन युवराज ने तथा अध्यक्षता राजेश शर्मा ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पूज्य कौशलेंद्र गिरी महाराज रहे । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने हिन्दू एकता के साथ ही आपसी समन्वय और अपने धर्म संस्कृति की रक्षा करने पर बल दिया । उन्होंने जाति पात के आधार पर बिखर रहे हिंदू समाज को सनातन की रक्षा हेतु एक होकर एकजुट होने का आह्वान किया । उन्होंने शशक्त एवं समर्थ नव भारत के निर्माण हेतु हिन्दू समाज के संगठित होने को अनिवार्य बताया । वहीं इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में राजीव नयन ने भी समस्त हिंदू समाज को एकजुट होकर देश की उन्नति में सहभागी बनने का आह्वान



करते हुए कहा कि देश के हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की एकता है । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगठित एवं सशक्त समर्थ हिंदू समाज को कोई भी बाहरी शक्ति प्रभावित नहीं कर सकती । हिंदू की शक्ति से ही सनातन की शक्ति बढ़ेगी । पूर्व में कुछ आक्रांताओं द्वारा हिन्दू समाज पर हुए अत्याचार एवं अन्याय को याद दिलाते हुए उन्होंने सभी से एक होकर रहने की अपील की ताकि कोई भी अन्यायी आगे कभी हिन्दू समाज को आँख न दिखा सके । उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि हिंदुत्व व हिंदू समाज किसी के भी प्रति द्वेष की भावना को नहीं सिखाता बल्कि वह राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधकर मानवता को जागृत करने की दिशा मे कार्य करता है। इस दौरान राष्ट्रीय




स्वयंसेवक संघ के विभाग सह कार्यवाहक हरिश्चंद्र अग्रहरि, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, हिन्दू जागरण मंच के राजदेव सहित नितेश पाण्डेय, अमित उपाध्याय, फूलचंद्र जायसवाल, विजय जायसवाल, अजय उपाध्याय, अरविन्द उपाध्याय, राजकमल जायसवाल, आनंद चौधरी, रंजीत कुमार, सबलू साहनी, दीपक मौर्य,ओम प्रकाश यादव, दिलीप कुमार, गणेश जायसवाल, राजकुमार चौधरी, वीरू कन्नौजिया, गणेश जायसवाल, दीपक जायसवाल,संदीप मोदनवाल, पुनीत जायसवाल, मनीष कुमार, राकेश मिश्रा, सतीश जायसवाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, आशीष गिरी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# छुटे हुये छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन करने का 14 जनवरी तक मिला पुनः अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छुटे हुए छात्रों को छात्रहित में छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन करने का 14 जनवरी 2026 तक पुनः अवसर मिला है। उन्होने बताया है कि 17 जनवरी तक छात्र छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सबमिशन एंव प्रिंन्टआउट, 21 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा करना, 27 जनवरी तक छात्र छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना,10 फरवरी से 13 फरवरी तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों/संस्था के स्तर से सही करना तथा 18 फरवरी तक छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा।

# देव हेल्थी हल्दी पाउडर ब्राण्ड का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया के किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विकास खण्ड भाटपार रानी एवं बनकटा क्षेत्र में हल्दी उत्पादक किसानों द्वारा उत्पादित हल्दी की प्रोसेसिंग व पैकिंग कर विक्रय की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में जमुना सिंह फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से तैयार किए गए हल्दी पैकिंग ब्राण्ड 'देव हेल्थी हल्दी पाउडर' का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने किया। सीडीओ ने किसानों से संवाद कर हल्दी की खेती व विपणन की संभावनाओं पर चर्चा की। एफपीओ के सीईओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय हल्दी की गुणवत्ता व सुगंध उत्कृष्ट है, जिसकी मांग स्थानीय व पड़ोसी मंडियों में है। सीडीओ ने ब्राण्ड पंजीकरण, एफएसएसएआई एवं एगमार्क से संबंधित कार्यवाही में सहयोग के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त खबरें

## मजदूरी न मिलने से परेशान मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुरः-** ग्राम विकास योजना अन्तर्गत लगभग चार महीने मजदूरी करने के बाद मजदूरी नहीं मिलने से परेशान मजदूरों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मजदूरी दिलाए जाने की गुहार लगाई है। मौदहा विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी रामदास के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन से अधिक मजदूरों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि उन्होंने ग्राम विकास योजना के तहत कुनेहटा गांव में वर्ष 24-25में लगभग चार महीने मजदूरी की थी जिसकी मजदूरी लगभग सवा दो लाख रुपये से अधिक होती है लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव हमारी मजदूरी नहीं दे रहे हैं जिससे हमारे परिवार परेशानी में आ गए हैं।लेकिन ग्राम प्रधान अब मजदूरी देने से मुकर रहा है। पीडितों ने मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है। इस दौरान शोभा, रामजनकी, रिंकू, कंचन, रामदास, कमलेश, जगरूप सहित दर्जनों मजदूर मौजूद रहे।

## ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने का प्रयास करने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन):** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरी में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीण अवधेश कुमार, कृष्ण बिहारी, ठाकुरदास, श्रीराम, सरी, ज्ञान किशोर आदि ने गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में ग्राम सभा की हरिजन आबादी की जमीन पर गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर मकान बनाने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर उक्त लोग लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हैं। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने मामले को लेकर एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की हुई बैठक

### जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों पर कृत कार्यवाही की हुई समीक्षा



**उरई (जालौन):** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक में समिति सदस्यों की उपस्थिति में वर्ष 2022 से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं प्रस्तुत प्रस्तावों पर की गई कृत कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सभापति किरण पाल कश्यप को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया। बैठक में सभापति ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं प्रस्तावों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रकरण की प्रगति से समिति को नियमित रूप से अवगत कराया जाए जिससे शासन स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। सभापति ने आगामी बैठक को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों को पूर्ण तैयारी, अद्यतन अभिलेखों एवं तथ्यात्मक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अनुसचिव एवं समिति अधिकारी विनोद यादव, प्रतिवेदक बृजेश यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, अपर निजी सचिव अभिनव यादव, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नाम करेक्शन की झाम में फंसा आम मतदाता

● ड्राफ्ट मतदाता सूची में पिता का नाम अधूरा।

**संशोधन कराने के लिए चाहिए परिवार रजिस्टर की नकल व पैनकार्ड, स्कूल सर्टिफिकेट।**

**मतदाता को लगाने पड़ेंगे तहसील व ब्लाक मुख्यालय के चक्कर, खर्च होगा पैसा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** एक पखवारा पहले भरे गये एस आई आर फार्मों के बाद वर्तमान में जारी हुई ड्राफ्ट मतदाता सूची में बहुत सारी त्रुटियां हैं जिन्हें सही कराने के लिए आम मतदाता को बेवजह पैसा खर्च कर तहसील व ब्लाक मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ेंगे।

सरकार द्वारा नियुक्त बीएलओ द्वारा एस आई आर फार्म भरवाने के बाद मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर इन दिनों जारी हुई पुनरीक्षित मतदाता सूची में आगामी 6 फरवरी तक आपत्ति दर्ज कराने तथा ड्राफ्ट सूची में नाम, संबन्धी का नाम,आयु, लिंग,भाग संख्या व क्रमांक तथा मकान नम्बर आदि को सही करवाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। 150 सेवता विधानसभा अन्तर्गत बूथ संख्या 265 की जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में क्रम संख्या 85 व 87 पर दर्ज क्रमशः प्रशांत श्रीवास्तव वोटर आईडी नम्बर ढ्ढ1945435 व रजत श्रीवास्तव वोटर आईडी नम्बर ढ्ढ2002988 दोनों के पिता का नाम अधूरा छपा है। इस बारे में जब बीएलओ सुनीता वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने एस आई आर फार्मों के अनुसार सब कुछ सही सही लिखकर तहसील में स्थित वोटर फार्म रजिस्ट्रेशन कार्यालय भेजवाया था अब पता नहीं किसकी गलती से ऐसा हुआ।आप निर्वाचन कार्यालय में शिकायत दर्ज करावें अथवा संशोधन के लिए दो आई




डी जिसमें परिवार रजिस्टर की नकल व मतदाता का पैनकार्ड लाकर फार्म 8 भरना पड़ेगा तभी संशोधन सम्भव हो सकेगा।

गलती निर्वाचन कार्यालय में लगे कर्मचारियों की और परेशान आम मतदाता। मतदाता की सुनने वाला कोई नहीं। परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने होंगे तथा पैन कार्ड भी बनवाना पड़ेगा जिसमें अनावश्यक पैसा खर्च होंगे और परेशानी भी उठानी पड़ेगी। इसी प्रकार कई अन्य लोगों के नामों में गलतियां हैं।एक ही मकान नम्बर में रहने वाले लोगों के नाम सूची में अन्य जगहों पर अंकित होने से भी मतदाता परेशान हैं।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी की जिला उपाध्यक्ष ने सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख (सीतापुर)** कांग्रेस कमेटी की जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने आज तहसील चौराहा पर स्थित डा. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास एक दिवसीय उपवास रखकर मनरेगा रोजगार गारंटी अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित 3 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र को देकर पुनर्विचार किए जाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में आरोप है । कि मनरेगा योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के श्रम, स्वावलंबन, ग्राम स्वराज और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों का संवैधानिक रूप है। इस अधिनियम से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने का प्रयास करना गांधी वादी विचारधारा का अपमान है। इस लिए ज्ञापन में मांग की गई है। कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने संबंधी प्रस्ताव/निर्णय पर पुनः विचार



किया जाय। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और विचारों से जुड़े इस अधिनियम को अक्षुण रखा जाय। ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों और सम्मान की संवैधानिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करने पर मजबूर हो जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव मिश्रा, जिला सचिव अक्षय श्रीवास्तव, दिलेर सिंह, मोहम्मद शकील खां, रामविलास राठौर, अंकित कुमार, सरोजिनी, शिखा, सरिता, सूरज, गंगा देवी सहित आधा सैकड़ा तक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाके से बाइक की पार, वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**उरई (जालौन):** कोतवाली क्षेत्र के कालपी बस स्टैंड पर स्थित बनारसी स्वीट और शराब ठेका के नजदीक दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक बेखौफ होकर पहले आसपास नजर दौड़ाता है और फिर महज कुछ सेकंड में बाइक का लॉक तोड़कर उसे स्टार्ट कर मौके से फरार हो जाता है। चोर को न किसी का डर नजर आता है और न ही पुलिस का खौफ। घटना में पीड़ित व्यक्ति द्वारा घटना की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दर्जी एवं लोहार ट्रेड हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाज़ार रायबरेली के सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं लोहार ट्रेड हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अग्रणी जिला प्रबंधक रूपेश दुबे, उप-प्रधानाचार्य राजकीय आई.टी.आई. राजकुमार मौर्य एवं कौशल विकास मिशन के एम.आई.एस. प्रबंधक राजीव कुमार सिंह व वंदना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

तदोपरांत प्रशिक्षणदायी संस्था उ.प्र. डिज़ाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के प्रशिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूप-रेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित राजकीय आई.टी.आई के उप प्रधानाचार्य राजकुमार मौर्य द्वारा उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना उ.प्र. सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त लाभार्थी अपना स्वरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सकता है। अग्रणी जिला प्रबंधक रूपेश दुबे द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षणोंपरांत स्वरोजगार करने हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। समारोह में कौशल विकास मिशन के एम.आई.एस. प्रबंधक राजीव कुमार सिंह एवं वंदना द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए।

अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना में प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभार्थी उन्नत टूलकिट प्राप्त करते हुए अपना उद्यम स्थापित करते हुए स्वावलंबी बन सकते हैं एवं राष्ट्र एवं समाज की प्रगति में सकारात्मक योगदान करते हुए दूसरों के किये भी प्रेरणा स्त्रोत बन सकते हैं। कार्यक्रम में उ.प्र. डिज़ाइन एवं शोध संस्थान लखनऊ के प्रशिक्षक ऋतु सिंह, जूही जायसवाल, कुलदीप प्रकाश एवं त्रिभुवन नाथ उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रायबरेली के वरिष्ट सहायक, अभिषेक बाजपेयी द्वारा किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रायबरेली में दर्जी ट्रेड के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 का उन्नत टूलकिट का वितरण भी किया गया।

## सपा नेता मनीषदेव पाल की होल्डिंग फाड़े जाने पर भड़के समर्थक

● अहिल्या आर्मी ने एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के युवा नेता मनीष देव पाल की शुभकामना होल्डिंग्स फाड़े जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना को लेकर अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अहिल्या आर्मी के पदाधिकारी अरविंद पाल ने बताया कि मनीष देव पाल समाजवादी पार्टी के उभरते हुए युवा नेता हैं। जिन्हें क्षेत्र के युवाओं के साथ साथ समाज के हर वर्ग का व्यापक समर्थन मिल रहा है। नव वर्ष और त्योहारों के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देने के लिए विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर होल्डिंग्स लगाई गई थीं। जिन्हें अराजक तत्वों ने जानबूझकर फाड़ दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना बाल्हेमऊ, लालगंज नगर, रसूलपुर, सरेनी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में एक साथ कई स्थानों पर होल्डिंग्स को नुकसान पहुंचाया गया। इससे यह साफ हो रहा है कि यह कृत्य सुनियोजित है। इस



घटना से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में सुधांशु, दिव्यांशु, बचोले ठाकुर प्रसाद मोनू पाल, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अलाव की संख्या न बढ़ने पर कांग्रेस कार्यकर्ता 12 जनवरी से करेंगे अनशन

● कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दी चेतावनी, ईओ पर लगाए आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** गलन भरी ठंड में नगर पालिका द्वारा अलावों की संख्या न बढ़ाए जाने और ईओ पर डीएम के आदेशों की अवहेलना किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि पूर्व की तरह ही अलावों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो आगामी 12 जनवरी से अनशन किया जाएगा। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित एवं नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उक्त लोगों ने कहा कि पूर्व के वर्षों की तरह ही गलन भरी ठंड में नगर के अंदर अलाव जलवाए जाने की मांग उन्होंने कई मर्तबा की है लेकिन ईओ द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में राहगीरों, दुकानदारों, कामगारों सहित गरीब वर्ग के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पूर्व में करीब 200 स्थानों पर अलाव जलवाए जाते रहे हैं लेकिन वर्तमान समय में मात्र 23 स्थानों पर ही अलाव जलवाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गत रोज डीएम ने रात्रि भ्रमण के दौरान ईओ को साफ निर्देश दिए थे कि पूर्व के वर्षों में जितने अलाव जलते थे उतने तो जलवाए ही जाएं, पालिका विस्तार क्षेत्र सहित जरूरत के स्थानों पर भी अलाव

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

जलवाए जाएं। लेकिन डीएम के आदेशों की भी खुली अवहेलना की जा रही है। कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 11 जनवरी तक अलावों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो मजबूर होकर 12 जनवरी से अनशन करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान कासिम अहमद मंसूरी, रज्जाक अंसारी, नवल किशोर जाटव, नफीस अहमद, राघवेंद्र सिंह, निर्मल आदि मौजूद रहे।

## पत्नी द्वारा आत्महत्या किये जाने के उपरांत पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजीपुर जनपद के बरेसर पुलिस ने गुरुवार की सुबह पत्नी द्वारा आत्महत्या किये जाने के मायके पक्ष द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पति पंकज राम पुत्र जनार्दन निवासी खारा बरेसर को खारा गेट के सामने से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी धिरेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया की बिते शनिवार की रात्रि पंकज की पत्नी का शव पंखे से लटकते हुए मिला था। जिसका अगले दिन रविवार को शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पुलिस ने बताया की मृतका के घर वालों ने पति पंकज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए उकसाने के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसके आधार पर पुलिस टीम पंकज की तलाश कर रही थी। मुखबिर द्वारा सूचना मिलने के उपरांत गुरुवार की कल सुबह ही उसके अपने गांव खारा से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके उपर मु0अ0सं0 05/2026 धारा 85, 115(2), 351(3),108 बी0एन0एस0 दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सोनकर, चालक कां चंदन कुमार, हेड कांस्टेबल गोबिंद सिंह, कांस्टेबल संतोष कुमार मौर्य, कांस्टेबल अतुल यादव शामिल थे।

## हिंदू समाज की एकता और जागरूकता से ही राष्ट्र सशक्त होगा:- मनोज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर** देवकालिया मंडल में आयोजित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख मनोज ने कहा कि हिंदू समाज की एकता और जागरूकता से ही राष्ट्र सशक्त होगा उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया।

संत पवन दास जी महाराज ने अपने संबोधन में धर्म, संस्कार और सेवा को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि आध्यात्मिक चेतना से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। मातृशक्ति के रूप में उपस्थित शिव साधिका साधना दीदी ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और समाज की दिशा तय करने में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता होलीराम यादव ने की कार्यक्रम में दीपक शुक्ला, ऋतुराज सिंह, महानारायण वर्मा, चंदन रस्तोगी, रूपेश अवस्थी, नंदकिशोर शास्त्री, उमेश चंद्र यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद, सीतापुर में सामाजिक विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ.राजेंद्र सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर के मार्गदर्शन में माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का सामाजिक विज्ञान विषय के प्रभावी शिक्षण हेतु आयोजित तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 05/01/2025 से 07/01/2025 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, डिजिटल संसाधनों और अधिगम परिणाम आधारित शिक्षण से परिचित कराना रहा।

प्रशिक्षण में संदर्भदाताओं ने इतिहास, भूगोल,अर्थशास्त्र और नागरिकशास्त्र की कठिन अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से पढ़ाने के विभिन्न उपाय बताए। इसके साथ ही एक्टिव लर्निंग, समूह कार्य, रोल प्ले, केस स्टडी और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण जैसे नवाचारों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को ढ्ढष्ट्ठ आधारित शिक्षण–जैसे DIKSHA ऐप, स्वयंप्रभा ऐप।, ई-पाठशाला, डिजिटल प्रेजेंटेशन, वर्चुअल लैब और ऑनलाइन क्विज़–का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे कक्षा-कक्ष में आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग कर सकें। मूल्यांकन प्रक्रिया में सुधार के लिए शिक्षकों को अधिगम परिणाम आधारित मूल्यांकन, प्रश्न निर्माण तकनीक और प्रारूपिक मूल्यांकन की रणनीतियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में सहभागियों ने सक्रिय रूप से समूह गतिविधियों, चर्चा, मॉडल प्रस्तुति और माइंड मैपिंग जैसे अभ्यासों में भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में नोडल डॉ0 रश्मि सिरोही ने शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि



यह कार्यक्रम बच्चों के सीखने की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक विज्ञान के शिक्षण को नवीनतम शिक्षण विधियों के उपयोग एवं स्थानीय परिवेश से जोड़कर और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। संपूर्ण प्रशिक्षण को सफल बनाने में संदर्भदाता टीम श्री शुभम मिश्रा, श्री आफताब अहमद, श्री हिमांशु कुमार एवं कार्यालय स्टाफ और सभी प्रतिभागी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**डलमऊ रायबरेली-** ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रूपेश दुबे, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रायबरेली ने की। बैठक के दौरान एसएचजी सीसीएल लिंकिंग पर चर्चा की गई।बैठक में बैंकिंग क्षेत्र की विभिन्न विषयों पर चर्च की गई ग्रामीण बैंक की विभिन्न शाखाओं में अभी कुछ ऋण पत्रावलियां लंबित हैं। इसके अलावा अंबेडकर योजना पर भी विचार-विमर्श हुआ।

एलडीएम ने बताया कि पिछले माह जिले की रैंकिंग में गिरावट आई है। जिन शाखाओं ने सीएम युवा योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 6 से कम ऋण दिए हैं, उन्हें लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। एलडीएम ने यूपीजीबी को कार्य में तेजी लाने की सलाह दी। इसके बाद, जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) वित्तपोषण, पीएमएफबीवाई प्रीमियम की समयसीमा (जो अब 15 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है) पर जोर दिया। उन्होंने केसीसी पशुपालन, केसीसी मत्स्य पालन तथा एमएसएमई ऋणों की गति बढ़ाने पर भी बल दिया।

कार्यशाला के दौरान डीडीएम ने एग्रीक्लिनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर (ACABC) योजना, पी एम एफ एम ई परियोजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर जानकारी दी।

बैठक में वित्तीय साक्षरता केंद्र, क्रिसिल फाउंडेशन की टीम (जगतपुर केंद्र) के वीरभान सिंह एवं हरीश सिंह भदौरिया भी उपस्थित रहे। एलडीएम ने शाखा प्रबंधकों को क्रिसिल फाउंडेशन की टीम के साथ जुड़कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं धोखाधड़ी रोकथाम में बेहतर कवरेज सुनिश्चित करने की सलाह दी। बैठक में रवि शंकर जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड एवं ब्लॉक स्तरीय एनआरएलएम अधिकारी, बैंक शाखा प्रबंधक तथा क्रिसिल सीएफएल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## गेहूं की फसल बखर के नष्ट कर देने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**कोंच(जालौन):** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोव निवासी एक व्यक्ति ने उसके खेत में गेहूं की फसल बखर के नष्ट कर देने की पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गुरुवार को घनाराम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 2 जनवरी को गांव के ही एक व्यक्ति ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके परिवार की महिलाओं संग गाली गलौज की थी। उसने मौके पर पुलिस बुलाई थी तो गुस्से में आकर उक्त व्यक्ति उसे बर्बाद कर देने की धमकी देकर मौके से भाग गया था। बीती 7 जनवरी को उक्त व्यक्ति ने उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल बखर दी जिससे उसकी दो बीघा की फसल नष्ट हो गई और उसे 50 हजार रुपए का नुकसान पहुंचा है। मामले को लेकर घनाराम ने पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

## सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन, विजेताओं का हुआ सम्मान

● ......शतरंज में अधिवक्ता धीरेन्द्र पाण्डेय और कैरम में अधिवक्ता प्रभात श्रीवास्तव बने विजेता, राज्य कर भवन में आयोजित हुआ पुरस्कार वितरण समारोह।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** गुरुवार को राजधानी लखनऊ के मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर भवन में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। शतरंज और कैरम प्रतियोगिताओं में अधिवक्ताओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया, जहां रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। शतरंज प्रतियोगिता में अधिवक्ता धीरेन्द्र पाण्डेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कैरम प्रतियोगिता में अधिवक्ता प्रभात श्रीवास्तव विजेता घोषित हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बार



काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केवल विजेताओं ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिवक्ता परितोष शर्मा एवं अधिवक्ता सुमित बाजपेई को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मीडिया से बातचीत करते हुए महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने बताया कि संघ द्वारा प्रतिवर्ष क्रिकेट, शतरंज एवं कैरम जैसी खेल



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे अधिवक्ताओं को व्यस्त वकालती जीवन के बीच मानसिक तनाव से राहत मिले और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को मजबूती मिले। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री संजय मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित अधिवक्ता साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ता अश्मा हासिम, सुरेंद्र यादव, राजेश गौतम, मोहम्मद सलीम, संजय यादव, अखिलेश शुक्ला, अनिल सिंह, अंजनी वर्मा, कैसर अब्बास, सुनील गुप्ता, पुनीत पाण्डेय, बाल कृष्णा चौधरी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना कैलिया का किया निरीक्षण, जांचे अभिलेख

**कोंच(जालौन):** पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने गुरुवार को कोंच सर्किल के थाना कैलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों एवं एचएस इंडेक्स का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों का ठीक ढंग से रखरखाव करने और लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों की धरपकड़ करने, छोटे छोटे विवादों और महिलाओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही करने, रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई की भी स्थिति देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में अमानवीय बर्बरता का अंतहीन सिलसिला कब तक?



बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदायों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। सोमवार को देर रात एक हिंदू दुकानदार मोनी चक्रवर्ती की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जो पिछले 24घंटों में इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले राणा प्रताप बैरागी नाम के युवक को जान से मार डाला। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। हिंदुओं के साथ की जा रही बर्बरता भरी हिंसा के खिलाफ पश्चिमी देशों और कथित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन शर्मनाक चुप्पी साधे हुए हैं क्या हिन्दुओं के लिए कोई संवेदनशील नहीं है? आपको बता दें 5जनवरी को रात नरसिंदी जिले के पोलाश उपजिला के चोर्सिंदूर बाजार में किराना दुकान चलाने वाले हिंदू व्यापारी मोनी चक्रवर्ती पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल मोनी को अस्पताल ले जाते समय ही मौत हो गई। तो वहीं, परिवार का कहना है कि मोनी का किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं था। वे शांत स्वभाव का था उनकी पत्नी अंतरा मुखर्जी हाउसवाइफ है और उनका 12वर्षीय बेटा अभिक चक्रवर्ती है।इसी दिन जेस्सोर जिले में एक अन्य हिंदू कारोबारी 38 वर्षीय राणा प्रताप बैरागी की सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी, जो एक स्थानीय पत्र के कार्यवाहक संपादक भी थे। आप जानते है कि इन दिनों बांग्लादेश में कट्टरपंथी उन्मादी हिन्दुओं के खिलाफ खून खराबा कर रहे हैं।बांग्लादेश में जून, 2024 में शेख हसीना की सरकार के विरुद्ध आरक्षण और नौकरियों आदि में भेदभाव जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों द्वारा शुरू किए गए आंदोलन के 3 महीनों बाद अंततः 5 अगस्त, 2024 को शेख हसीना को गद्दी छोड़नी पड़ी और तब से उन्होंने भारत में ही शरण ले रखी है। 'शेख हसीना' के भारत आने के बाद सेना ने जब 'मोहम्मद यूनुस' को देश की सत्ता सौंप दी तो उम्मीद थी कि शायद वह उदारवादी रवैया अपना कर देश में व्याप्त असंतोष दूर करने और वातावरण सामान्य बनाने में सहायता करेंगे। आशा के विपरीत 'मो. यूनुस' ने देश की पाठ्य पुस्तकों से बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम और बंग बंधु शेख मजीबुर्रहमान से संबंधित अध्याय निकाल देने का आदेश जारी करके देश के मुक्ति संग्राम का इतिहास मिटाने की कोशिशें शुरू कर दीं और सैंकड़ों आतंकवादियों को जमानत देकर या उनके विरुद्ध आरोप वापस लेकर उन्हें जेलों से बाहर कर दिया है। सेना और कट्टरपंथियों के दबाव में आकर यूनुस प्रशासन ने देश में 12 फरवरी, 2026 को चुनाव करवाने की घोषणा की है। इसके साथ ही यूनुस ने शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाकर उसे क्रियात्मक रूप से चुनावों में भाग लेने से रोक दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के अगले ही दिन कट्टरपंथी संगठन 'इन्कलाब मंच' के प्रवक्ता और छात्र नेता 'शरीफ उस्मान हादी' ने 'ढाका-8' सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी परंतु इसके अगले ही दिन सरेआम एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी हत्या कर दी। दरअसल चुनावों के लिए तय तारीख की घोषणा के साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले बढ़ गए तथा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 3 महीना दिसंबर, 2025 से पिछले लगभग 35 दिनों में बांग्लादेश में कम से कम एक दर्जन हिंदुओं की हत्या की गई है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद द्वारा आज जारी एक बयान के अनुसार, अकेले दिसंबर में सांप्रदायिक हिंसा की कम से कम 51 घटनाएं दर्ज की गईं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, 19 दिसंबर को शरत चक्रवर्ती ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में हिंसा पर चिंता जताई थी, जिसमें उन्होंने अपनी जन्मभूमि को ''मौत की घाटी'' बताया था। एक चश्मदीद और रिश्तेदार प्रदीप चंद्र बर्मन ने इस हमले को सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने कहा, ''पहले से दुश्मनी थी.. उन्होंने (हमलावरों ने) उनका मोबाइल फोन या मोटरसाइकिल नहीं छीनी।'' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दो दिसंबर, 2025 : 42 वर्षीय सोने के हिंदू व्यापारी प्रांतोष कर्मकार की रात के समय बांग्लादेश के नरसिंगदी जिले के रायपुरा उपजिला में गोली मारकर हत्या कर दी गई।दो दिसंबर, 2025 : 35 वर्षीय हिंदू मछली व्यापारी उत्पल सरकार की सुबह के समय फरीदपुर जिले के साल्था उपजिला में बेरहमी से हत्या कर दी गई।सात दिसंबर, 2025 : 1971 के मुक्ति संग्राम के मुक्तियोद्धा 75 वर्षीय जोगेश चंद्र राय और उनकी पत्नी सुबोर्ना राय सात दिसंबर की रंगपुर में गला रेतकर हत्या।12 दिसंबर, 2025 : 18 वर्षीय हिंदू ऑटो रिक्शा ड्राइवर शांतो चंद्र दास कुमिला जिले में मृत पाए गए। उनका गला रेतकर शव मक्के के खेत में फेंक दिया गया था।18 दिसंबर, 2025 : मैमनसिंह के भलुका में 27 वर्षीय हिंदू गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास को इस्लामी भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला।24 दिसंबर, 2025 : राजबाड़ी जिले के 30 वर्षीय हिंदू अमृत मंडल को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे।29 दिसंबर, 2025 : बांग्लादेश के अर्धसैनिक सहायक बल अंसार वाहिनी के हिंदू सदस्य बजेंद्र बिस्वास को मैमनसिंह जिले में फैक्ट्री में साथी नोमान मियां ने गोली मारी।3 जनवरी, 2026 : शरियतपुर जिले के हिंदू व्यवसायी खोकन चंद्र दास को घर लौटते समय हमलावरों ने रोककर चाकू मारा, फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। 3 जनवरी, 2026 को बंगलादेश के 'झिनइदह' में हिंदू विरोधी तत्वों ने एक विधवा हिंदू महिला से सामूहिक बलात्कार करने के बाद उसे पेड़ से बांध कर बुरी तरह पीटा और उसके बाल भी काट दिए।5 जनवरी, 2026 : एक अखबार के 38 वर्षीय कार्यवाहक संपादक और बर्फ फैक्ट्री के मालिक राणा प्रताप बैरागी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। और अब 5 जनवरी की रात सोमवार को देर रात एक हिंदू दुकानदार मोनी चक्रवर्ती की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जो पिछले 24घंटों में इस तरह की दूसरी घटना है। कोई गारंटी नहीं है कि यह अमानवीयता दरिंदगी और बर्बरता का सिलसिला यहीं थमेगा। आपको बता दें कि ऐसी घटनाओं पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की चुप्पी उसकी नीयत में खोट का संकेत देती है जिस पर विश्व भर में चिंता व्यक्त की जा रही है। बांग्लादेश में 'जमात-ए-इस्लामी' जैसी कट्टरवादी ताकतों तथा पाकिस्तान का प्रभाव बढ़ने से वहां के लोगों में भारत विरोधी भावनाएं बढ़ गई हैं और सुरक्षा मामलों में सहयोग भी प्रभावित हुआ है। इस समय राजनीतिक अस्थिरता झेल रहा बंगलादेश कट्टरपंथियों के दबाव में आकर आज आक्रामकता अराजकता और कानून व्यवस्था के सबसे बुरे दौर में पहुंच रहा है जहां से लौटना और कानून व्यवस्था अराजकता पर नियंत्रण पाना अस्थिर सरकार के बूते से बाहर की बात होगी । आखिर भारत सरकार कब तक बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ की जा रही बर्बरता को नजरअंदाज कर सकती है?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# हिन्दुओं की मौत पर मौन क्यों संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवतावादी संगठन?



बांग्लादेश और पाकिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों पर लगभग प्रतिदिन अत्याचार हो रहे हैं । वहाँ न केवल हिन्दुओं की हत्या की जा रही है, बल्कि उनकी बेटियों और महिलाओं की अस्मिता भी बेखौफ लूटी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति अपनी बहन बेटियों की इज्जत बचाने के लिए आवाज उठाता है, तो कट्टरपंथी और नफरती हिंसक भीड़ द्वारा उसका सरेआम कत्लेआम कर दिया जाता है। आज चाहे बांग्लादेश हो या पाकिस्तान, इन देशों में बहुसंख्यक वर्ग के कट्टरपंथी तत्वों ने भारत और हिन्दू विरोधी मानसिकता के चलते अपने ही देश में रह रहे गरीब व मध्यमवर्गीय हिन्दू परिवारों की स्थिति को इतना नारकीय बना दिया है कि वहाँ के हिन्दू समुदाय की हालत देखकर किसी का भी दिल दहल उठे। पाकिस्तान में हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार भारत से मिली पराजयों की खुन्नस का परिणाम है, लेकिन सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत की निर्णायक भूमिका रही, आज वहां के कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की भाषा और मानसिकता अपनाकर न केवल भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं, बल्कि अपने ही देश में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की बहन बेटियों की अस्मत लूटकर उनकी और उनके परिजनों की हत्या तक कर रहे हैं। दुर्भावनावश, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इन हत्यारों को संरक्षण देकर उन्हें परोक्ष रूप से प्रोत्साहित करती दिखाई दे रही है। दुनियाभर में शांति और सद्भाव की दुहाई देने वाला संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकारों की बात करने वाले वैश्विक संगठन, और स्वयं को दुनिया का चौधरी समझने वाला अमेरिका क्या इन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिन्दुओं की चीखें सुनाई नहीं देती हे ? दुनिया में शांति के मसीहा बनने का ढोल पीटने वाले देशों के लिए क्या रोज़ हो रही हत्याएं और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार मानवाधिकार का विषय नहीं हैं ? विश्व मीडिया इन घटनाओं को चौबीसों घंटे प्रसारित कर रहा है, इसके बावजूद अमेरिका सहित अन्य शक्तिशाली देशों का चुप रहना बेहद चिंताजनक है। यदि भारत में अल्पसंख्यक समुदाय या महिलाओं के साथ बहुसंख्यक वर्ग द्वारा अत्याचार की एक भी घटना घटती, तो क्या यही वैश्विक संगठन और देश मौन रहते ? निश्चित ही नहीं । ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह चुप्पी भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को कम करने की एक साजिश है ? यदि नहीं, तो फिर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर यह दोहरा मापदंड क्यों किया जा रहा हे ?

यदि संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य वैश्विक संगठन वास्तव में मानवता और वैश्विक शांति के पक्षधर हैं, तो उन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकारों से सख्त लहजे में बात करनी होगी और वहाँ के अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन का अधिकार दिलाना होगा। अन्यथा, यदि भारत अपने लोगों और हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाता है, तो फिर किसी भी वैश्विक संगठन या तथाकथित मानवाधिकार संरक्षक को आपत्ति करने का नैतिक अधिकार नहीं होना चाहिए । भारत अपने नागरिकों और मानवता की रक्षा करना भली-भांति जानता है।

**अरविंद रावल**


# पाकिस्तान का दोहरा चेहरा फिर उजागर आतंक के गठजोड़ से भारत के लिए नई चुनौती

पाकिस्तान एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब हुआ है। हाल ही में इस्लामाबाद के नजदीक पंजाब प्रांत के गुजरांवाला शहर में हमास और लश्कर ए तैयबा के आतंकियों की हाई प्रोफाइल बैठक की खबर ने भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को चौकाया है। यह केवल एक बैठक नहीं थी बल्कि आतंकवाद के नए गठजोड़ का स्पष्ट संकेत था। जिस तरह से हमास के वरिष्ठ कमांडर नाजी जहीर और लश्कर के कमांडर राशिद अली संधू एक ही मंच पर नजर आए उससे यह संदेश साफ है कि पाकिस्तान की धरती आज भी वैश्विक आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बनी हुई है। यह कार्यक्रम पाकिस्तान मरकजजी मुस्लिम लीग के बैनर तले आयोजित किया गया। यह वही संगठन है जिसे लंबे समय से लश्कर ए तैयबा का राजनीतिक मुखौटा माना जाता है। पाकिस्तान बार बार यह दावा करता है कि उसने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं लेकिन इस तरह की खुली बैठकों से उसके दावों की पोल खुल जाती है। जब प्रतिबंधित आतंकी संगठन खुलेआम राजनीतिक मंचों पर दिखाई दें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्हें राज्य की मौन सहमति प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद लश्कर ए तैयबा को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कई आतंकी कैंप तबाह हुए और नेटवर्क कमजोर पड़ा। इसी कमजोरी को दूर करने के लिए अब वह नए सहयोगियों की तलाश में है। हमास के साथ यह संपर्क उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह गठजोड़ भारत के खिलाफ नई आतंकी गतिविधियों को जन्म दे सकता है और क्षेत्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। हमास का कमांडर नाजी जहीर पहले भी भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। फरवरी दो हजार पच्चीस में उसका पीओके दौरा और वहां दिया गया भारत विरोधी भाषण इस बात का प्रमाण है। कराची और इस्लामाबाद के उसके लगातार दौरे यह दिखाते हैं कि उसे पाकिस्तान में पूरी छूट और सुरक्षा मिली हुई है। यह सब उस समय सामने आया है जब अमरीका चाहता है कि पाकिस्तानी सेना गाजा में सैनिक भेजे। ऐसे में पाकिस्तान का हमास से बढ़ता संपर्क उसके असली इरादों पर सवाल खड़े करता है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान राज्य प्रायोजित आतंकवाद का केंद्र है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का हालिया बयान इसी सच्चाई को दोहराता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को एक नीति के रूप में इस्तेमाल करता है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है बल्कि उसकी खुली रणनीति है। भारत यह भी जानता है कि पाकिस्तान कभी आतंकवाद नहीं छोड़ेगा। जयशंकर ने पश्चिमी देशों को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भारत को पश्चिम से मुफ्त की सलाह की जरूरत नहीं है। जो देश दूसरों को उपदेश देते हैं उन्हें पहले अपने क्षेत्रों में जारी हिंसा और अस्थिरता को देखना चाहिए। यह बयान केवल कूटनीतिक प्रतिक्रिया नहीं था बल्कि भारत के आत्मविश्वास और स्पष्ट नीति का संकेत था। पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वह हर बार मुसीबत में गिड़गिड़ाने लगता है। जब उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता है तो वह शांति और सुधार की बात करता है। लेकिन जैसे ही संकट टलता है वह फिर से आतंकवाद के रास्ते पर लौट आता है। यह उसका पुराना स्वभाव है। भारत ने बार बार शांति का हाथ बढ़ाया लेकिन जवाब में उसे धोखा और हिंसा ही मिली। कश्मीर का मुद्दा भी इसी दोहरे रवैये का उदाहरण है। पाकिस्तान यह भ्रम फैलाता है कि यदि कश्मीर उसे दे दिया जाए तो आतंकवाद खत्म हो जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि कश्मीर भी दे दिया जाए तब भी पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देना नहीं छोड़ेगा। आतंकवाद उसके लिए केवल कश्मीर तक सीमित नहीं है बल्कि यह उसकी विदेश नीति का स्थायी उपकरण बन चुका है। पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति और सेना की भूमिका भी इस समस्या की जड़ में है। वहां की सेना ने हमेशा आतंकवादी संगठनों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में इस्तेमाल किया है। कभी भारत के खिलाफ तो कभी अफगानिस्तान में प्रभाव बढ़ाने के लिए। आज वही नीति पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग थलग कर रही है। इस नई साजिश का एक और खतरनाक पहलू यह है कि हमास जैसे संगठन का दक्षिण एशिया में सक्रिय होना। इससे मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया के आतंकवादी नेटवर्क आपस में जुड़ सकते हैं। इससे आतंकवाद का दायरा और अधिक व्यापक और घातक हो जाएगा। भारत के लिए यह केवल सीमा पार आतंकवाद का सवाल नहीं रह जाएगा बल्कि वैश्विक आतंक के नए स्वरूप का सामना करना होगा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह दिखा दिया है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। यह ऑपरेशन केवल सैन्य कार्रवाई नहीं था बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्पष्ट चेतावनी थी। जयशंकर के शब्दों में जो लोग सकारात्मक रवैया अपनाने को तैयार हैं भारत भी उसी तरह से पेश आएगा। लेकिन जो पाकिस्तान जैसी हरकतें करते हैं उनसे अलग तरीके से निपटना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को समझे। केवल बयान और चिंता जताने से काम नहीं चलेगा। जब तक आतंकवाद को समर्थन देने वाले राज्यों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक यह खतरा बना रहेगा। भारत ने हमेशा शांति और संवाद का समर्थन किया है। लेकिन शांति का मतलब कमजोरी नहीं होता। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि पुरानी चालें अब नहीं चलेंगी। दुनिया बदल रही है और आतंकवाद के लिए अब कोई जगह नहीं है। अंत में यह कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से कभी बाज नहीं आएगा। उसका इतिहास यही बताता है। मुसीबत में गिड़गिड़ाना और संकट दूर होते ही फिर से सिर पर चढ़ जाना उसकी आदत बन चुकी है। भारत को इस सच्चाई को स्वीकार करते हुए अपनी सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। आतंक के खिलाफ यह लड़ाई लंबी है लेकिन निर्णायक भी। भारत को न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा करनी है बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए भी अपनी भूमिका निभानी है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## बचपन को भरोसा चाहिए, सिर्फ़ निगरानी नहीं



**सुरक्षा से संस्कार तक : बचपन की संपूर्ण यात्रा**

**बच्चों की सुरक्षा : नियमों से नहीं, जिम्मेदारी से**

नवपीढ़ी के जीवन में निश्चिंतता और संरक्षण का भाव किसी भी सभ्य व्यवस्था की पहचान होता है। समाज की दिशा इस बात से तय होती है कि वह अपने नौनिहालों के लिए कैसा परिवेश रचता है। बदलती जीवनशैली, बढ़ती व्यस्तता और निरंतर गतिशीलता ने बाल्यावस्था को पहले की तुलना में अधिक संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में संरक्षण केवल निगरानी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समझ, संवेदना और दूरदृष्टि की माँग करता है। जब परिवेश भरोसे से भरा होता है, तब बालमन खुलकर सीखता, प्रश्न करता और आगे बढ़ने का साहस जुटाता है। यही आधार भविष्य की सशक्त, सजग और जिम्मेदार पीढ़ी का निर्माण करता है।

**बच्चों की सुरक्षा : एक अनिवार्य सामाजिक दायित्व**

बच्चों की सुरक्षा केवल एक पारिवारिक चिंता नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आधुनिक जीवन की तेज़ रफ्तार में बच्चे घर से स्कूल और स्कूल से घर तक निरंतर यात्रा करते हैं, जहाँ उन्हें अनेक अनुभव मिलते हैं, परंतु साथ ही कई संभावित खतरे भी मौजूद रहते हैं। दुर्घटनाएँ, अपहरण, स्वास्थ्य संबंधी जोखिम और मानसिक दबाव बच्चों की सुरक्षा को चुनौती देते हैं। जब बच्चा सुरक्षित वातावरण में रहता है, तभी उसका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास संतुलित रूप से हो पाता है। सुरक्षा का भाव बच्चों में आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सकारात्मक सोच को जन्म देता है। इसलिए बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है।

**घर की सुरक्षा : संस्कारों की पहली पाठशाला**

घर बच्चे के जीवन की पहली पाठशाला होता है, जहाँ सुरक्षा की बुनियादी आदतें विकसित होती हैं। घर के भीतर बिजली के खुले तार, तेज़ औज़ार, दवाइयाँ और रसायन बच्चों की पहुँच से दूर रखना आवश्यक है। सीढ़ियों, खिड़कियों और बालकनियों में सुरक्षा उपाय अपनाना अनिवार्य है। माता-पिता को बच्चों को आग, गैस और अजनबियों से जुड़ी सावधानियों के बारे में नियमित रूप से समझाना चाहिए। स्वच्छ वातावरण, नियमित टीकाकरण और प्राथमिक उपचार की उपलब्धता घर को सुरक्षित बनाती है। जब घर में सतर्कता और अनुशासन होता है, तभी बच्चा स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है और सुरक्षित व्यवहार सीखता है।

**सड़क सुरक्षा : सुरक्षित यात्रा की समझ**

घर से स्कूल तक की यात्रा बच्चों के लिए प्रतिदिन का अनुभव होती है, जिसमें सड़क सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना, ज़ेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग सिखाना और सिग्नल का पालन करना आवश्यक है। साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने और पैदल चलते समय मोबाइल से दूर रहने की आदत डलनी चाहिए। माता-पिता को बच्चों को अकेले भेजने से पहले उनकी परिपक्वता का आकलन करना चाहिए। सुरक्षित यात्रा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता और अनुशासन से संभव होती है, जो बच्चों को आत्मनिर्भर और सतर्क बनाती है।

**स्कूल बस सुरक्षा : भरोसेमंद परिवहन व्यवस्था**

स्कूल बस बच्चों के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा होती है, इसलिए इसकी सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ होनी चाहिए। बस चालक का अनुभव, वाहन की तकनीकी स्थिति और नियमित निरीक्षण अनिवार्य है। जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे और आपातकालीन निकास जैसी सुविधाएँ बच्चों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती हैं। बच्चों को बस में अनुशासन, सीट पर बैठने और सुरक्षित ढंग से चढ़ने-उतरने के नियम सिखाना आवश्यक है। जब परिवहन व्यवस्था विश्वसनीय होती है, तब माता-पिता निश्चिंत रहते हैं और बच्चों का ध्यान शिक्षा पर केंद्रित रहता है।

**विद्यालय परिसर : सुरक्षित शिक्षा का वातावरण**

विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सामाजिक और मानसिक विकास का आधार होता है। स्कूल परिसर में सुरक्षा गार्ड, नियंत्रित प्रवेश और निगरानी प्रणाली आवश्यक हैं। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और खेल मैदानों में सुरक्षित उपकरणों का होना अनिवार्य है। बुलिंग और मानसिक उत्पीड़न रोकने के लिए स्पष्ट नीतियाँ और संवेदनशील शिक्षक आवश्यक हैं। आपातकालीन स्थितियों के लिए नियमित अभ्यास बच्चों को सजग बनाता है। सुरक्षित विद्यालय वातावरण बच्चों को भयमुक्त होकर सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

**स्वास्थ्य व स्वच्छता : सुरक्षा की आधारशिला**

स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण बच्चों की सुरक्षा की मजबूत नींव होते हैं। हाथ धोने, स्वच्छ भोजन और संतुलित आहार की आदतें बच्चों को रोगों से बचाती हैं। स्कूल और घर दोनों स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखना आवश्यक है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और मौसमी बीमारियों से बचाव बच्चों की कार्यक्षमता को बनाए रखते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होता है, तभी वह चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास से कर पाता है।

**साइबर सुरक्षा : डिजिटल युग की नई चुनौती**

डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा केवल भौतिक सीमाओं तक सीमित नहीं रही। इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने साइबर खतरों को जन्म दिया है। बच्चों को ऑनलाइन गोपनीयता, सुरक्षित पासवर्ड और अजनबियों से दूरी की जानकारी देना आवश्यक है। माता-पिता और स्कूल को मिलकर डिजिटल अनुशासन सिखाना चाहिए। अनुचित सामग्री से सुरक्षा और साइबर बुलिंग की पहचान बच्चों को मानसिक रूप से सुरक्षित रखती है। जागरूकता ही डिजिटल दुनिया में सुरक्षा की सबसे प्रभावी ढाल है।

**आपातकालीन तैयारी : सजगता से सुरक्षा**

आपातकालीन स्थितियों में सही समय पर सही निर्णय बच्चों की जान बचा सकता है। बच्चों को आवश्यक हेल्पलाइन नंबर, प्राथमिक उपचार और सुरक्षित व्यवहार की जानकारी देना आवश्यक है। स्कूल और घर दोनों जगह आपदा-प्रबंधन अभ्यास बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करता है। पहचान पत्र और संपर्क जानकारी बच्चों को सुरक्षित रखने में सहायक होती है। जब बच्चा संकट में घबराने के बजाय समझदारी से प्रतिक्रिया करता है, तभी वास्तविक सुरक्षा सुनिश्चित होती है।


**माता-पिता व समाज : साझा जिम्मेदारी**

बच्चों की सुरक्षा केवल माता-पिता तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और संस्थाओं की संयुक्त जिम्मेदारी है। माता-पिता का संवाद, विश्वास और सक्रिय निगरानी बच्चों को भावनात्मक सुरक्षा देती है। समाज में जागरूकता, प्रशासनिक सहयोग और सामूहिक प्रयास बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाते हैं। जब परिवार, स्कूल और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनता है। बच्चों की सुरक्षा वास्तव में राष्ट्र के भविष्य की सुरक्षा है।

**कृति आरके जैन**

# वैश्विक विश्व युद्ध के मुहानें पर बैठी मानवता

**हुक्मरानों की सनक और सत्ता लोलुपता**



सावधान मानवीय जीवन आज परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा है और पूरी पृथ्वी जैसे किसी सक्रिय ज्वालामुखी के मुख पर बैठी हुई प्रतीक्षा कर रही है कि अगला सनकी आदेश किस राजधानी से निकलेगा। परमाणु संपन्न देशों के शासक स्वयं को वैश्विक सिरमौर सिद्ध करने की खतरनाक होड़ में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, विस्तारवादी मंसूबों और व्यक्तिगत सनकों को मानवता के अस्तित्व से ऊपर रख चुके हैं। चीन, रूस और उत्तर कोरिया जैसे देश जहाँ परमाणु शक्ति तानाशाही प्रवृत्तियों के हाथों में केंद्रित है। वहाँ यह खतरा और भी भयावह हो जाता है क्योंकि इतिहास गवाह है कि जब सत्ता विवेक से कट जाती है तब युद्ध अपरिहार्य हो जाता है, अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम आज भी मानवता के माथे पर कलंक की तरह दर्ज हैं। उसे समय के परमाणु हमले के विकिरण के दुष्प्रभाव आज भी जापान के बच्चों के शरीर और भविष्य में देखे जा सकते हैं। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन द्वारा 2022 के बाद से सौ से अधिक हथियारों के परीक्षण जिनमें अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को लक्ष्य करने वाली परमाणु मिसाइलें शामिल हैं। यही इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि यह देश किसी भी क्षण सनक में विनाशकारी कदम उठा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते बल्कि वैश्विक संतुलन को झकझोर कर रखा देते हैं और यूक्रेन को नाटो तथा अमेरिका से मिल रही सहायता के कारण रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों के प्रयोग की धमकी दे चुके हैं ।जबकि उन्हें यह अनुमान ही नहीं था कि यूक्रेन इतना लंबा प्रतिरोध कर पाएगा, चीन और ताइवान विवाद में भी अमेरिका के परोक्ष हस्तक्षेप से नाराज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। जिससे एशिया प्रशांत क्षेत्र युद्ध के केंद्र में आ सकता है। यह भी सर्वविदित तथ्य है कि रूस, चीन और उत्तर कोरिया वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अमेरिका के सबसे बड़े रणनीतिक विरोधी बन चुके हैं और अमेरिका स्वयं को विश्व का सर्वशक्तिमान बनाए रखने के दबाव में लगातार युद्धोन्मुखी नीति अपनाए हुए है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया की सीमा पर लगातार सैन्य अभ्यास को प्योंगयांग हमले के पूर्वाभ्यास के रूप में देख रहा है।जबकि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय समझौतों के तहत संयुक्त बैलिस्टिक मिसाइल रणनीति पर आगे बढ़ चुके हैं।, इन तैयारियों के जवाब में उत्तर कोरिया द्वारा रणनीतिक क्रूज मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण इस बात की पुष्टि करता है कि टकराव की जमीन पूरी तरह तैयार हो चुकी है। पश्चिम एशिया में वेनेजुएला संकट, इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध और यूक्रेन संघर्ष आपस में जुड़कर एक ऐसे वैश्विक युद्ध की प्रस्तावना रच रहे हैं जिसमें पाकिस्तान और खाड़ी देशों की भागीदारी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिका में चुनावी दबावों के चलते वहां का नेतृत्व अपनी वैश्विक बादशाहत बचाने के लिए किसी भी स्तर तक जाने को तैयार दिखाई देता है और उसके साथ ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और इसराइल जैसे देश आंख मूंदकर खड़े रहते हैं।भारत की स्थिति इन परिस्थितियों में अत्यंत संवेदनशील है क्योंकि एक ओर उसकी चीन से परंपरागत शत्रुता है तो दूसरी ओर रूस से गहरे रणनीतिक संबंध और अमेरिका से बढ़ती निकटता है जबकि भारत लगातार शांति और संतुलन की भूमिका निभाने का प्रयास करता रहा है। परंतु जब विश्व की प्रमुख शक्तियां ही संवाद की बजाय दंभ और हथियारों की भाषा बोलने लगें तो किसी भी क्षण चिंगारी विश्वयुद्ध में बदल सकती है और यदि ऐसा हुआ तो यह युद्ध केवल देशों का नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता और पृथ्वी के अस्तित्व का युद्ध होगा, ऐसे समय में विश्व को नेताओं की सनक नहीं बल्कि विवेक की आवश्यकता है और मानवता के पास अब केवल यही एक प्रार्थना शेष रह जाती है कि युद्ध नहीं हो और शांति ही अंतिम विकल्प बने।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने वांछित आरोपी को भेजा जेल




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुरा निवासी बुद्धेश पुत्र अमूलन स्थानीय थाने पर धारा 137(2), 87 बीएनएस आदि धाराओं में वांछित चल रहा था। पुलिस कई दिनों से आरोपी युवक के तलाश में जुटी हुई थी। वहीं गुरुवार को पुलिस ने आरोपी बुद्धेश को गिरफ्तार कर कागजी कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## विद्युत पोल को हटाने की मांग

**सिद्धार्थनगर** – नगर पंचायत उसका बाजार के कस्बा के सुभाष नगर वार्ड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के द्वार के पास स्थित लोहे के लगे विद्युत पोल से लोगों में खतरा बना हुआ है। इस पोल से बहुत ज्यादा विद्युत कनेक्शन भी दिया गया है। विद्युत तार भी ढीले है। इससे राहगीरों और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में भी खतरा का माहौल बना हुआ है। कस्बा के आचार्य संतोष शुक्ला, रवि जायसवाल ,अनूप मोदनवाल, विजय पटवा, दीनदयाल जायसवाल, दीपू निगम, हेमंत कुमार अग्रहरी, धर्मेंद्र चौरसिया, विपिन पटवा ,मनोज गुप्ता, अनिल मोदनवाल, विवेकानंद पांडे आदि ने विद्युत पोल को हटाने की मांग की है।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, कच्ची शराब व लहन बरामद किया नष्ट



**गोंडा।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी महोदया, उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी गोंडा के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व 4 की संयुक्त



टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम नौडिहवा जैतापुर माझा में आकस्मिक दबिश दी। दबिश के दौरान मौके से एक अवैध शराब की भट्टी, लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब, 100 किलोग्राम लहन तथा शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। मौके पर ही लहन को नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**रतनपुर/महराजगंज।** प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन में गुरुवार को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार यादव ने नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत चकदह में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत चकदह गोसदन में गोवंश संरक्षण हेतु गोआश्रय स्थलों के संचालन, प्रबन्धन तथा संरक्षित गोवंश के भरण पोषण, पराली संग्रहण आदि व्यवस्थाओं का उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने निरीक्षण कर जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉक्टर एजाज अहमद, सज्जाद आलम, पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर परमात्मा सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी पुष्पेन्द्र राय, ग्राम प्रधान वीरेंद्र राजभर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# खजनी तहसील में विकास को मिली रफ्तार : इंटरलॉकिंग, आरसीसी सड़क, खेल मैदान और आधुनिक सुविधाओं से बदलेगा प्रशासनिक परिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी, गोरखपुर**– खजनी तहसील के चौमुखी विकास को लेकर प्रशासन ने अब ठोस और निर्णायक कदम उठा लिए हैं। वर्षों से बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे तहसील परिसर में विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है, जिससे पूरे परिसर का स्वरूप तेजी से बदलता नजर आ रहा है। इन कार्यों से अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादकारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। तहसील परिसर में इंटरलॉकिंग का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है, जबकि आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे आवागमन सुगम होगा और बरसात के मौसम में कीचड़ व जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से निजात मिलेगी। लंबे समय से अधिवक्ताओं और वादकारियों द्वारा उठाई जा रही इस मांग के पूरा होने से सभी वर्गों में संतोष देखा जा रहा है।

परिसर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए इंटरलॉकिंग के साथ-साथ वृक्षारोपण के भी निर्देश जारी किए गए हैं। हरियाली बढ़ने से जहां पर्यावरण को लाभ मिलेगा, वहीं तहसील परिसर का वातावरण भी आकर्षक और स्वच्छ बनेगा। इसके अतिरिक्त परिसर में स्थित सभी शौचालयों के निर्माण और मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। अधिवक्ताओं की वर्षो पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए वॉलीबॉल खेल मैदान के लिए स्थान चिन्हित कर उसे पूर्ण कराने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। इससे अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को कार्य के बीच खेल व मनोरंजन का अवसर मिलेगा, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

तहसील परिसर में इंटरलॉकिंग के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है। साथ ही मुख्य गेट के जीर्णोद्धार की योजना भी बनाई गई है, जिससे तहसील का प्रवेश द्वार भव्य और व्यवस्थित रूप में दिखाई दे। नई कैंटीन और साइकिल स्टैंड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो वादकारियों और कर्मचारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस संबंध में एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि तहसील के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और अधिवक्ताओं का निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है और आने वाले दिनों में खजनी तहसील आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित होगी। स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं में इन विकास कार्यों को लेकर खासा उत्साह है। लोगों का मानना है कि ये बदलाव प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाने के साथ-साथ आम जनता को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करेंगे। विकास कार्यों में खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह की भूमिका को भी सराहनीय बताया जा रहा है, जिनके सहयोग से तहसील परिसर में आरसीसी सड़कों का जाल बिछ सका है।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 5 बाइक बरामद




**देवरिया।** जनपद की थाना श्रीरामपुर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिल, पांच मास्टर चाभियां और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। गिरफ्तार अभियुक्त प्रकाश कुमार रंजन, निवासी सिवान बिहार को चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर चार अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। बरामद मोटरसाइकिलों की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एक ही फोटो अपलोड कर लगाई गई 44 श्रमिकों की हाजिरी

### ●ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बावजूद नहीं थम रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ रहा है। मनरेगा योजना में धांधली रोकने के लिए एनएमएमएस पोर्टल पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बावजूद फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ऐसे हैं कि कार्य स्थल पर श्रमिकों की दर्ज उपस्थिति की एक ही ग्रुप की फोटो बार-बार अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी इस गड़बड़ी को नजर अंदाज कर रहे हैं। अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यो का आंकलन भी सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया में मेन सड़क पुल से अमीन के खेत तक नाला खुदाई कार्य करवाया जा रहा है। इस कार्य में पांच मस्टरोल 6596 से 6600 तक जारी किया गया है। वहीं उक्त पांच मस्टरोल के आधार पर कुल 44 श्रमिकों की एनएमएमएस पोर्टल पर आनलाईन हाजिरी लगाई गई है। हैरत की बात यह है कि उक्त पांचों मस्टरोल में एक ही ग्रुप की फोटो व चेहरों को बार-बार अपलोड किया गया है। मामले में जिम्मेदार अधिकारी इस गड़बड़ी को नजर अंदाज कर रहे हैं। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया में मनरेगा योजना में पारदर्शिता वाले एनएमएमएस पोर्टल पर भी सेंध लगाकर गलत तरीके से धन निकासी करवाया जा रहा है।

# गोरखपुर के प्राचीन कामिनी देवी-हनुमान मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ नकाबपोश चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शहर के आर्यनगर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन कामिनी देवी व हनुमान मंदिर में बीती देर रात सनसनीखेज चोरी की घटना सामने आई है। ठंड और सन्नाटे का फायदा उठाते हुए एक नकाबपोश चोर मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोरी कर ले गया। हैरानी की बात यह रही कि शातिर चोर पूरी बेखौफी के साथ मंदिर का दानपात्र अपने कंधे पर रखकर ले जाता हुआ दिखाई दिया, जिसकी पूरी करतूत आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि चोर बिना किसी डर के मंदिर परिसर में दाखिल हुआ, दानपात्र से बंधा सीकड़ तोड़ा और उसे उठाकर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब मंदिर के पुजारी महंत राजन दास साफ-सफाई के लिए मंदिर पहुंचे। टूटा हुआ सीकड़ और गायब दानपात्र देखकर उन्होंने तुरंत चोरी की सूचना नजदीकी पुलिस चौकी और स्थानीय लोगों को दी। महंत राजन दास ने बताया कि मंदिर में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई दान राशि को साल में केवल एक बार, मकर संक्रांति से एक-दो दिन पहले खोला जाता है। इसी दान से मकर संक्रांति पर खिचड़ी का वितरण और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। ऐसे में दानपात्र की चोरी से श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास की दुकानों व मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुजारी की ओर से थाने में तहरीर दी गई है, वहीं मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। प्राचीन मंदिर में हुई इस चोरी की घटना से इलाके में आक्रोश का माहौल है और श्रद्धालु जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# टूटे पोल पर झूलता हाईटेंशन तार, खजनी के खुटभार गांव में मंडरा रहा मौत का खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी**– क्षेत्र के खुटभार गांव स्थित नवीन बस्ती रेखा के मकान के सामने तिराहे पर क्षतिग्रस्त हाईटेंशन विद्युत तार और टूटे सीमेंट के पोल ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। यह जर्जर पोल अब केवल तारों के सहारे खड़ा है, जो किसी भी वक्त गिरकर बड़े हादसे को दावत दे सकता है। तिराहे जैसे व्यस्त स्थान पर यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आसपास के कछब वासी और राहगीर भय के साये में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन अनियंत्रित ट्रैक्टरों की टक्कर से सीमेंट का यह पोल पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुका है। बावजूद इसके अब तक न तो विद्युत विभाग ने तारों को सुरक्षित किया और न ही पोल को बदला गया। हाईटेंशन तार नीचे की ओर झूल रहे हैं, जिससे कभी भी करंट फैलने या पोल गिरने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से बच्चों, बुजुर्गो और महिलाओं का दिनभर आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है।

कस्बा वासियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप ,ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते टूटे पोल को नहीं बदला गया और हाईटेंशन तारों को सुरक्षित नहीं किया गया, तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य कराने और नए पोल की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले ही इस खतरे को टाला जा सके।

# सोनभद्र का राजनीतिक सितारा अस्त 8 बार के विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ में निधन

### ●सोनभद्र के दिग्गज सपा नेता विजय सिंह गोंड का निधन 8 बार के विधायक और आदिवासियों की बुलंद आवाज ने ली अंतिम सांस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – प्रदेश की सियासत और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले एक कद्दावर स्तंभ का अंत हो गया है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा से वर्तमान विधायक विजय सिंह गोंड (71) का गुरुवार को लखनऊ के SGPGI अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले एक वर्ष से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। विजय सिंह गोंड केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सोनभद्र के जंगलों और पहाड़ों में रहने वाले आदिवासियों की मुखर आवाज थे। उनके राजनीतिक कौशल का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड 8 बार जीत दर्ज की। सपा संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले विजय सिंह ने उनकी सरकार में राज्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया। राजनीति के शुरुआती दौर में उन्होंने तत्कालीन दिग्गज नेता रामप्यारे पनिका को पटखनी देकर प्रदेश की राजनीति में अपनी धमक पैदा की थी। विधायक के निधन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी के कुनबे में शोक की लहर दौड़ गई। विजय सिंह गोंड जी का जाना समाजवादी परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शोषितों और आदिवासियों के उत्थान में लगा दिया। जनता का उन पर अटूट प्रेम उनकी 8 बार की जीत का प्रमाण है। परिजनों और पार्टी सूत्रों के अनुसार, अंतिम विदाई का कार्यक्रम इस प्रकार है। लखनऊ से सोनभद्र ले जाया जाएगा और DCF कॉलोनी स्थित गोंडवाना भवन में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। शुक्रवार को दुद्धी के प्रसिद्ध कनहर घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। विजय सिंह गोंड के निधन से सोनभद्र ने अपना एक अभिभावक खो दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चाहे सत्ता रही हो या न रही हो, विजय सिंह हमेशा जनता के बीच उपलब्ध रहते थे। उनकी सादगी और संघर्षशील स्वभाव ही उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाता था।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर पड़ा विशेषज्ञों का टोटा

### ●शिकायत के बाद भी नहीं हो सका चिकित्सकों की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर** – गोला तहसील मुख्यालय का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला वर्तमान में विशेषज्ञों के टोटा का मार झेल ही रहा है। लोगो द्वारा जिला स्वास्थ्य मुखिया को शिकायत करने के बाद भी व्यवस्था नदारद दिख रही है। मरीजों का इलाज कैसे होगा यह प्रश्न खड़ा पड़ा है।। इस व्यवस्था से लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्राप्त विवरण के अनुसार सी एच सी गोला तीस शय्या का अस्पताल है। इस अस्पताल पर विगत कई वर्षो से विशेषज्ञों का टोटा पड़ा हुआ है। इस अस्पताल पर विगत कई वर्षो से शिशु रोग विशेषज्ञ , हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन महिलारोग विशेषज्ञ काय रोग विशेषज्ञ सर्जन की तैनाती नदारद है। प्रसव का कार्य होता है।महिला चिकित्सक और शिशुरोग विशेषज्ञ की आवश्यकता पड़ने पर बाहर के निजी अस्पतालों या जिला चिकित्सालय का शरण लेना पड़ता है। समय से चिकित्सक उपलब्ध न होने पर घटनाएं भी घट जाती है। इस व्यवस्था से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस प्रकरण पर जब अधीक्षक डॉ अमरेंद्र नाथ ठाकुर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिले पर लिखित सूचना दे दिया गया है। इस प्रकरण पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि मेरी सज्ञान में है चिकित्सकों की कमी है । चिकित्सक उपलब्ध होते ही सी एच सी गोला पर व्यवस्था दी जाएगी।

## 716 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत थाना बनकटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो चार पहिया वाहनों से 716 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में एक अभियुक्त विशाल प्रताप सिंह निवासी किशोरी छापर, थाना बनकटा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# रामगढ़ कसारी शिव सरोवर पर स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन, जरूरतमंदों को वितरित किये गये कंबल

### ●शिव शक्ति महिला मंडल ने नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –रामगढ़ कसारी शिव सरोवर पर स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर बुधवार को जरूरतमंदों को कंबल दिया गया तथा उन्हें भोजन भी कराया गया। इसके अलावा शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा महिलाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी उर्फ जंगली बाबा उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ठंड से बचाव के लिए सामाजिक कार्य करने वाले लोगों से सहयोग लेकर आश्रम पर जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया जाता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में 7 जनवरी बुधवार को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। हर जरूरतमंदों को कंबल दिया गया और उन्हें भोजन भी कराया गया। यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

भिखारी बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। कंबल उपलब्ध कराने में विशेष योगदान लैंको प्रबंधक एसके द्विवेदी, रामचंद्र गुप्ता, जय प्रकाश केशरी, मातूराम जैन, पवन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अप्रेरण अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, जितेंद्र बहादुर सिंह राय साहब,सालिक राम साहू, समाजसेविका ज्योति केशरी, शिव शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष किरन मोदनवाल, चिंता मौर्या, विनीता गुप्ता, शशि उमर वैश्य, सुशीला पाठक का रहा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 2 जनवरी को गायमाता धाम खोडैला में जिला प्रशासन और समाजसेवी लोगों की मदद से हजारों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कराया गया और विशाल भंडारा चलाकर लोगों को भोजन भी कराया गया था। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात 20 सीआरपीएफ जवानों को भी कंबल दिया गया था और उन्हें भोजन कराया गया था। इसमें छात्र शक्ति के मालिक विधायक उमाशंकर सिंह के मैनेजर पंकज सिंह, बोरवेल के आनंद सिंह का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने किया कठपुरवा मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण जनपद के सभी ब्लॉकों में खेल मैदान बनाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – सोनभद्र के जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज विकास खंड रॉबर्ट्सगंज के अंतर्गत कठपुरवा गांव में स्थित मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। निक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों का हवाला देते हुए युवा कल्याण अधिकारी को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी विकास खंडों में मिनी स्टेडियम का निर्माण होना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन ब्लॉकों में अभी तक स्टेडियम नहीं बने हैं, वहां तत्काल भूमि का चयन कर कार्य योजना (Action Plan) प्रस्तुत की जाए। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की हिदायत दी गई है। युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद के चार ब्लॉकों– बभनी, रॉबर्ट्सगंज, नगवा और घोरावल की ग्राम पंचायतों में मिनी स्टेडियम स्थापित हैं। इन सभी स्टेडियमों में खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया गतिमान है, जिससे खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। स्टेडियम ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद एक पुरानी और जर्जर बिल्डिंग को देखा। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि इस बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण (Demolition) हेतु आवश्यक पत्राचार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि खेल परिसर साफ और सुरक्षित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ मुख्य रूप से प्रदीप कुमार सिंह (जिला युवा कल्याण अधिकारी) विनय कुमार सिंह (अपर जिला सूचना अधिकारी) तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीण युवाओं को खेल की बेहतर सुविधाएं प्रदान करना। सभी ब्लॉकों में स्टेडियम हेतु भूमि का चयन। स्टेडियम परिसर से जर्जर ढांचों को हटाने के निर्देश।

# शिक्षण संस्थान संदेहास्पद डाटा का मिलान कर 20 जनवरी तक अभिलेख उपलब्ध कराये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) कक्षाओं के छात्रों का संशोधित समय सारिणी जारी की गयी है, दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति का संदेहास्पद डाटा राज्य एनआईसी लखनऊ द्वारा प्राप्त हुआ है जिसे प्रधानाचार्य/शिक्षण संस्थाओं को प्रेषित कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि समस्त प्रधानाचार्य/शिक्षण संस्थान संदेहास्पद डाटा का मिलान करते हुये समस्त आवश्यक अभिलेख जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में 20 जनवरी 2026 तक उपलब्ध करा दें। संस्थाओ से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर ही संदेहास्पद डाटा को शुद्ध कर लॉक किया जायेगा।

# जिला सहकारी बैंक मे कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा बैठक संपन्न

### ●बाउचर की ससमय और शुद्ध फीडिंग सचिव की जिम्मेदारी-राजकुमार यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**– जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर/सोनभद्र की राबर्टसगंज शाखा में कंप्यूटराइजेशन के प्रथम चरण हेतु चयनित बी-पैक्स के सचिवों की बैठक सचिव/ महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर/ सोनभद्र राजकुमार यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश सिंह तथा शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार राय के अलावा बीपैक्स सचिव मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सचिव / महाप्रबंधक ने फीडिंग में शिथिल कार्य करने वाले सचिवों को चेतावनी दी।उन्होने इयर इंड समितियो को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लॉगिन करने का निर्देश दिया। सचिव जिला सहकारीबैंक ने कहा कि बाउचर फीडिंग मे समयबद्धता के साथ शुद्धता का भी ध्यान देना आवश्यक है। बैठक मे बटबंतरा और ओईनीमिश्र बीपैक्स के अतिरिक्त अन्य बीपैक्स की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार राय ने सचिवो को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र मिलान कराकर फीडिंग पूर्ण करायें। बैठक मे एडीसीओ अवधेश सिंह, शाखा प्रबंधक प्रमोद राय के अलावा प्रदीप सिंह, विन्ध्याचल राम, सुमन सिंह, राहुल सिंह , उमेश सिंह , उमेश सिंह इत्यादि बीपैक्स सचिव उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


**लखीमपुर खीरी।** 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के श्री राजन कुमार श्रीवास्तव ; कमान्डेंट के नेतृत्व में एवं प्रदीप सिंह ;सहायक कमान्डेंट कि उपस्थिति में ई समवाय, कतर्नियाघाट में जवानों को वित्तीय सशक्तिकरण एवं बैंकिंग जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों/ कार्मिकों को CAPF/ Paramilitary Account से जुड़ी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वित्तीय प्रबंधन हेतु प्रेरित करना रहा । कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (SBI) गिरजापुरी के शाखा प्रबंधक द्वारा उपस्थित कार्मिकों को CAPF/ Paramilitary Account से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें वेतन खाता, विशेष बैंकिंग सुविधाएँ, बीमा लाभ, ऋण सुविधाएँ, डिजिटल बैंकिंग सेवाएँ, खाता नामांकन प्रक्रिया तथा भविष्य में मिलने वाले आर्थिक लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेन-देन में सावधानियाँ, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। बैंक प्रबंधक द्वारा उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि सही जानकारी एवं सतर्कता से आर्थिक जोखिमों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कार्मिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक समाधान किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि जवानों का वित्तीय रूप से सशक्त होना न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह उनकी सेवा दक्षता एवं मनोबल को भी सुदृढ़ करता है ।कार्यक्रम के अंत में कार्मिकों से अपील की गई कि वे उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं का सही एवं सुरक्षित उपयोग करें तथा अपने सहकर्मियों एवं परिवारजनों को भी वित्तीय जागरूकता के प्रति प्रेरित करें। उपस्थित कार्मिकों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## खेल मैदान पर अवैध निर्माण जारी तहसील प्रशासन साधे मौन

### राजस्व टीम की पैमाइश में खेल मैदान पर अवैध कब्जा की हुई पुष्टि

**लखीमपुर खीरी।** मामला गोला तहसील की ग्राम पंचायत जटपुरा का है जहां एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा खेल मैदान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर खेल मैदान की जमीन खाली कराए जाने की मांग शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार ने की थी। मामले की खबर को प्रमुखता से अमर भारती समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था उक्त खबर का संज्ञान ग्रहण करते हुए तहसीलदार गोला द्वारा जांच टीम गठित कर खेल मैदान की पैमाइश कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए थे। उक्त के क्रम में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल की संयुक्त टीम ने खेल मैदान की पैमाइश की जिसमें कई मकान खेल मैदान में बने मिले। मामले की पैमाइश में अवैध कब्जा की पुष्टि के बाद भी दबंगों द्वारा निर्माण कार्य होता मिला। उक्त अवैध निर्माण पर रोक लगाने में तहसील प्रशासन पूरी तरह से नाकाम दिखाई पड़ रहा है। शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार का आरोप है कि उक्त अवैध कब्जा ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल सहित कानून गो की मिली भगत से किया जा रहा है ।शिकायतकर्ता के आरोपो को अगर सत्य मान जाए तो प्रधान और तहसील प्रशासन ने अवैध कबजेदारों से सेटिंग कर गहरी कमाई की है जिसके चलते दबंग का निर्माण कार्य जारी है। शिकायतकर्ता ने कार्रवाई न होने पर और अवैध निर्माण न रूकवाये जाने पर उच्चतम न्यायालय में न्यायालय के आदेश की अवमानना का वाद योजित किए जाने की बात कही है । इस संबंध में जब तहसीलदार गोला भीमचंद से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अभी निर्माण रुकवाया जाएगा। किसी कीमत पर निर्माण नहीं होने दिया जाएगा तथा रिपोर्ट मिलने के बाद सभी अवैध कबजेदारो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जल मिशन योजना के तहत लगी टंकी बनी शोपीस



**मैगलगंज खीरी।** प्रदेश सरकार की हर घर जल योजना के तहत करोड़ रुपयों की लागत से बनी पानी की टंकियां महज शोपीस बनी हुई है। इन टंकियां में पानी की सप्लाई अभी तक शुरू नहीं हुई है।जल मिशन योजना के तहत मैगलगंज कस्बे में बनी पानी की टंकी में पानी की सप्लाई न शुरू होने के चलते कहीं न कहीं यह योजना शुरू होने से पहले ही कागजों पर दम तोड़ चुकी है।इस बाबत क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब इन टंकियां में पानी सप्लाई ही नहीं होना था तो यह महज शोपीस क्यों लगाई गई।

# अपहरण व अवैध धर्म परिवर्तन प्रकरण में थाना क्योलड़िया द्वारा वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** पुलिस द्वारा बालिकाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक और सफलता हासिल की गई है। दिनांक 05.01.2026 को किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में थाना क्योलड़िया पुलिस ने तकनीकी निगरानी एवं अंतर-जिला समन्वय के माध्यम से मात्र कुछ घंटों में पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही मुख्य अभियुक्त रेहान को आज दिनांक 08.01.2026 को गिरफ्तार कर लिया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचय–**

दिनांक 05.01.2026 को पीड़िता के पिता द्वारा थाना क्योलड़िया में तहरीर दी गयी कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री को रेहान पुत्र फिदा हुसैन द्वारा अपने भाई रिजवान एवं बब्बू के सहयोग से बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। इस पर प्रारम्भ में धारा 137(2) बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पीड़िता की बरामदगी एवं उसके बयानो के आधार पर धारा 64(2)रूबीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूध्द धर्म संपरिवर्तन प्रति0 अधिनियम व धारा 5रु/6 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।

**कार्यवाही–**

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना क्योलड़िया पुलिस द्वारा वांछित की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न संभावित स्थानो पर लगातार निगरानी एवं छापेमारी की गयी। मुखबिर की विश्वसनीय सूचना के आधार पर आज डैम चौराहे से अभियुक्त रेहान को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त–** रेहान पुत्र फिदा हुसैन नि0 कस्बा व थाना क्योलाड़िया जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष

**घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोग का विवरण–** मु0अ0सं0 05/25 धारा 137(2)/64(2)रू बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूध्द धर्म संपरिवर्तन प्रति0 अधिनियम 2021 व धारा 5रु/6 पॉक्सो एक्ट थाना क्योलड़िया जनपद बरेली अभियुक्त कस्बा क्योलाड़िया का निवासी है तथा कक्षा 05 तक शिक्षित है। पिछले लगभग 05 वर्षो से जयपुर में प्लम्बर का कार्य करता रहा है। अभियुक्त की मानसिकता अपराधिक एवं कट्टरपंथी प्रवृत्ति की पाई गई। अभियुक्त द्वारा पीड़िता/अपहृता को प्रेमजाल में फँसाकर



मुस्लिम धर्म के प्रति आकर्षित कर संबंध बनाकर विश्वास में लिया गया। इसी विश्वास का दुरुपयोग करते हुए अभियुक्त द्वारा पीड़िता को मुस्लिम धर्म स्वीकार कराने के उद्देश्य से अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने हेतु ले जाया जा रहा था। जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेन में चेकिंग के दौरान पीड़िता/अपहृता को तो सकुशल बरामद कर लिया गया, किन्तु अभियुक्त भीड़ का लाभ उठाकर मौके से फरार होने में सफल हो गया। बाद में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सघन प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस टीम–** 1. श्री वेद सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना क्योलड़िया बरेली, व0उ0नि0 श्री देशराज सिंह, उ0नि0 श्री अरिमर्दन सिंह, हे0कां0 नवीन कुमार, कां0 सचिन कुमार, कां0 सुधीर कुमार, म0कां0 सोनी।

## सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जेसीआई लखीमपुर ने सक्रिय सहभागिता



**लखीमपुर खीरी।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवाहन विभाग के नेतृत्व में आयोजित कार बाइक रैली में जेसीआई लखीमपुर ने सक्रिय सहभागिता कर उपविजेता पुरस्कार अर्जित किया।परिवाहन विभाग द्वारा आयोजित कार-बाइक रैली में जेसीआई लखीमपुर ने सक्रिय सहभागिता करके उपविजेता पुरस्कार अर्जित किया। उक्त रैली सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रंखला में आयोजित की गई थी जिसमें प्रशासन के साथ अनेक सामाजिक संगठनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था सदस्यों ने बढ़-चढ़कर इस रैली में सहभागिता की। रैली में मुख्य रूप से सचिन अग्रवाल के साथ पूर्वाध्यक्ष विशाल सेठ, राममोहन गुप्ता, आर्येन्द्र पाल सिंह ने संयोजन में मुख्य भूमिका निभाई और इसी क्रम में संस्था के कर्मठ सदस्यों विश्वास सेठ, कुशाग्र अग्रवाल, राहुल माथुर व शुभम अग्रवाल ने अपने वाहनों के साथ सहभागिता की।

## .कोहरे में भीषण हादसा, ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, दो लोगों की मौत... दो गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** रिठौरा में बृहस्पतिवार सुबह यू-टर्न ले रहे ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचल दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ई-रिक्शा सवार चारों लोग बोरिंग का काम करने जा रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। पूरा ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आने से कुचल गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक नवाबगंज क्षेत्र के यासीननगर निवासी हाशिम अपना ई-रिक्शा लेकर भोजीपुरा क्षेत्र के गांव लाडपुर में काम करने जा रहे थे। ई-रिक्शा में रिछोला निवासी सलीम, नसरुद्दीन और रहीसद्दीन उर्फ मंझले भी सवार थे। ये सभी लोग बोरिंग का काम करते थे। राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक चालक यू-टर्न ले रहा था। इसी बीच ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया।

**हादसे के बाद ट्रक छोड़कर भागा**



**चालक**

बताया गया कि चालक ने ट्रक नहीं रोका, जिससे ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आ गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही रिठौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जेसीबी से ट्रक हटवाया। इसके बाद ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक हाशिम और सलीम की मौके पर ही मौत हो गई। नसरुद्दीन और रहीसद्दीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। परिजन रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। शवों को देखकर उनका कलेजा कांप गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां पर हादसा हुआ है, वहां सड़क का निर्माण हो रहा है। सुबह के वक्त कोहरा भी घना था। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## एनसीसी कैडेट्स ने पेरासेलिंग एंडवेंचर एक्टिविटी में किया प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद** – जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर नजर आए और उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपने जायज हक के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, बैठक में मुख्य रूप से ए0सी0पी0, एन0पी0एस0, बोनस, जी0पी0एफ0 और पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की पदोन्नति के जो मामले पात्रता के बावजूद लंबित है उन्हें तत्काल विभागीय चयन समिति डी0पी0सी0 के माध्यम से पूर्ण किया जाए, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन संबंधियों के प्रपत्र विदाई ही के दिन ही पूर्ण कर उन्हें लाभांवित किया जाए, एन0पी0एस0 कटौती और उसके अपडेशन में आ रही तकनीकी डिक्कतों को दूर करने के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए, बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी प्रशासन की रीढ़ है, यदि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होगा, तभी वह पूर्ण मनोयोग से जनता की सेवा कर पाएंगे, सभी विभागीय अध्यक्ष 15 दिन के अंदर अनुपालन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।



## पति की मौत के बाद प्रमाण पत्रों के लिए संघर्ष करती पुलिसकर्मी की पत्नी

### ● सभी तथ्यों के बावजूद भी लेखपाल ने 3 बार रिजेक्ट किये प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** सरकार की अनुकंपा नियुक्ति और पारिवारिक पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं कागजों में भले ही आसान दिखाई देती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर पीड़ितों को उनका लाभ पाने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम छाउछ का मामला इसका उदाहरण है, जहां एक विधवा महिला को अपने पति की मौत के बाद भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।ग्राम छाउछ के मोहल्ला धीरज नगर कॉलोनी निवासी लक्ष्मी देवी के पति स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा पुलिस विभाग में एसपी कार्यालय, सीतापुर में कार्यरत थे। 13 अगस्त 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। परिवार के मुखिया के अचानक चले जाने से आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई। शासन के नियमों के अनुसार पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति, पारिवारिक पेंशन व अन्य विभागीय लाभ मिलना चाहिए, लेकिन जरूरी प्रमाण पत्र न बनने से सारी प्रक्रिया अटक गई है। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए अब तक तीन बार आवेदन किया, लेकिन हर बार संबंधित लेखपाल अजीत कुमार द्वारा आवेदन को बिना स्पष्ट कारण बताए खारिज कर दिया गया। जब कारण पूछने का प्रयास किया गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनके नाम से 25 अगस्त 2021 को एक बार निवास प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका है। उस समय तकनीकी कारणों से आधार संशोधन नहीं हो पाया था। वर्तमान में आधार संशोधन और अन्य शासकीय कार्यों के लिए नया निवास और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है, इसके बावजूद बार-बार आवेदन खारिज होना सवाल खड़े करता है। पीड़िता का कहना है कि उनके पास पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक अभिलेख पूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इसके बाद भी यदि प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं तो यह सीधे तौर पर लापरवाही और मनमानी को दर्शाता है।

**मुख्यमंत्री पोर्टल पर पहुंचा मामला**

लगातार हो रही अनदेखी से परेशान होकर लक्ष्मी देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की जांच



और शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रमाण पत्र जारी नहीं हुए तो अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।मामले को लेकर जब लेखपाल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और तथ्यों की जांच की जा रही है। यदि तथ्य सही है तो दस्तावेज अवश्य बनाए जाएंगे। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार ने कहा कि प्रार्थना पत्र को सभी दस्तावेजों के साथ कार्यालय भेज दीजिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**सरकारी दावों पर सवाल**

यह मामला शासन के उन दावों पर सवाल खड़े करता है, जिनमें कहा जाता है कि विधवाओं और आश्रितों को समयबद्ध तरीके से सरकारी लाभ दिए जाएंगे। पति की मौत के बाद नौकरी की आस लगाए बैठी महिला आज भी प्रमाण पत्रों के लिए भटकने को मजबूर है। जब एक पुलिसकर्मी के परिवार को ही समय पर न्याय और सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी गोला को सौंपा ज्ञापन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बंगलादेश मे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हर जगह दे रहे हैं ज्ञापन,डाक्टर इंद्रेश कुमार केंद्रीय अधिकारी(आर एस एस)व मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के दिशा-निर्देश पर हर जगह ज्ञापन दिये जारहे हैं, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कार्यालय लखनऊ से ठाकुर राजा रईस के आदेश पर उत्तर प्रदेश के हर जनपद मे ज्ञापन दिए जारहे इसी करम मे जनपद खीरी के तहसील गोला में उप जिलाधिकारी,तहसील दार गोला द्वारा माननीय महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक शेर अली खान ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं के साथ सौंपा ज्ञापन। इस मौके पर शेर अली खान, प्रांत संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच,लाला अलीमुद्दीन,जिला सह संयोजक,छोटे खान,राशिद अल्वी,रौतास खान,अज्जू खान जिला संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मौजूद रहे।

## SIR प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के संशोधन और नए नाम जोड़ने के कार्य को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला–** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के संशोधन और नए नाम जोड़ने के कार्य को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन मुकेश धामा के निवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। नए मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं और छूटे हुए नागरिकों के फॉर्म नंबर-6 अधिक से अधिक संख्या में भरवाए जाएं। उन्होंने कहा कि (SIR) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर टूण्डला के नगर पालिका चेयरमैन चौधरी भंवर सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष पवन चक, गिरवर निषाद, अमर सिंह सविता, सौदान सिंह सविता, सुरेश चंद सविता, सुरेन्द्र कुमार सविता, और राजू सविता उपस्थित रहे। इसके अलावा रामनिवास चक, विष्णु तिवारी, बाबू लाला सविता, श्यामसुंदर धामा, मधु धामा और मोहित धामा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने बूथ स्तर पर सक्रिय होकर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद** – जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर नजर आए और उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपने जायज हक के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, बैठक में मुख्य रूप से ए0सी0पी0, एन0पी0एस0, बोनस, जी0पी0एफ0 और पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की पदोन्नति के जो मामले पात्रता के बावजूद लंबित है उन्हें तत्काल विभागीय चयन समिति डी0पी0सी0 के माध्यम से पूर्ण किया जाए, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन संबंधियों के प्रपत्र विदाई ही के दिन ही पूर्ण कर उन्हें लाभांवित किया जाए, एन0पी0एस0 कटौती और उसके अपडेशन में आ रही तकनीकी डिक्कतों को दूर करने के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए, बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी प्रशासन की रीढ़ है, यदि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होगा, तभी वह पूर्ण मनोयोग से जनता की सेवा कर पाएंगे, सभी विभागीय अध्यक्ष 15 दिन के अंदर अनुपालन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।




## नेपाल में चुनाव कराने को लेकर भारत-नेपाल के अफसरों की बैठक

### ● सीमा पर विशेष निगरानी और अपराध नियंत्रण पर जोर

### जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी करेंगे नेपाल का हर संभव सहयोग

### भारत-नेपाल का रिश्ता सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं, यह 'रोटी-बेटी' का अटूट बंधन है : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नेपाल में आगामी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव 2026 के चुनाव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक नेपाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में दोनों देशों ने चुनाव के दौरान सूचना आदान-प्रदान और सहयोग को सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी और नेपाल की ओर से कैलाली एवं कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग और साझा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। बैठक की शुरुआत में दोनों देशों के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। बैठक में चुनाव के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने चुनाव के मद्देनजर सीमा पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धरपकड़ सीमा के दोनों तरफ कैसे की जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर अपराधियों को संरक्षण ना मिल सके आदि महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई। इस चुनावी पर्व पर सहयोग की अपेक्षा करते हुए सीडीओ कैलाली हीरालाल रेग्मी और सीडीओ कंचनपुर मदन कोइराला ने कहा कि जितना सहयोग मिलेगा उतना चुनाव कराने में आसानी होगी। हमारे संबंध अच्छे थे और भविष्य में भी बेहतर रहेंगे। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक बंधनों से जुड़े हैं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इसे 'रोटी-बेटी का रिश्ता' बताते हुए दोनों देशों के अटूट बंधन पर जोर दिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी नेपाल के अधिकारियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने कहा कि इस संवाद से सीमा सुरक्षा और अपराध नियंत्रण और मजबूत होंगे और सीमावर्ती जनता को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था मिलेगी।

**वर्जन–** एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि, सूचना का रियल टाइम आदान-प्रदान, और आपात सेवाओं की निर्बाध आवाजाही प्राथमिकताएं रहेंगी। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि भारत की ओर से पेट्रोलिंग सतत जारी है। हम नेपाल की ओर से मिलने वाली सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड करेंगे।

**ये भारतीय अधिकारी रहे मौजूद**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम डॉ अवनीश, राजीव निगम, कमांडेंट 39 बटालियन आरके राजेश्वरी, डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन विजेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट 49 बटालियन शेर सिंह चौधरी, सेकेंड इन कमांडेंट थर्ड बटालियन एम डी तमांग, कमांडेंट 70 बटालियन राजन श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह मौजूद रहे।

**नेपाल के ये अधिकारी रहे मौजूद**

मुख्य जिलाधिकारी (कैलाली) हीरालाल रेग्मी, मुख्य जिलाधिकारी (कंचनपुर) मदन कोइराला, असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कैलाली किरण जोशी, असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कंचनपुर मोहन चंद्र जोशी, एसपी कैलाली नरेंद्र चंद, एसपी कंचनपुर खड़ग बहादुर खत्री, एसपी एपीएफ कैलाली लोकेंद्र देव भट्ट, एसपी एपीएफ कंचनपुर सुरेंद्र राज रंजीत, डिप्टी इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर महेश बोहरा, प्रकाश शाह, चीफ एरिया एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर तारा नाथ पनेरू, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, कैलाली शिव राज जोशी, सेक्शन ऑफिसर, कैलाली कल्पना भट्ट।

## पर्यावरण मित्र समूह ने हरियाली मित्र सम्मान अभियान के तहत किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** पर्यावरण मित्र समूह अपने हरियाली मित्र सम्मान अभियान के अंतर्गत अरुण कुमार मौर्य एवं कालिंदी मौर्य को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 'घरों की छत, आंगन, किचेन गार्डन या फिर लॉन को हरा भरा बनाने वाले पर्यावरण प्रेमी परिवारों को सम्मानित करने के प्रेरक अभियान की श्रंखला के अंतर्गत पर्यावरण मित्र समूह द्वारा पंजाबी कालोनी निवासी अरुण कुमार मौर्य को सम्मानित किया गया। अरुण मौर्य और उनके परिजनों ने अपने घर को छोटे किन्तु सुंदर लॉन, छत को सब्जी एवं फूल वाले पौधों से एवं किचेन गार्डन को भी बखूबी हरा भरा स्वरूप दे रखा है।इस अवसर पर पर्यावरण मित्र समूह के संयोजक विशाल सेठ, मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त, प्रबंधन प्रमुख मयूरी नागर, कोर कमेटी सदस्य रश्मि महेंद्रा, कुमकुम गुप्ता एवं संजय गुप्ता सहित अक्षत मौर्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध मांस कारोबार का पर्दाफाश, औराई में पाँच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भदोही।** औराई पावर हाउस के पास बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने कथित रूप से अवैध मांस की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान इकलाख कुरैशी पुत्र अमीन कुरैशी निवासी भदोही के रूप में हुई है। बताया गया कि बजरंग दल को क्षेत्र में मांस बिक्री की सूचना मिली थी, जिस पर कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के सहयोग से संदिग्ध व्यक्ति को रोक लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार तथा कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया।

इस मामले में अर्पित प्रजापति की तहरीर पर औराई कोतवाली में रियाज पुत्र असलम, शमशीर पुत्र इस्लाम, आसिफ पुत्र नन्हे, नन्हे पुत्र इस्लाम एवं इकलाख पुत्र अमीन, सभी निवासी जमुन, भदोही के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा अवैध मांस कारोबार से जुड़े नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्री के गुम होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमसुदगी

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के पिता ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गुमसुदगी दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के बडौहा गाँव निवासी रामबली कोल ने दी गई तहरीर में बताया है की 22 वर्षीय पुत्री गुड़िया परिवर्तित नाम बीते 9 दिसम्बर 2025 को घर से देवरी बाजार गई थी की वापस लौट कर नही आई। काफी खोजबीन करने के बाद पता नही चलने पर युवती के पिता द्वारा युवती के गुम होने की गुमसुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवती के गुम होने पर युवती के पिता द्वारा गुमसुदगी दर्ज कराई गई है मामले की जांच पड़ताल कि जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला युवती शव

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली अंतर्गत सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के बलुआ बजाहूर ककरहिया गांव के जंगल में गुरुवार को एक युवती का धारदार हथियार से हत्या कर सड़क के किनारे फेंका गया था शव को देखने के लिए घटना स्थल पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई शव को पत्थरों से ढका हुआ था जिससे स्पष्ट हो रहा था कि हत्यारे शव का शिनाख्त न हो इस लिए छिपाए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार। युवती का हत्या के लिए धारदार हथियार का प्रयोग किया गया था मौके पर चाकू बरामद किया गया है जिसमें खुन लगा हुआ है।युवती का फेका हुआ पर्स भी मिला हुआ है जिससे साबित होता है कि युवती का कोई जान-पहचान वाले ही घटना का इल्जाम दिए हो। हालांकि पर्स को लेकर लुटपाट की आंशका लोगों द्वारा की जा रही है। घटनास्थल स्थल पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी ली लेकिन शिनाख्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर ज्वेलरी की ठगी, 48 हजार का सामान लेकर फरार

**गोपीगंज।** जंगीगंज धनतुलसी मार्ग स्थित दिनेश एण्ड सन्स की बिल्डिंग में संचालित एक ज्वेलरी दुकान में फर्जी ऑनलाइन भुगतान के जरिए ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, दिनांक 04/01/2026 को लगभग दोपहर 3 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से दुकान पर पहुंचे और ज्वेलरी खरीदने की बात कही। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने करीब 48,000 रुपये मूल्य का ज्वेलरी सामान लिया और भुगतान के नाम पर (यूपीआई) ट्रांजेक्शन का फर्जी स्क्रीनशॉट दुकानदार को दिखाया। दुकानदार ने जब बाद में अपने बैंक खाते की जांच की, तो पता चला कि खाते में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी। तब तक दोनों अज्ञात आरोपी सामान लेकर मौके से फरार हो चुके थे। पीड़ित ने इस घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने की तैयारी कर ली है और अज्ञात ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं से व्यापारियों में चिंता का माहौल है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मीरजापुर में प्रथम आगमन पर चुनार विधायक ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने मीरजापुर प्रथम आगमन पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे ओमप्रकाश सिंह के सरोज सदन मंगरहा आवास पर पहुंच कर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का काफिला वाराणसी से सड़क मार्ग से मीरजापुर के साधों माधो पुल पर जैसे ही पहुचा वहां पहले से ही खड़े हजारों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही चुनार के लोकप्रिय विधायक अनुराग सिंह के आवास पर पहुंचा विधायक द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चुनार विधायक अनुराग सिंह के पिता व पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा पूर्व भाजपा सरकार में रहें कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना। प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा कई मामले में अहम देखा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के इस दौरे में जहां भाजपा के मीरजापुर सहित अन्य जिलों के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तो वही अपना दल एस ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखा। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री भाजपा सरकार, रत्नाकर मिश्रा सीटी विधायक, रमाशंकर पटेल मड़िहान विधायक,सुचिता मौर्या मझवा विधायक, जिला अध्यक्ष बृज भूषण सिंह, जिला मंत्री मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा की अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंत्री विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह जितेंद्र सिंह सहित आस पास के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे।





### सपा युवा फ्रंटल की बैठक में मतदाता सूची विस्तार पर मंथन

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जनपद भदोही के जिला कार्यालय कंसापुर ज्ञानपुर में गुरुवार को युवा फ्रंटल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम जुड़वाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिलीप भीम कनौजिया ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि वोट देने का अधिकार ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जब वोट का अधिकार होते हुए भी पीडीए समाज पर उत्पीड़न हो रहा है, तो सोचिए यदि यह अधिकार कमजोर पड़ा तो हालात और भयावह हो सकते हैं। वर्चस्ववादी ताकतें मनमानी सरकार बनाकर संविधान को कमजोर करने का प्रयास करेंगी। अपना वोट सुरक्षित रखना ही संविधान, आरक्षण और रोजगार के अधिकारों की रक्षा करना है। बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान को तेज करने, नए मतदाताओं को जोड़ने और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बाबा बिंद, संतोष यादव, सृजन मिश्रा, जामी सिद्दिकी, वीरेंद्र यादव, संजय यादव, पंचमणी यादव, लालचंद बिंद, अरशद खान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घोसिया में हजरत बाबा अब्दुल लतीफ शाह का दो दिवसीय सालाना उर्स श्रद्धा व शांति के साथ संपन्न

● कव्वाली का महा मुकाबला रहा आकर्षण का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घोसिया।** नगर पंचायत घोसिया के वार्ड संख्या-1 स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा अब्दुल लतीफ शाह का दो दिवसीय सालाना उर्स पूरी अकीदत, श्रद्धा और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। उर्स के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर अमन-चैन, भाईचारे और क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। पूरे आयोजन के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर एवं आसपास आयोजित मेले में खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिससे स्थानीय दुकानदारों की अच्छी-खासी बिक्री हुई। मेले में अमावट, बिस्किट, नमकीन, मूंगफली तथा बच्चों के खिलौनों की सर्वाधिक मांग रही। बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों ने मेले की रौनक और बढ़ा दी। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रईस अहमद उस्मानी, शब्बीर आलम, मोहम्मद हलीम, नेहाल अहमद सहित अन्य जिम्मेदार लोग लगातार व्यवस्थाओं में जुटे रहे, जिनके सहयोग से उर्स और मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उर्स के समापन अवसर पर 8 तारीख की रात चमनगंज तकिया पर आयोजित कव्वाली का भव्य महा मुकाबला श्रद्धालुओं और श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रहा। रात 9 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले में गाजीपुर के मशहूर कव्वाल इश्तियाक भारती और कोलकाता की प्रसिद्ध कव्वाल उजमा नाज ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से महफिल में समां बांध दिया। देर रात तक सूफियाना कलाम का सिलसिला चलता रहा, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति ने उर्स एवं कव्वाली कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कुल मिलाकर हजरत बाबा अब्दुल लतीफ शाह का सालाना उर्स धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सेवानिवृत होने पर कर्मचारी विदाई समारोह हुआ आयोजित



**मीरजापुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी चंद्रशेखर मिश्र के रिटायर होने पर गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी छोटेलाल वर्मा ने कहा कि इनके सेवानिवृत्ति होने पर विभाग को एक बहुत बड़ी क्षति हुई है विदाई समारोह में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभागके एडी को बनाया गया था कार्यक्रम कीव्यवस्था अपर शोध अधिकारी आशीष वर्मा नेकिया कार्यक्रम में मुख्य रूपसे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी डॉक्टर मुकेश, डॉ वीरेंद्र चौधरी समेत समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## केएनपीजी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. रमेश चंद्र यादव के संरक्षण में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र में विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कानूनी जानकारी से न केवल व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है, बल्कि समाज में समरसता और न्याय की भावना भी मजबूत होती है।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्य दत्त पांडे एवं सीनियर एडवोकेट अमिताभ श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विधिक जानकारी प्रदान की। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने भारतीय संविधान के अंतर्गत प्रदत्त नागरिक अधिकारों एवं कानूनों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की संयोजिका अंशुबाला ने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की जानकारी भी उतनी ही जरूरी है और स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ने किया, जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उम्मा यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीएलवी आनंद सिंह, वंदना शुक्ला सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. महेंद्र कुमार यादव, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. श्रीश कुमार उपाध्याय तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पाँच वर्षीय भटके बालक को पुलिस ने सकुशल परिजनों से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** भदोही पुलिस ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया है। थाना औराई क्षेत्र में भटक गए करीब 5 वर्षीय मासूम बच्चे को पुलिस ने सकुशल खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

घटना गुरुवार दोपहर की है, जब पीआरवी 5529 को सूचना मिली कि एक अनजान बच्चा ग्राम गरौली, थाना औराई क्षेत्र में भटक रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी तथा थाना औराई के हेड कांस्टेबल उदित नारायण मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। प्रयासों के बाद बच्चे की पहचान ग्राम भमोरा, थाना औराई स्थित बनवासी (मुसहर) बस्ती के निवासी के रूप में हुई।

इसके बाद पुलिस टीम तत्काल ग्राम भमोरा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने बच्चे को पहचान लिया। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित उसकी माता के सुपुर्द किया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों की आंखें खुशी से भर आईं और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### आज कलेक्ट्रेट सभागार में कोर कमेटी एवं जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की मा.मंत्री ए के शर्मा की अध्यक्षता में होगी बैठक

जनपद प्रभारी मंत्री ए.के.शर्मा 'विकसित भारत–जी राम जी' योजना का मीडिया बंधुओं के साथ करेंगे प्रेसवार्ता



**भदोही** 08 जनवरी 2026:- मंत्री,नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 ए. के. शर्मा जी का 09 जनवरी को जनपद भदोही भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रोटोकॉल के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में 12 बजे से कोर कमेटी की बैठक,12:45 बजे विकसित भारत जी राम जी योजना ( गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ) के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी देंगे। 1:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक मा. प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपादित होगी। राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में आगमन एवं 14:30 बजे से 16:00 बजे तक (आरक्षित), तत्पश्चयात अन्य जनपद हेतु प्रस्थान करेंगे।

### जय श्री महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ सुभारंभ

● ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धिरज मिश्रा व सजय शुक्ला बाबाजी ने भूमी पुजन व फिता काटकर किया क्रिकेट का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हलिया, मीरजापुर।** महामृत्युंजय नाथ धाम खुटहा देवरी पुरब के प्रांगण मे वृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्रा उर्फ बब्लू मिश्रा व सजय शुक्ला ने भूमि पुजन व फिता काटकर जय श्री महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ। शुभारंभ के दौरान दुर्जनीपुर व महेशपुर के बीच खेला गया मैच दोनों टीम से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त करते हुए मैच का किया गया शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक सुरेश शुक्ला ने बताया की विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी कैनवस बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें आप महानुभाव अपने टीम सहित मौके पर पहुंचे टीम को 11000 नगद एवं उपविजेता को 5100 नगर तथा विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच तथा अंत में मैन ऑफ द सीरीज दिया जाएगा।कमेटी के अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने बताया कि एलबीडब्ल्यू को छोड़कर सभी नियम लागू होगा एक टीम से खेला हुआ खिलाड़ी किसी दूसरे टीम से दोबारा मैच नहीं खेल सकता अंपायर का निर्णय सर्वमान्य होगा कमेटी द्वारा दिए गए समय का विशेष ध्यान देना होगा नामांकन फीस 500 होगा मौके पर टूर्नामेंट कमेटी के द्वारा मौजूद सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नदौली पटेहरा धिरज मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा व सजय शुक्ला बाबाजी साथ मे क्षेत्र पंचायत सदस्य शुशील पटेल विवेक मिश्रा व सजय तिवारी पियुष शुक्ला व्यवस्थापक सुरेश शुक्ला दीपू दुबे राजू शुक्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य खुटहा विनय दुबे अशोक दुबे विवेक मिश्रा। क्षेत्र से आज हुए भानु तिवारी जेपी तिवारी मिथलेश मिश्रा अनिल मिश्रा शारदा प्रसाद रघुप्रसाद लालधारी सहित लोग मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया दुरुपयोग व हत्या की साजिश का आरोप

● गिरफ्तारी न होने से पीड़िता पहुंची कोतवाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले की रहने वाली प्राची सोनी ने बुधवार को जनपद मिर्जापुर के कटरा कोतवाली पहुंचकर कोतवाल से मुलाकात कर गंभीर आरोप लगाए। प्राची सोनी का कहना है कि उसके पति के सोशल मीडिया अकाउंट का दुरुपयोग कर न सिर्फ उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, बल्कि उसके माता-पिता को बदनाम करने की साजिश भी रची जा रही है।

पीड़िता ने मांग की कि उसके पति का मोबाइल फोन तत्काल पुलिस अपने कब्जे में लेकर तकनीकी जांच कराए तथा गलत तरीके से सामाजिक क्षति पहुंचाने और मानसिक उत्पीड़न देने के आरोप में उसकी सास व देवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

प्राची सोनी ने बताया कि उसकी शिकायत पर 18 अगस्त 2025 को कटरा कोतवाली में विजय सोनी, महेश सोनी और सुनीता सोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता/भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। दर्ज मुकदमे में धारा 291, 85, 352, 351(3), 103(1) सहित अन्य धाराएं लगाई गई हैं।

इनमें धारा 103(1) (गंभीर आपराधिक कृत्य), धारा 351(3) (गंभीर आपराधिक धमकी) और धारा 291 जैसी धाराएं मामले को गंभीर बनाती हैं, जो गैर-जमानती प्रकृति की मानी जाती हैं। इसके बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्राची सोनी ने आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत उपरोक्त तीनों ने मिलकर की है, लेकिन पुलिस अभी भी आरोपियों की गिरफ्तारी से बच रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि बुधवार को प्राची सोनी अपनी मां, बच्चे और पति के साथ थाने पहुंची थी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने जांच जारी होने और किसी भी दोषी को न बख्शने का भरोसा दिलाया है।




## प्रधान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में हर मजरे एवं मोहल्ला में प्लास्टिक बैंक रखा गया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जिगना।** विकास खंड छानबे में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बनाए गए मॉडल गांव गौरा में अनोखा पहल किया है प्रधान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में हर मजरे एवं मोहल्ला में प्लास्टिक बैंक रखा गया है।तथा घर-घर से कूड़ा इकट्ठा किया जाता है।वह कुंडा आरसी केंद्र पर कूड़े को सैरीगेट भी किया जाता है और स्थानीय वेंडर से संपर्क कर कूड़े को बेचा जा रहा है।इसमें तीन कर्मचारी कार्य कर रहे हैं और लगभग 22 कुंतल ठेस कूड़े को इकट्ठा करके बेचा गया है और लगभग 7 कुंतल 50 किलो गोबर को बर्मी खाद में कन्वर्ट कर नर्सरी एवं किसानों तथा प्रयागराज के वेंडर को दिया गया है ।और इसके साथ ही साथ गोबर से दीपक ,धूप बत्ती एवं बर्मीवास तैयार किया जा रहा है जो रोग जनित पौधों एवं फसलों पर छिड़काव के लिए बन रहा है 1 लीटर गर्मी वास 1 लीटर गोमूत्र मिलाकर 10 लीटर घोल तैयार करके खेतों में छिड़काव किया जा सकता है यह प्रयास एक अन्य ग्राम पंचायत के लिए मॉडल के रूप में प्रारंभ किया गया है। जनपद छानबे के समस्त ग्राम पंचायत के प्रधान एवं कंसलटिंग इंजीनियर के द्वारा ग्राम पंचायत ने कराये जा रहे कार्यों का एक्सपोज़र विजिट किया गया तथा अपने ग्राम पंचायत में भी इसी प्रकार के अभियान को लागू करने के लिए बोला गया है प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह के द्वारा अवगत कराया गया कि भविष्य में यहां पर गोबर का एट एवं गोबर के गुल बनाए जाएंगे तथा प्लास्टिक को ग्रेन्यूल्स के रूप में कन्वर्ट कर जो कंपनियां खिलौना याद कुर्सियां बनाती हैं उन्हें बेचा जाएगा तथा उनसे संपर्क भी किया गया है। ग्राम पंचायत स्वयं आर्थिक सफलता की ओर बढ़ रहा है अब तक लगभग 25345 ओएसआर का जनरेशन हुआ है और ग्राम पंचायत में स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत तीनों व्यक्तियों को ओएसआर की धनराशि से मानदेय दिया जाता है निरीक्षण के समय जिला कंसलटेंट विनोद कुमार श्रीवास्तव प्रभारी सहायक विकास अधिकारी ब्रिजेश कुमार सिंह सचिव राकेश तिवारी ग्राम विकास अधिकारी खंड प्रेरक हरीश शुक्ला एवं जयप्रकाश शुक्ला तथा प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी कृष्णजीत सिंह कुशलजीत बिना अजय कुमार राम मणि शुक्ला गुलाम रसूल सतीश कुमार रामशंकर यादव आशीष कुमार यादव हिछ नारायण यादव तथा सचिव अभिषेक पाराशर अक्षय कुमार दिनेश कुमार दिलीप कुमार यादव मुस्ताक अहमद अपेक्षा यादव अनुराग सिंह आदि उपस्थित रहे।



### 2015 जाम मामले में परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह समेत 14 आरोपी दोषमुक्त, 10 साल बाद कोर्ट का बड़ा फैसला

**बलिया।** वर्ष 2015 में दर्ज जाम और सरकारी आदेश उल्लंघन के मामले में उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह को बड़ी राहत मिली है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मंत्री दयाशंकर सिंह सहित कुल 14 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में अभी तक किसी भी आरोपी पर आरोप तय नहीं हो सके थे, इसलिए अभियोजन का वाद नियमानुसार वापस लिया जाना उचित है। अदालत ने अपने आदेश में सभी अभियुक्तों के जमानत बंध पत्र निरस्त कर दिए और उनके जमानतदारों को भी दायित्वों से मुक्त कर दिया। इसके साथ ही अभियोजन अधिकारी द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र का निस्तारण करते हुए पत्रावली को अभिलेखागार में दाखिल करने का निर्देश दिया गया। यह मामला 9 सितंबर 2015 का है, जब तत्कालीन भाजपा नेता दयाशंकर सिंह अपने समर्थकों के साथ माल गोदाम क्षेत्र में सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान आम जनमानस का आवागमन बाधित हुआ था और जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन का आरोप लगा था। घटना के बाद कोतवाली थाने में धारा 188 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने दयाशंकर सिंह समेत 14 नामजद और करीब 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वर्ष 2016 में सीजेएम न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया था और मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। करीब एक दशक बाद आए इस फैसले से सभी आरोपियों को कानूनी राहत मिली है और मामला समाप्त हो गया है।

## सोशल मीडिया दुरुपयोग व हत्या की साजिश का आरोप

● गिरफ्तारी न होने से पीड़िता पहुंची कोतवाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले की रहने वाली प्राची सोनी ने बुधवार को जनपद मिर्जापुर के कटरा कोतवाली पहुंचकर कोतवाल से मुलाकात कर गंभीर आरोप लगाए। प्राची सोनी का कहना है कि उसके पति के सोशल मीडिया अकाउंट का दुरुपयोग कर न सिर्फ उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, बल्कि उसके माता-पिता को बदनाम करने की साजिश भी रची जा रही है।

पीड़िता ने मांग की कि उसके पति का मोबाइल फोन तत्काल पुलिस अपने कब्जे में लेकर तकनीकी जांच कराए तथा गलत तरीके से सामाजिक क्षति पहुंचाने और मानसिक उत्पीड़न देने के आरोप में उसकी सास व देवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

प्राची सोनी ने बताया कि उसकी शिकायत पर 18 अगस्त 2025 को कटरा कोतवाली में विजय सोनी, महेश सोनी और सुनीता सोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता/भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। दर्ज मुकदमे में धारा 291, 85, 352, 351(3), 103(1) सहित अन्य धाराएं लगाई गई हैं।

इनमें धारा 103(1) (गंभीर आपराधिक कृत्य), धारा 351(3) (गंभीर आपराधिक धमकी) और धारा 291 जैसी धाराएं मामले को गंभीर बनाती हैं, जो गैर-जमानती प्रकृति की मानी जाती हैं। इसके बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्राची सोनी ने आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत उपरोक्त तीनों ने मिलकर की है, लेकिन पुलिस अभी भी आरोपियों की गिरफ्तारी से बच रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि बुधवार को प्राची सोनी अपनी मां, बच्चे और पति के साथ थाने पहुंची थी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने जांच जारी होने और किसी भी दोषी को न बख्शने का भरोसा दिलाया है।




## अन्धविश्वासो के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम 9 जनवरी को होगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान मे अन्धविश्वासो के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम 9 जनवरी 2026को शांति निकेतन इंटर कॉलेज पचोखरा मड़िहान मीरजापुर मे आयोजित होगा। इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे समाज विरोधी और जीवन के लिए घातक व्यक्तियों का पर्दाफाश वैज्ञानिक ढंग से किया जाना और समाज मे अलौकिक चमत्कारों मे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतो एवं प्रयोगो का प्रदर्शन करके विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बेहतर ढंग से उपयोग किये जाने के लिए उत्प्रेरित किया जाना है।इस कार्यक्रम मे विषय विशेषज्ञ के रूप मे प्रयागराज नैनी से प्रमोद मिश्रा उपस्थित रहेंगे।उनके द्वारा प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से नारियल से भूत भगाना,चाकू से चावल भरे लोटे को उठाना,जीभ से त्रिशूल आर पार करना,जीभ पर कपूर जलाना,बिना माचिस के हवन कुंड मे दीप जलाना जैसे ढोंगियों द्वारा दिखाए गये चमत्कारों का पर्दा फाश करेंगे,उनके सहयोगी के रूप मे शिव राम उपस्थित रहेंगे।ऐसे 100 चमत्कारों की व्याख्या प्रयोगो द्वारा की जाएगी।छात्र एवं छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं आस पास के ग्रामीण लोगो को भी बुलाया गया है।साथ हि छात्रो के बिच मे संबंधित विषय पर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा प्रतिभाग़ी छात्रो को सम्मानित किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र हनुमान नगर स्टेशन रोड पर बीते 31 दिसंबर रात्रि लगभग 9:00 बजे बाइक और स्कूटी में जोरदार टक्कर लगने से जेल रोड के समीप रहने वाले जितेंद्र शर्मा (50) पुत्र स्वर्गीय चंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने पहले स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां पर हालत गंभीर देख कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान जितेंद्र शर्मा की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### झूसी के छिबैया गांव में तेंदुआ ने घर में घुस कर किया आक्रमण। चाचा भतीजा घायल



**झूसी प्रयागराज।** झूसी और हनुमानगंज के बीच पढ़ने वाले गांव छब्बईया में बृहस्पतिवार को तेंदुआ एक घर में घुस गया इसके पहले उसने चाचा भतीजे पर हमला बोल दिया जिसमें दोनों घायल हो गए ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ शेखर सिंह के मकान में घुस गया परिजनों ने मकान का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया मकान में फंसे परिवार के सदस्यों को खिड़की तोड़कर किसी तरह से बाहर निकाला गया। स्थानीय वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई कानपुर से ट्रेंकुलाइजर एक्सपर्ट को बुलाया गया यह तेंदुआ कई महीने से गंगा पार इलाके के गांव में दहशत का कारण बन हुआ है। हरिश्चंद्र शोध संस्थान और आसपास के इलाकों छतनांग हनुमानगंज में यह कई बार देखा गया था फालतू जानवरों का शिकार किया और ग्रामीणों में दशक फैलाई है वन विभाग की टीम ने इसे पकड़ने के लिए जाल कैमरे लगाए है। और ऑपरेशन चलाएं गांव में पिंजरे भी लगाए गए लेकिन हाथ नहीं लगा अब ग्रामीणों ने इसे एक घर में कैद कर लिया।गांव में तेंदुआ दिखने पर ग्रामीणों ने भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई इसी दौरान अलाव ताप रहे मनोज भारतीय उम्र 27 और उनके भतीजे अंकित भारतीय उम्र 20 वर्ष पर तेंदुए ने हमला बोल दिया दोनों घायल हो गए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया फिलहाल तेंदुए की दहशत कायम है जब तक ट्रेकुलाइजर टीम काबू में नहीं लेती गांव में दहशत रहेगा।

### प्रयागराज मण्डल में वित्तीय वर्ष के दौरान सघन टिकट जाँच में 62.91 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**ब्यूरो प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से दिसंबर माह तक प्रयागराज मण्डल में संचालित सघन जाँच अभियानों के दौरान कुल 9.16 लाख यात्रियों को बिना टिकट, अनियमित टिकट, अनबुक लगेज एवं गंदगी फैलाने के मामलों में प्रभारित करते हुए 62.91 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इनमें से 4,27,856 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे 37,17,91,723 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। वहीं 4,63,667 यात्रियों को अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे 25,37,06,436 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त, 24,816 यात्रियों से बिना बुक किए गए सामान एवं गंदगी फैलाने के मामलों में 36,20,107 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी क्रम में केवल दिसंबर माह 2025 के दौरान चलाए गए जाँच अभियानों में कुल 1.19 लाख यात्रियों को प्रभारित कर 8.23 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इनमें 49,702 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 4,44,64,177 रुपये वसूले गए। वहीं 67,534 यात्रियों को अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे 3,76,28,047 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, 2,250 यात्रियों से बिना बुक किए गए सामान एवं गंदगी फैलाने के मामलों में 3,05,983 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए।

# यूपी सरकार का बड़ा फैसला, असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का दिया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन सं या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अ यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिर तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/ 25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया। जांच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से तत्कालीन आयोग की अध्यक्ष से त्यागपत्र लिया गया था चूंकि अभियुक्त महबूब अली निवर्तमान आयोग की अध्यक्ष का गोपनीय सहायक था। पूछताछ के दौरान अभियुक्त महबूब अली ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए गए थे, जिन्हें उसने कई अ यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया। अभियुक्त महबूब अली की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ द्वारा गहन विवेचना एवं डेटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है। जांच के क्रम में गिर तार अभियुक्तों तथा उनसे संबंधित अ यर्थियों के मोबाइल नंबरों का डाटा विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर प्रकाश में आए। इस संबंध में आयोग को पत्र लिखकर संदिग्ध अ यर्थियों का डाटा मांगा गया। प्राप्त डाटा के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि उक्त परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर मु यमंत्री योगी द्वारा उक्त परीक्षा को निरस्त किए जाने के आदेश दिये गए हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देशित किया है कि उपरोक्त परीक्षा का आयोजन शीघ्रातिशीघ्र, पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर करछना स्टेशन के समीप गुरुवार की सुबह एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना रेलवे लाइन ट्रैक पर हुई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर औद्योगिक पुलिस और जीआरपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। शव की पहचान करने में जुट गई।मृतका की पहचान चाका ब्लॉक की आशा कार्यकर्ता विमला देवी के रूप में हुई है। उनके पति का नाम राजन धुरिया है और वह हथीगन बलापुर, करछना की निवासी थीं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और परिजनों को घटना की सूचना दी। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और शव को पीएम के लिए भेजा गया।

## महिला आयोग की सदस्य नेमहिलाओं से संबंधित 32 प्रकरण में सुनवाई की

● अधिकतर शिकायतें पुलिस विभाग , कुछ राजस्व विभाग व अन्य विभाग से संबंधित थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** गीता विश्कर्मा- सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा बुधवार को महिला जनसुनवाई की गई, जिसमें सदस्य द्वारा महिलाओं से संबंधित 32 प्रकरण में सुनवाई की गई, जिसमें अधिकतर शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी, कुछ राजस्व विभाग व अन्य विभाग से संबंधित थी। सदस्य द्वारा एक दिव्यांग युवक को व्हीलचेयर दिव्यांग कल्याण विभाग के माध्यम से दिलाया गया तथा उसे दिव्यांग पेंशन योजना से लाभांवित किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। एक निराश्रित महिला अपनी शिकायत के साथ जनसुनवाई उपस्थिति हुई थी, जिसके पति की मृत्यु हो चुकी थी और उसके छोटे छोटे बच्चे थे उन बच्चों को स्पांसरशिप योजना से लाभ दिए जाने तथा महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभांवित करने हेतु महिला कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई के दौरान । अविनाश यादव अपर नगर मजिस्ट्रेट, कुंज लता सहायक पुलिस आयुक्त, सर्वजीत सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जन सुनवाई के उपरांत सदस्य, महोदया द्वारा जिला कारागार की पाकशाला व महिला बंदी बैरक का भी निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में बंदियों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई देखी गई, महिला बंदी बैरक में महिलाओं से उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना गया तथा जेल प्रशासन को ठंड के मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। सदस्य महोदया द्वारा मेला क्षेत्र के सेक्टर 1 का भ्रमण कर घाटो पर महिलाओं के कपड़े बदलने हेतु बनाए गए चेंजिंग रूम, शौचालय व अन्य व्यवस्थाओं, जो कि महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपलब्ध कराए जा रहा है।

# नुराधा पाल प्रेम कुमार मलिक दरभंगा घराना के बीना सिंह और भूपेंद्र कुमार ने अपने गीत संगीत से बांधी समा

● माघ मेला संगम पंडाल मेंलोक गीतों, नृत्य नाटिका एवं शास्त्रीय संगीत के मनोहारी गीतों का मेला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला स्थित परेड सेक्टर 3 में संस्कृति विभाग उप्र के कला संगम पंडाल में आज लोक गीतों, नृत्य नाटिका एवं शास्त्रीय संगीत के मनोहारी गीतों का भी मेला था। दर्शक लोक गीतों, शास्त्रीय संगीत की गंगा में डुबकी लगा रहे थे। अनुराधा पाल मुंबई की सेलिब्रिटी कलाकार है, कई पुरुस्कारों से सम्मानित, अपने तबला वादन से इन्होंने देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी धाक जमाई है। गंगा पंडाल में इनकी प्रस्तुति 'तबला गाये कहानियां' से दर्शक दीर्घा में सुई पटक सन्नाटा छाया रहा,तबले से ही डमरू की ध्वनि को निकाला, मेले में सामान को खरीदने को लेकर पति, पत्नी के बीच होती नोंक झोंक को तबले से उकेरा। लोगों ने मन्त्र मुग्ध हो तबला वादन का रसास्वादन किया। प्रयागराज के पं प्रेम कुमार मलिक दरभंगा घराना के 12वीं पीढ़ी के कलाकार, राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित हैं, देश विदेश में अपनी मधुर आवाज में शास्त्रीय संगीत के गीतों द्वारा अपनी अलग पहचान बनाई है। राग भीमपलासी, राग संकरा की रचना से शिव स्तुति व गंगा स्तुति के मोहक संगीत को पेश किया।

लोक नृत्य ढेड़िया की मशहूर अदाकारा बीना सिंह प्रयागराज ने अपने साथियों के साथ मिल कर श्रीराम के जीत कर आने के पश्चात इस खुशी के मौके किय जाने वाला ढेड़िया नृत्य का ऐसा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कि जनता अपने स्थान से हिल न सकी। प्रयागराज के ही प्रख्यात कलाकार भूपेंद्र कुमार ने प्रसिद्ध भजनों 'जरा हल्के गाड़ी हांकों मेरे गाड़ी वाले' 'सीताराम सीताराम कहिए' गजल ' न जी भर के देखा, न बात की '.को गाकर श्रोतागणों को झूमने को मजबूर कर दिया। पांडाल में आज के मुख्य आकर्षण में माधवी मधुकर भारत की पहली संस्कृत की स्त्रोत गायिका हैं जिन्होने संस्कृत के स्त्रोतों को स्वरबद्ध किया है 'त्रिवेणी स्त्रोतम ', 'प्रयाग अष्टकम प्रारम्भ' के ' तीर्थराजो जयति प्रयागः' 'अच्युतम केशवम' आदि कई स्वरबद्ध स्त्रोत को गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

माधवी मधुकर के 1 करोड़ से ज्यादा श्रोता हर माह उनके गाये स्वरबद्ध स्त्रोतों का आनन्द लेते हैं। ऐसा समां बांधा कि दर्शक गण अपनी जगह से हिल तक न पाए। मंच का कुशल संचालन रेनू राज ने किया। सभी कलाकारों व टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर, संस्कृति विभाग के अधिकारीयों द्वारा अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## 43 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी, 6.56 लाख किसानों को 6,791 करोड़ रुपये का भुगतान

● धान खरीदी में किसानों के भरोसे पर खरी उतरी सरकार : गोविंद सिंह राजपूत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नेहा त्रिपाठी



**ब्यूरो रीवा।** भोपाल।मध्यप्रदेश में किसानों की आय सुरक्षा और कृषि को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। मौजूदा खरीफ विपणन वर्ष में अब तक प्रदेश के 6 लाख 56 हजार 875 किसानों से 43 लाख 17 हजार 504 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। यह उपलब्धि न केवल किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती का स्पष्ट संकेत भी है। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों को 6,791 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है, जो सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है। समयबद्ध और पारदर्शी भुगतान प्रणाली से किसानों में सरकार के प्रति विश्वास और संतोष बढ़ा है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि धान विक्रय की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था लागू की गई है। किसान 13 जनवरी तक स्लॉट बुक करा सकते हैं, जबकि प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया 20 जनवरी तक जारी रहेगी। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए निर्धारित समय-सीमा में स्लॉट बुकिंग अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान विक्रय के लिए प्रदेशभर में 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जिलों में 1,436 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ धान खरीदी की जा रही है। इन केंद्रों पर गुणवत्ता परीक्षण, तौल, भुगतान और परिवहन की समुचित व्यवस्था की गई है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि खरीदी गई धान के शीघ्र भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन व्यवस्था भी तेजी से की जा रही है। अब तक कुल खरीदी गई धान का 75 प्रतिशत से अधिक, यानी 32 लाख 18 हजार 480 मीट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है। इससे भंडारण दबाव कम हुआ है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए आवश्यक भंडार समय पर उपलब्ध हो रहा है। राज्य सरकार की यह व्यापक और संगठित धान खरीदी व्यवस्था किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसान हित सर्वोपरि हैं और उन्हें उनकी उपज का पूरा और समय पर मूल्य दिलाना उसकी प्राथमिकता है।

## माघ मेला में अवैध टेंटों और दुकानों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, तत्काल हटाने के सख्त निर्देश

● पौष पूर्णिमा स्नान के बाद मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में खामियों पर जताई नाराज़गी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बिना अनुमति टेंट लगाकर रह रहे लोगों को चिन्हित कर तत्काल हटाने के निर्देश जारी किए हैं।इसके साथ ही सड़क की पटरियों पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को भी फौरन हटाने के आदेश पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गए हैं। माघ मेला के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के सफल आयोजन के पश्चात रविवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्रथम स्नान के दौरान सामने आई समस्याओं और उनके समाधान को लेकर संबंधित विभागों से विस्तृत जानकारी ली गई।मंडलायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मेला क्षेत्र में अव्यवस्था, गंदगी और अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने नल, विद्युत, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में जहां-जहां कमियां हैं, उन्हें अतिशीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही, पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। मंडलायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस सख्त रुख से माघ मेला क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों और नियमों की अनदेखी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## युवक का घर पहुंचते ही घर में पहुंचते ही मचा कोहराम



**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी अमित कुमार गौतम उर्फ आजाद 40 वर्ष पुत्र लालजी गौतम महाराष्ट्र के भीमंडी में बारफर मैन का काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। मंगलवार को दिन भर काम करने के बाद शाम को अपने कमरे पर पहुंचा तो उसके सीने में दर्द होने लगा अपने साथियों के साथ वह अस्पताल पहुंचा तो डाक्टरों ने हार्ट अटैक होने की बात कह कर रिफर कर दिए उसे बांबे ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया । मृतक का शव बृहस्पतिवार को घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया ।सूचना मिलते ग्रामीणोबकी भारी भीड़ जमा हो गई मृतक की पत्नी सरिता देवी सहित चार बेतिया है।

## रेल प्रशासन द्वारा रक्षा विभाग एवं सिविल प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में रक्षा विभाग एवं सिविल प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन तथा प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन के विकास एवं विस्तार हेतु भूमि की उपलब्धता और उससे जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी/प्रयागराज श्री मनीष कुमार वर्मा, इंडियन आर्मी के कर्नल श्री रवि कुमार सिंह, एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन श्री एल. के. तनेजा,अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य श्री दीपक कुमार सहित रेलवे, रक्षा विभाग एवं सिविल प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विचार-विमर्श के दौरान स्टेशनों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए भूमि, पहुंच मार्ग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विकसित किए जा रहे प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों के प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। सूबेदारगंज एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर बढ़ते यात्री आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त सुविधाओं के सृजन, बेहतर कनेक्टिविटी तथा मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन पर भी विशेष रूप से मंथन किया गया। रक्षा विभाग से संबंधित भूमि एवं संरचनाओं से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र समाधान निकालने पर सहमति बनी। सिविल प्रशासन के अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था, सड़क चौड़ीकरण, सर्कुलेटिंग एरिया के विकास तथा शहर के विभिन्न हिस्सों से स्टेशनों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं रक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विकास कार्यों में आवश्यक समन्वय प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने संबोधन में मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि प्रयागराज एक प्रमुख तीर्थ, सांस्कृतिक एवं परिवहन केंद्र है, इसलिए स्टेशनों का आधुनिक, सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय, समयबद्ध निर्णय तथा त्वरित क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। बैठक के अंत में चिन्हित मुद्दों के समाधान हेतु संयुक्त सर्वेक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई, जिसकी समीक्षा आगामी बैठक में की जाएगी।

# प्रमुख सचिव ने मेला क्षेत्र टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए शेष कार्यों को दो दिन के अंदर पूर्ण करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थकार्य अमृत अभिजात ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद में पर्यटन की सम्भावनाओं के दृष्टिगत बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया एवं सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन की सुविधा की व्यवस्था सहित माघमेला में आमजन हेतु आवश्यक सुविधाओं सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्माथ कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अमृत अभिजात बुधवार को माघ मेला-2026 के दृष्टिगत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के द्वारा कराये जा रहे कार्यों एवं जनपद में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों एवं पर्यटकों को उच्च स्तर की सुविधाएं प्राप्त हो सके, के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, मेलाधिकारी श्री ऋषिराज एवं पर्यटन एवं सस्कृति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ माघ मेला क्षेत्र में बनाये जा रहे थीमैटिक गेट, अस्थायी पर्यटन सूचना केन्द्र, टेंट सिटी, सांस्कृतिक पण्डाल का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से सांस्कृतिक पण्डाल का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने एवं अवशेष कार्यों को दो दिन के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद प्रयागराज में पर्यटन की सम्भावनाओं के दृष्टिगत बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया एवं आनलाइन प्लेटफार्मो के माध्यम से स्थानीय पर्यटन केन्द्रों का प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक आकर्षणों को और अधिक विकसित किए जाने, पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थलों तक सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन की सुविधा की व्यवस्था करने के सम्बंध में विचार-विमर्श किया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पर्यटन से आतिथ्य सत्कार, परिवहन, मनोरंजन और अनौपचारिक क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। माघ मेले में आने वाले श्रद्धालु व स्नानार्थी जनपद प्रयागराज के पर्यटन केन्द्रों पर भी जाये, इसके लिए उन्हें उन पर्यटन केन्द्रों के बारे में जानकारी हो, इसके लिए व्यापक रूप से पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जाये।प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थकार्य में सोशल मीडिया पर माघमेला से संबंधित सभी जनोपयोगी सूचनाओं को प्रदर्शित एवं प्रचारित करने का निर्देश दिया। सांस्कृतिक पंडाल की सराहना करते हुए उसके व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया।

## प्रयागराज की शीतलहर की तैयारी

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में आज दिनांक 08.01.2026 तक वर्तमान शीतलहर में माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तथा जिला प्रशासन द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान जनपद के असहाय लोगों के मध्य अब तक कुल 6369 कंबल वितरित किए जा चुके हैं।

**रैन बसेरा:–** जनपद स्तर पर कुल 48 स्थलों ( नगर निगम द्वारा-40 एवं नगर पंचायत द्वारा-08, सूची संलग्न है ) रैन बसेरे का संचालन किया जा रहा है, जिनकी कुल क्षमता 1210 है । समस्त 48 स्थलों पर मौजूद रैन बसेरों में रजाई, गद्दा, मैट्रेस, पेयजल, शौचालय, विद्युत् इत्यादि सम्बंधित मूलभूत सुविधाओं कि व्यवस्था कि गयीस जहां पर आने वाले लोग रुक रहे हैं एवं रैन बसेरा में प्रत्येक रुकने वाले व्यक्ती कि सूचना प्रत्येक दिवस ऑनलाइन शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपदा प्रहरी मोबाइल ऐप्लिकेशन पर अपलोड भी कि जा रही है।

**अलाव:–** जनपद में जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम, नगर पंचायत एवं तहसीलों के माध्यम से कुल-1037 स्थलों (नगरनिगम-715 ,नगरपंचायत-181, तहसील-141) को चिन्हित किया गया है, जहां पर अलाव जलवाया जा रहा है तथा समस्त स्थलों की अलाव जलते जियोटैग फोटो शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपदा प्रहरी मोबाइल ऐप्लिकेशन पर प्रतिदिन अपलोड कि जा रही है।

## फूलपुर में युवक के ऊपर गोली से जानलेवा बाल बाल बचा

● घटना से कस्बा में दहशत पुलिस तैनात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर कस्बे के जमीलाबाद में बुधवार देर शाम कुछ लोगों ने तमंचे से फायर कर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया लेकिन युवक बाल बाल बच गया घटना से फूलपुर में दहशत फैल गई घटना की जानकारी होते ही थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन करने में लगे है कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूंछ ताछ की जा रही है मामले में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। फूलपुर कस्बा के जमीलाबाद निवाशी शनी सोनी का आरोप है कि उसी मोहल्ले का रहने वाला आजम राइन उसके नाबालिक बहन के साथ गलत संबंध रखना चाहता था जिस पर उक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें वह जेल गया था जेल से अभी हाल में छूटकर आया। बदला लेने की नियत से वह अपने तीन अन्य साथियों के सहयोग से बुधवार देर शाम उसकी हत्या के नियत से उस पर तमंचे से जानलेवा हमला कर दिया किंतु संयोग ही था कि वह बाल बाल बच गया घटना की जानकारी होने पर कस्बा में दहशत फैल गई। जानकारी होने पर चेयरमैन अमरनाथ यादव सहित भाजपा नेताओं ने थाने पहुंच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूंछ ताछ करना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम से बात करने पर उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ध्वस्त नुकीले स्टोन मेटल सड़क पर आवागमन बना जानलेवा, ग्रामीणों ने जताई चिंता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड अंतर्गत ग्राम धावाडंगाल से पीडब्ल्यूडी पाकुड़िया-पाकुड़ मुख्य सड़क को जोड़ने वाला पथ पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। सड़क पर बिखरे नुकीले स्टोन मेटल एवं उबड़-खाबड़ सतह के कारण इस मार्ग पर आवागमन अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने 8 जनवरी को अपनी गंभीर चिंता जाहिर की। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। यह सड़क कम समय में महेशपुर प्रखंड, पाकुड़िया, चिरुडीह सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ती है, जिससे इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी जर्जर मार्ग के समीप एक बड़ी जल टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण भविष्य में इस रास्ते पर आवागमन और अधिक बढ़ेगा। ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकती है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी से उक्त ध्वस्त सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### विधायक हेमलाल मुर्मू के सौजन्य से गरीबों के बीच कंबल वितरण

**झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने किया वितरण**



**लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, झारखंड :-** पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत तालझारी एवं बीचामहल पंचायत के बड़पोखर, कारियोडीह तथा झेनागड़िया गांवों में सैकड़ों गरीब एवं असहाय जरूरतमंद महिलाओं व बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य हाजी समद अली ने प्रमुख रूप से कंबल वितरित किए।इस अवसर पर हाजी समद अली ने बताया कि बढ़ती ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए गरीब व असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि विधायक हेमलाल मुर्मू के निर्देशन में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निरंतर कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न हो। कंबल पाकर महिलाओं एवं बुजुर्गों ने विधायक हेमलाल मुर्मू तथा जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली के प्रति आभार प्रकट किया। लाभुकों ने कहा कि कंबल मिलने से कड़ाके की ठंड में उन्हें काफी राहत मिली है। मौके पर मीनू हांसदा, अलकाश अंसारी, मौलवी मैनुद्दीन, पंचायत अध्यक्ष अफजल अंसारी, ईस्लाम अंसारी, जोहन हांसदा, लालू हांसदा सहित कई ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बसतकुंडी पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, ग्रामीणों को दी गई उपयोगी जानकारी

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-**प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित बसतकुंडी पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में 8 जनवरी को एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई के सौजन्य से एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपनी दिनचर्या के प्रति सजग रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और प्रसन्न रहने का आह्वान किया। शिविर में साफ-सफाई बनाए रखने, ताजा एवं गर्म भोजन करने, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने, डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी के प्रयोग, नियमित सुबह व्यायाम करने तथा रात में समय पर सोने की आदत डालने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, हरी सब्जियां एवं मौसमी फल लेने, 18 वर्ष से पूर्व विवाह न करने तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि भविष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

# मानकों का उल्लंघन करने वाले 329 प्रज्ञा केंद्रों की सीएससी आईडी निरस्त

**● नियमों का पूर्ण अनुपालन नहीं करने पर आगे भी होगी कार्रवाई : जिला प्रबंधक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) द्वारा निर्धारित मानकों एवं सही लोकेशन पर संचालन नहीं करने वाले प्रज्ञा केंद्रों के विरुद्ध सीएससी मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। इसके तहत पाकुड़ जिले में संचालित कुल 329 प्रज्ञा केंद्रों की सीएससी आईडी निरस्त (बंद) कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रबंधक, सीएससी पाकुड़, संतोष शीला हेंब्रम ने बताया कि जिले में संचालित कई प्रज्ञा केंद्र सीएससी द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। जांच के दौरान यह पाया गया कि अनेक सीएससी आईडी बिना स्थायी केंद्र, उचित कॉमन ब्रांडिंग, रेट चार्ट तथा अन्य आवश्यक नियमों के पालन के संचालित की जा रही थीं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 329 सीएससी आईडी निरस्त की गई हैं, जबकि आने वाले दिनों में भी नियमों के उल्लंघन की स्थिति पाए जाने पर और अधिक प्रज्ञा केंद्रों की आईडी पर कार्रवाई की जा सकती है। जिला प्रबंधक ने सीएससी केंद्र संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों का स्थायी रूप से संचालित होना अनिवार्य है। केंद्र पर निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग फ्रेम में लगी होनी चाहिए, केवल चिपकाना या लटकाना मान्य नहीं होगा। कॉमन ब्रांडिंग में स्टेट लोगो एवं सीएससी आईडी स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। इसके साथ ही केंद्र पर रेट चार्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी लेन-देन प्रतिदिन केवल सीएससी आईडी के माध्यम से ही किए जाएं। साथ ही सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के लिए पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। जिन प्रज्ञा केंद्र संचालकों की सीएससी आईडी निरस्त की गई है, उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे उपरोक्त सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए




तत्काल अपने जिला प्रबंधक से संपर्क करें। सभी निर्देशों का पूर्ण पालन पाए जाने के बाद ही सीएससी आईडी को पुनः चालू करने पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य भर में सभी सीएससी प्रज्ञा केंद्रों की गहन जांच एवं भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया लगातार जारी है। इस संबंध में सीएससी रांची मुख्यालय द्वारा राज्य के सभी जिला प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित सभी सीएससी प्रज्ञा केंद्रों की सघन जांच सुनिश्चित करें। केवल वही प्रज्ञा केंद्र संचालन की अनुमति प्राप्त करेंगे, जो सीएससी द्वारा निर्धारित सभी मानकों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए पाए जाएंगे।

## जनसुनवाई के दौरान अंचलाधिकारी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**पाकुड़, झारखंडः-** अंचल कार्यालय, पाकुड़ में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्य पाकुड़ अंचलाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया एवं अंचल निरीक्षक शंभू नाथ शरण द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया ने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण कठिनाइयों का सामना न करे। इसी उद्देश्य से जनसुनवाई के दौरान चिन्हित पात्र लाभुकों को कंबल उपलब्ध कराया गया है। कंबल प्राप्त करने वाले लाभुकों ने प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

## हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से की औपचारिक मुलाक़ात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से औपचारिक मुलाक़ात की। इस अवसर पर जनहित, सामाजिक न्याय एवं समाज के वंचित वर्गों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा की गई। मुलाक़ात के दौरान हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, गरीबों एवं जरूरतमंदों के कल्याण से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। ट्रस्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचे, इसके लिए प्रशासन और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवी संस्थाएं शासन और आम जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार जनहित



से जुड़े मुद्दों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक पहल करेगी।बहेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने भी वित्त मंत्री को आश्वस्त किया कि ट्रस्ट भविष्य में भी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ समाजसेवा, मानवता और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष श्री शाहिद हुसैन सहित ट्रस्ट के सदस्य एज़ाज़ ख़ान, ग़ज़ाली ख़ान एवं ज़मील ख़ान उपस्थित थे। मुलाक़ात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और इसे जनहित की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

## पिता का सपना, मां का संघर्ष और बेटी की उड़ान: रंजना ने पहनी बीएसएफ की वर्दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड के हजारीबाग जिले की बेटी रंजना ने जीवन की तमाम दुश्वारियों और संघर्षों को पीछे छोड़ते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जवान बनकर न केवल अपने सपनों को साकार किया है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी गांव की पगडंडियों से निकलकर अब रंजना राजस्थान की तपती धरती पर देश की सीमा की रक्षा करती नजर आएंगी।रंजना की संघर्षगाथा किसी भी मायने में साधारण नहीं रही है। मात्र नौ वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने पिता मनोज कुमार कुशवाहा को खो दिया था, जिनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस कठिन समय में परिवार की सारी जिम्मेदारी मां नूतन देवी के कंधों पर आ गई, जो आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत हैं। विषम परिस्थितियों के बावजूद नूतन देवी ने साहस नहीं छोड़ा और अपने पति के सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस संघर्ष यात्रा में उनकी तीनों बेटियों–संजना, रंजना और अंजलि–ने भी पूरा साथ दिया और



कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि बेटियां बेटों से कम हैं। बचपन से ही अनुशासनप्रिय, साहसी और मेहनती रंजना पढ़ाई में मेधावी रहीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अमनारी गांव के सरकारी मध्य विद्यालय से प्राप्त की, जबकि प्लस टू की पढ़ाई झरपो गांव के उच्च विद्यालय से पूरी की। वर्तमान में वे विष्णुगढ़ डिग्री कॉलेज से इतिहास विषय में स्नातक की परीक्षा देने वाली हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने परिवार की आर्थिक मदद के लिए छोटी उम्र में ही गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू कर दिया था और अपनी पढ़ाई का खर्च स्वयं उठाया। प्लस टू की पढ़ाई पूरी करने के बाद रंजना ने देश सेवा का संकल्प लिया और रांची में एसएससी द्वारा आयोजित बीएसएफ की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने सिलीगुड़ी में कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। तमाम चुनौतियों के बावजूद अपने अदम्य साहस और परिश्रम के बल पर वे सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर बीएसएफ की जवान बनीं। उनकी पहली तैनाती भारत-पाकिस्तान सीमा पर राजस्थान में होने जा रही है, जिसे लेकर वे बेहद गर्व और उत्साह से भरी हुई हैं। रंजना का कहना है कि जब उन्होंने पहली बार बीएसएफ की वर्दी पहनकर खुद को आईने में देखा, तो पिता का चेहरा और मां का संघर्ष आंखों के सामने आ गया। खुशी के आंसुओं के साथ उन्होंने कहा कि यह सफलता उन सभी बेटियों के लिए है, जो अभावों के बीच भी हिम्मत और संघर्ष के बल पर आगे बढ़ती हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मां, परिवारजनों और शिक्षकों को दिया, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया। आज अमनारी गांव ही नहीं, बल्कि पूरा क्षेत्र रंजना की सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है। उनकी कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा है, जो आज भी बेटियों को बोझ समझते हैं। रंजना ने अपने संघर्ष और संकल्प से यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं होतीं।

## हजारीबाग में नहीं थम रहा हाथी मानव का द्वंद्व, एक और किसान की जान गई

**● सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर प्रशासन सक्रिय, घायल महिला का इलाज जारी, मुआवजा प्रक्रिया शुरू**

**सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन ने पहुंचे अस्पताल, कराया पोस्टमार्टम, घायल महिला का जाना कुशलक्षेम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग में मानव और हाथियों के बीच बढ़ता टकराव एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। बुधवार देर रात हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुटियारो गांव में हाथियों के हमले में एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हृदयविदारक घटना क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे मानव और हाथी के द्वंद्व की संघर्ष की गंभीरता को उजागर करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुटियारो गांव निवासी आदित्य राणा (लगभग 50 वर्ष) अपनी पत्नी शांति देवी के साथ कुम्भियाटांड़ स्थित अपने टमाटर के खेत की देखरेख के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक हाथियों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हाथियों ने आदित्य राणा को पटक-पटक कर मार डाला, जबकि उनकी पत्नी शांति देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक आदित्य राणा अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया। इसके बाद वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर घायल महिला से मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से बातचीत कर बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि घायल महिला फिलहाल खतरे से बाहर हैं। इधर वन विभाग की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार रुपये की सहायता राशि तत्काल प्रदान की गई है। विभाग ने बताया कि शेष मुआवजे का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र किया जाएगा। यह घटना एक बार फिर इस बात की ओर इशारा करती है कि मानव और हाथी संघर्ष केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि जंगलों के अतिक्रमण और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के लगातार सिमटने का परिणाम है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि हाथियों से टकराव का समाधान संघर्ष नहीं, बल्कि सतर्कता और जागरूकता है। हाथियों के पारंपरिक मार्गों में मानवीय दखल कम करना और समय रहते ग्रामीणों को सतर्क करना ही ऐसी घटनाओं को रोक सकता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अपील किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की गतिविधि की सूचना मिलते ही हाथी भगाओ दस्ता को सक्रिय करें, संभावित मार्गों पर निगरानी बढ़ाएं और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए लगातार जागरूक करते रहें। जागरूकता, सतर्कता और समय पर प्रशासनिक पहल ही मानव जीवन को बचाने का सबसे प्रभावी उपाय हो सकता है।

## मदरसा खैरुल उलूम में हिंदी व अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

**● इंग्लिश में मो. रागिब और हिंदी में मो. शोएब आलम रहे प्रथम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम के सभागार में गुरुवार को हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान पाक की तिलावत से की गई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर अपनी भाषाई दक्षता, आत्मविश्वास और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदरसा के संचालक मौलाना रिज़वान दानिश नदवी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन सीखने और आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने कहा कि मदरसों से शिक्षा प्राप्त कर अनेक लोग डॉक्टर, इंजीनियर सहित समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर पहुंचे हैं। आज के दौर में उर्दू और अरबी के साथ-साथ हिंदी एवं अंग्रेजी जैसी आधुनिक भाषाओं का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कुल 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें मो. रागिब ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मो. सलमान 84.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, मो. अशफाक 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय तथा मो. तौफीक 74.75 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें मो. शोएब आलम ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उमर फारूक 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, मो. मोहसिन 88.75 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, मो. अरबाज 87.5 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, मो. गुलजार 87 प्रतिशत अंकों



के साथ पंचम तथा मो. नसीम 86.25 प्रतिशत अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया तथा सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा और भाषाओं के प्रति रुचि को नया आयाम मिला। कार्यक्रम का संचालन मौलाना सलमान आशिक नदवी ने किया। इस अवसर पर मौलाना इरफान कासमी, मौलाना इजहार कासमी, मौलाना अबूबकर नदवी, मौलाना जफर इकबाल मझाहरी सहित शिक्षकगण एवं सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने आरजे स्टेडियम सहित कई कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण

**● शराबी व मनचलों पर रहेगी प्रशासन की कड़ी नजर : एसडीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड :-**आगामी 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में पाकुड़ अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने बुधवार को शहर के विभिन्न संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने आरजे स्टेडियम, बैंक कॉलोनी स्थित स्टेडियम, जिदातो मिशन स्कूल सहित उन सभी स्थलों का जायजा लिया, जहां गणतंत्र दिवस समारोह अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैदान की स्थिति, दर्शक दीर्घा, मंच व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, साफ-सफाई तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में आरजे स्टेडियम परिसर में शराबी एवं मनचलों की गतिविधियों से संबंधित प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शराबी, असामाजिक तत्वों एवं मनचलों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने पुलिस पदाधिकारियों



को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया, नगर थाना के सब-इंस्पेक्टर दिलीप कुमार बास्की सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## एबीवीपी मधुपुर नगर इकाई की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

**● स्वामी विवेकानंद जयंती सहित राष्ट्रीय आयोजनों को भव्य रूप देने पर सहमति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुपुर नगर इकाई के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रम में मुख्य रूप से 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती सा राष्ट्रीय युवा दिवस, 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को



धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। 12 जनवरी को शोभा यात्रा को भव्य रूप देने की विशेष तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद अभाविप झारखण्ड प्रदेश के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुदामा यादव नें कहां की अभाविप ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर आज विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यार्थी परिषद 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनाएगी। वही मधुपुर नगर के नगर मंत्री सूरज कुमार नें कहा की परिषद अपने स्थापना काल से ही संपूर्ण भारत में स्वामी जी के जयंती समारोह को बहुत धूमधाम से मनाते आये हैं। इसी क्रम में देवघर जिला के प्रत्येक इकाई में स्वामी जी के जयंती समारोह को धूमधाम से मनाया जायेगा। अंत में सभी उपस्थित छात्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर दीपक तिवारी, शुभम राजपूत, सौरव कुमार, अमित तिवारी, नितेश शर्मा, राहुल कुमार, सुमित कुमार, सोनू कुमार, नीतीश यादव, कुश कुमार आदि छात्र उपस्थित थे।

## चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई, करीब 50 एकड़ फसल नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई बीते गुरुवार को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम मुरानिया एवं दुरागाढा में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध खेती किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद वन विभाग एवं चौपरण पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खेतों में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान घटनास्थल से अफीम की खेती में प्रयुक्त 10 सेक्शन पाइप एवं 4 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में अग्रतर अनुसंधान जारी है। इस संयुक्त अभियान में एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल, पुनि बरही अंचल चंद्रशेखर कुमार , चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिन्दर



राम, एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई बदल महतो सहित सशस्त्र बल, बनपाल कुलदीप महतो एवं श्रवण कुमार शामिल थे। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, तस्करी एवं कारोबार के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## नशे के दुष्प्रभाव से उत्पन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड :-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में नशा से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर तथा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शहर के रानी ज्योतिमय स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं आमजन को पैरा लीगल वॉलिंटियर कमला राय गांगुली ने नशा से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत तंत्रिका तंत्र के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, जिससे व्यक्ति में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। नशा अवसाद, विकासात्मक देरी, चिंता, व्यक्तित्व विकार तथा आत्महत्या जैसे विचारों को जन्म दे सकता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स रानी साहा, सुजाता घोष एवं पिंकी मंडल भी उपस्थित रहीं।

## छापेमारी में दखल को लेकर ED पहुंची हाईकोर्ट, CM ममता पर सबूत मिटाने का आरोप



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कोलकाता में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान शीर्ष राजनीतिक परामर्श समूह आई-पीएसी के निदेशक प्रतीक जैन के आवास में घुसने और भौतिक दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित 'महत्वपूर्ण सबूत' ले जाने का आरोप लगाया। ईडी ने एक बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के आने तक उसकी टीम द्वारा तलाशी की कार्यवाही शांतिपूर्ण और पेशेवर तरीके से की जा रही थी। इस मामले में ईडी हाई कोर्ट गई है, जो कल यानी शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई कर सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के मंडल प्रभारी बने पं.प्रमोद बबेले



**ललितपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में अग्रणी रहकर कार्य करने वाले पत्रकार पं.प्रमोद बबेले को भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा के आदेश पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेखा तिवारी ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने महिला हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से पत्रकार प्रमोद कुमार बबेले को संगठन का मंडल प्रभारी मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं नव नियुक्त मंडल प्रभारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कतर्व्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगें।

### महरौनी रजवाहा नहर बंद, सूखती फसलों से किसान त्रस्त — आंदोलन की चेतावनी



**महरौनी।** जामनी बांध से संचालित महरौनी-रजवाहा जामनी नहर के समय पर संचालन न होने से क्षेत्र के किसान गंभीर संकट में हैं। सिंचाई विभाग द्वारा निर्धारित तिथि 25 दिसंबर को नहर चालू की जानी थी, लेकिन 8 जनवरी तक भी नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। इससे किसानों की रबी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि यह सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। जानकारी के अनुसार, सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को 25 दिसंबर को नहर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन अब तक नहर चालू नहीं की गई। महरौनी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के किसान इस देरी से प्रभावित हैं। किसानों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। खेतों में नमी की कमी के कारण गेहूं, चना और अन्य रबी फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। आक्रोशित किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नहर चालू कराने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि आज ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो वे जन आंदोलन करने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग और प्रशासन की होगी।

### क्रयशुदा प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा करने का आरोप



**पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर उठायी कार्यवाही करने की मांग**

**ललितपुर।** संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत ग्राम पंचायत जखौरा के निवासी राज पाण्डेय पुत्र स्व.बालकिशन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने माता-पिता के गुजर जाने के बाद और स्वयं के बनारस में अध्ययनरत होने का लाभ उठाकर एक व्यक्ति द्वारा क्रयशुदा प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिये जाने का आरोप लगाया है। राज पाण्डेय ने डीएम को बताया कि उसका एक आवासीय प्लाट जखौरा में बीएसएनएल टॉवर के पास बुडेरा रोड पर है। उक्त प्लाट पर 8 सितम्बर 2006 को घनश्याम पुत्र नन्ना कुशवाहा से उचित प्रतिफल देकर जरिए रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। उक्त प्लाट उसके पिता बालकिशन पुत्र लक्ष्मन पाण्डेय के नाम से दर्ज कागजात माल है। बताया कि वह संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत है। इस कारण उसका जखौरा आना-जाना कम होता है। माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने का लाभ उठाकर ग्राम गुलेंदा के मजरा कसा निवासी एक व्यक्ति ने उसके क्रयशुदा प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से मकान निर्माण कर लिया है। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# कर्नाटक में बंधक बनाकर मजदूरी कराने का मामला

**● जिला प्रशासन के अथक प्रयास से बंधनमुक्त कराये गये मजदूर**

**जन साहस संस्था के जरिए ललितपुर वापस लाये गये मजदूर**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले की तहसील मड़ावरा अंतर्गत मध्य प्रदेश के बॉर्डर एरिया से लगे ग्राम पापड़ा और सौल्दा गांव से सागर जिले का एक ठेकेदार लोगों को मजदूरी के नाम पर अधिक रुपये दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। मजदूरों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाने की बात तय करते हुये ठेकेदार ने मजदूरों को कर्नाटक ले जाकर साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया। यह बात ललितपुर प्रशासन के अथक प्रयास से बंधन मुक्त कराकर ललितपुर वापस लाये गये मजदूरों ने बतायी। गौरतलब है कि ललितपुर प्रशासन ने कर्नाटक में बंधक बनाकर रखे गए 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत कुल 37 लोगों को मुक्त कराया है। गुरुवार को सभी को ललितपुर लाया गया, जहां पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई। मजदूरों ने बताया कि उनसे जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दिए जाते थे। मुक्त कराए गए बच्चों में 14 वर्षीय दामिनी ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ काम पर गई थी। ठेकेदार ने उससे भी मजदूरी कराई और रोजाना 12 घंटे काम कराया। सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा दिया जाता था, जो पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण कई बार उसे भूखा रहना पड़ता था। 14 वर्षीय किशोर ने बताया कि वह भी परिजनों के साथ गया था और मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी। वहीं 11 वर्षीय किशोर ने बताया कि उनसे सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक काम कराया जाता था। शाम को उनसे ही ट्रक लोड कराया जाता था। मजदूर जीवन ने बताया कि सागर निवासी एक ठेकेदार जिसका नाम भाईजान बताया जा रहा है उन्हें 28 अक्टूबर को गन्ना कटाई के लिए प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया। वहां से महाराष्ट्र नागपुर के चंडी ले जाया गया, जहां 15 दिन कपास की कटाई कराई गई। इसके बाद दीपक नामक युवक उन्हें 50 किलोमीटर दूर ले जाने की बात कहकर ट्रक से करीब 400 किलोमीटर दूर कर्नाटक ले गया और बागलकोट जिले की बदामी तहसील के ग्राम निरालगी में अशोक मुंडा के पास छोड़ दिया। यहां उनसे रोज सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक गन्ना कटाई और ट्रक में गन्ना भरवाने का काम कराया जाता था। भागने की कोशिश करने पर उन्हें पकड़कर वापस ले आया जाता था। मजदूरों ने बताया कि सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा और ढाई सौ रुपए दिए जाते थे। मजदूरी मांगने पर गोविंद और रामावतार के साथ मारपीट की गई। करीब ढाई महीने तक सभी को बंधक बनाकर रखा गया और मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। दो नाबालिग बच्चों से भी गन्ना कटाई कराई जा रही थी। किसी तरह मजदूर राजकुमार ने 29 दिसंबर को मोबाइल से घर फोन कर पूरी जानकारी दी। इसके बाद गोरेलाल निवासी सोल्डा की पत्नी वती ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से शिकायत की। जिलाधिकारी ने तुरंत कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया। सहरिया आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही जन साहस स्वयंसेवी संस्था की टीम जिला कॉर्डीनेटर राजेश कुमार के नेतृत्व में 1 जनवरी को कर्नाटक रवाना हुई और 3 जनवरी को कर्नाटक प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूरों और बच्चों को मुक्त कराया गया।

**कर्नाटक राज्य में बागलकोट जिले के बादामी थाने में ठेकेदार पर एफआईआर**

बताया जा रहा है कि बागलकोट जिले के बादामी में तैनात राजस्व निरीक्षक हुसैनसाब लालसाब चौधरी ने महाराष्ट्र के जिला बीड दैपर निवासी दीपक श्रीहरी तोंबरे व अशोक मलुराम मुंडे के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में शिकायती पत्र दिया है। शिकायत के आधार पर कर्नाटका पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 (3) व बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 की धारा 16, 17, 18 व 19 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## जेपीएल सीजन4 के उद्घाटन मैच में झांसी ने ललितपुर फ्रेंड क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराया





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जाखलौन।** गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में श्री नरेंद्र सिंह पप्पी राजा की पुण्य स्मृति में चल रहे जाखलौन प्रीमियर लीग सीजन4 के पहले मुकाबले में ललितपुर फ्रेंड्स क्लब और झांसी के बीच खेला गया। ललितपुर फ्रेंड्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी फ्रेंड्स क्लब 16 ओवर के मैच में 8विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी,जिसमे विशाल ने 23 रन और निक्की ने 23 का योगदान दिया जिसमे झांसी टीम की तरफ से गेंदबाजी करने आए पीएस बुंदेला ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार विकेट अपने नाम किए लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी क्रिकेट क्लब की तरफ से बंगाली भैया ने 32 गेदो में 40रन की पारी खेली,लेकिन झांसी टीम के विकेट गिरते रहे इसके बाद बैटिंग करने आए पोंटिग ने ताबड़तोड़ अंदाज में 31 रन ठोक कर अपनी टीम को जीत दिला दी। फ्रेंड्स क्लब के ऑलराउंडर आकिव रजा ने बहुत ही शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी झटके लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए, मैच के मैन ऑफ द मैच रहे बंगाली भैया, एमपारी की कमान दिलीप शर्मा,और रोहित मिश्रा ने संभाली टूर्नामेंट के उद्घाटन में पधारे मुख्य अतिथि गुडडू राजा का जेपीएल समिति ने गाजे बाजे से स्वागत किया, इसके बाद गुड्डू राजा ने रिविन काटकर मैच का उद्घाटन किया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनसे संवाद किया इस दौरान महेंद्र सिंह बुंदेला, जगदीश प्रसाद जैन, नाती राजा, विवेक जैन, अजय बुंदेला, यशवीर राजा, प्रदीप जैन, अनु लिटोरिया, चाली राजा महेशपुरा, अनिल झाँ, शिवम् विश्वकर्मा, के साथ जेपीएल कमेटी में संजय जैन, राहुल यादव, सेलू राजा, अभिषेक साहू, व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## बिना नम्बर प्लेटों की गाडियों से आये हमलावरों ने डेयरी संचालक को पीटा

**●पुलिस ने घायल की तहरीर पर सात नामजद पर दर्ज की एफआईआर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिलों से आये दबंगों ने एक युवक के साथ बेसवॉल के डण्डों, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुराना सूचना केन्द्र के पास दूध डेयरी संचालन कर रहे युवक पर हुये हमले को लेकर यहां लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से एक युवती ने घायल युवक के छोटे भाई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज करायी है। सरस्वती शिशु मंदिर के पास रहने वाले यश बबेले पुत्र कृष्ण गोपाल बबेले ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि बुधवार की रात करीब 8.10 बजे वह अपनी दूध डेयरी की दुकान जो कि सूचना केन्द्र के पास गोस्वामी मेडीकल के सामने है को चला रहा था। तभी वहां एकराय होकर आजादपुरा निवासी शिवम शर्मा (पठान), शक्ति बाल्मीकि, दम्मू के कुंआ के पास रहने वाले राज राजा, संजू रायकवार, दिनेश यादव अपने आठ अज्ञात लोगों के साथ बिना नम्बर प्लेट के दो पहिया वाहनों से आये और उसके साथ बिना कारण मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों, लोहे की रॉड से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर, छाती, अंधरूनी व बाहरी चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घटना को विशाल राजपूत, प्रिंस प्रजापति, प्रिंस राजपूत, सिद्धार्थ कटारे, गौरव रावत, नीतेश तिवारी, बब्लू गोस्वामी ने देखा और बचाव किया। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने दोपहर करीब 11.45 बजे उसके छोटे भाई शिव बबेले पुत्र परशुराम बबेले के साथ भी मारपीट की थी और उक्त व्यक्तियों में से दिनेश यादव ने अपनी पुत्री से झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद व अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**युवती ने शिव बबेले पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप**

बीस वर्षीय युवती ने शिव बबेले पर पिछले चार-पांच दिनों से छेड़छाड़ करने और उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि बुधवार को शाम करीब 7 बजे उसके घर शिव बबेले व आरएमव्ही कॉलेज के पास काशीराम कालोनी निवासी राहुल यादव ने घर में घुसकर उसकी मां व बहन से गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की गयी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर शिव बबेले व राहुल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 351 (3), 352, 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना में मिला आश्वासन

**●समाज ने बैठक कर जताया आक्रोश, जल्द स्थापना की मांग**

**ईओ व चैयरमेन के खिलाफ आंदोलन की बनायी रणनीति**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला राठौर समाज (रजि.) की जिला प्रभारी समिति की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मां शारदा मिलन पैलेस में भाजपा नगराध्यक्ष भगत सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रभारी अशोक राठौर पूर्व पार्षद ने कहा कि अबसे 7, 8 माह पहले नगर पालिका सभी सभासदों द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती लगाने जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया था, नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया हुई और आज से 6 माह पूर्व टेण्डर पास हुआ और टेण्डर होने के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा मूर्ती स्थापना नहीं कराई गई। संचालन करते हुए विनोद राठौर (मुनीम) जिला प्रभारी राठौर समाज द्वारा कहा गया कि कई बार जिला राठौर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के ई.ओ. साहब एवं चैयरमैन प्रतिनिधि से सम्पर्क किया उनके द्वारा आज तक मूर्ती के बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया गया कोरे आश्वासन दिये गये। कभी ई.ओ. साहब चैयरमैन की कहते तो कभी चैयरमैन प्रतिनिधि ई.ओ. साहब की कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। आगे वक्ताओं में जिला प्रभारी रवि राठौर एवं जिला प्रभारी चन्द्रशेखर राठौर द्वारा नगर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया समाज में भारी रोष व्याप्त है और नगर पालिका द्वारा अति शीर्घ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौरजी की मूर्ती नहीं लगाई जाती है तो जिला प्रभारी समिति एवं जिला राठौर समाज द्वारा उग्र अन्दोलन करने का मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। बैठक में जिला प्रभारी समिति के पूर्व पार्षद अशोक राठौर, विनोद राठौर (मुनीम), रवि राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर के अलावा शिब्बू राठौर (पत्रकार), रामप्रसाद राठौर (सूरी), राजकुमार राठौर (सूरी), सुरेश कुमार राठौर, उमाशंकर राठौर, सनत कुमार राठौर, मगन लाल राठौर, रघुवीर सहाय राठौर, राजू राठौर, अजय राठौर, राजेश राठौर, कैलाशनारायण राठौर, संजय राठौर आदि उपस्थित रहे सभा संचालन विनोद राठौर (मुनीम) ने किया आभार जिला प्रभारी अशोक राठौर (पूर्व पार्षद), रविशंकर राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर आदि ने संयुक्त रूप से किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर ने दी है।

## महिलाएं करतीं रहीं शिकायत, उधर जेसीबी से मकान कर दिया ध्वस्त

**●पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मकान की मरम्मत कराते समय दूसरे मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एकराय होकर काम बंद करा दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा निवासी मुन्नू राजा पत्नी स्व.अजीत सिंह व छत्रसालपुरा निवासी संगीता नायक पत्नी मनीष नायक ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजघाट रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के सामने आरामशीन के बगल में उनका एक मकान स्थित है। 26 दिसम्बर को वह मकान की मरम्मत करा रहे थे।

तभी घुसयाना निवासी पूरन सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह, सौरभ सिंह पुत्र पूरन सिंह, गजेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, रामसिंह पुत्र जगदीश सिंह, शिवानी पुत्री रामसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, सुम्मेर सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह व इनके घर की महिलाएं एकजुट होकर आये और मौके पर विवाद करने लगे। आरोप है कि धमकी देते हुये उक्त लोगों ने काम बंद न करने पर हड्डियां तोडने और जान से मार डालने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र एसपी, कोतवाली व मण्डी चौकी पुलिस को दिया था। बताया कि 7 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जब वह मौके पर मरम्मत कार्य देखने पहुंचे तो देखा कि उक्त लोगों द्वारा बने हुये कमरे तोड़ रहे थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। शाम 4 बजे फिर से डायल 112 पर कॉल किया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, इधर फोन पर खबर मिली कि उक्त लोगों ने जेसीबी से बाउण्ड्रीबाल सहित पूर्ण निर्माण ध्वस्त कर दिया। मौके पर पहुंचने पर पूरन सिंह ने गालियां दीं। पीड़िताओं का आरोप है कि उनके बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उनका मकान जमींदोज कर दिया गया। पीड़ित महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 324 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एक्सिस बैंक की लापरवाही से बुजुर्ग पेंशनधारी परेशान, छह माह से नहीं मिला पेंशन भुगतान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** एक्सिस बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते एक गरीब व मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले बुजुर्ग पेंशनधारी को पिछले छह माह से पेंशन नहीं मिल पाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है। शिकायती पत्र के अनुसार धनप्रसाद पुत्र मोहनलाल, निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुरा, जनपद ललितपुर, एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं। वह अत्यंत गरीब हैं और मजदूरी तथा शासन से मिलने वाली वृद्धा पेंशन के सहारे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पीड़ित की पेंशन एक्सिस बैंक के बचत खाता संख्या 916010011933837 में आती है। पीड़ित ने बताया कि पिछले छह माह से एक्सिस बैंक द्वारा उनके खाते में पेंशन की धनराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से लगातार टालमटोल की जा रही है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि पीड़ित ने इस समस्या के समाधान के लिए दिनांक 05 जनवरी 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस, ललितपुर में भी प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद पीड़ित दिनांक 07 जनवरी 2026 को पुनः एक्सिस बैंक शाखा पहुंचा और अपने खाते से पूरी पेंशन की धनराशि निकालने का अनुरोध किया। आरोप है कि बैंक शाखा में मौजूद कर्मचारियों ने पेंशन भुगतान करने से साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, बैंक कर्मियों द्वारा कथित रूप से यह कह दिया गया कि 'जहां शिकायत करनी हो, वहां कर दो ', और इसके बाद पीड़ित को बैंक से भगा दिया गया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़ित एक गरीब मजदूर व्यक्ति है और पेंशन न मिलने के कारण मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान है। वृद्धावस्था में पेंशन ही उसकी आजीविका का एकमात्र सहारा है, ऐसे में लगातार भुगतान न होना उसके लिए गंभीर संकट बन गया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि एक्सिस बैंक की संबंधित शाखा एवं शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा शीघ्र उसके खाते में लंबित पेंशन की संपूर्ण धनराशि का भुगतान कराया जाए। पीड़ित ने गुरुवार को पुनः जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर प्रशासन से न्याय दिलाने की अपील करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## छठवें लीग में समोगर ने रखवारा को हराया

**●69 रनों से जीता मैच, सोनू बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मड़ावरा।** स्व0 श्रीमती सावित्रीदेवी घनश्यामदास रावत की पुण्यस्मृति में लाला ग्राउंड रनगांव में चल रहे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को छठवां लीग मैच रखवारा एवं समोगर टीम के बीच खेला गया। समोगर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20वें ओवर में 201 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई जिसमें कृष्णकांत मिश्रा द्वारा 28 और पवन गिरी द्वारा शानदार 48 तथा सोनू मंगरा द्वारा 24 रन बनाए वहीं रखवारा के गेंदबाज अमित और शोहिब द्वारा तीन तीन विकेट लिये। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी रखवारा टीम के सलामी बल्लेबाज राघवेंद्र यादव के पहली ही गेंद पर क्लीनबोल्ड हो जाने पर टीम दबाव में आ गई और एक के बाद एक बल्लेबाज आउट होते गए। पुछल्ले बल्लेबाज सत्यम द्वारा लगातार चार चक्के लगाते हुए 34 रन बनाए और 14वें ओवर में पूरी टीम 132 रन पर धराशाई हो गई और समोगर द्वारा 69 रनों से जीत दर्ज की। समोगर टीम के कप्तान सोनू मंगरा द्वारा तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए साथ ही 24 रन भी बनाए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सोनू को अतिथि के रुप में मौजूद एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मैनेजर अभिषेक समाधिया, प्रोजेक्ट मैनेजर रवि दुबे, पूर्व प्रधान रखवारा निर्भानसिंह यादव, पूर्व बीडीसी चिराग अली शाह, परमानंद कुशवाहा, अरविंद सिंह लोधी द्वारा उन्हें ट्रॉफी भेंट कर पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष जितेंद्र गंधर्व ने बताया कि शुक्रवार को महरौनी एवं तिसगना टीम के बीच श्रृंखला का सातवां लीग मुकाबला खेला जायेगा। टूर्नामेंट के आयोजन में एम्पायर किशोर कुमार एवं दीपू नामदेव एवं कॉमेंटेटर मोहम्मद शमी, राज गंधर्व, इमरान खान, राहुल, आनंद गंधर्व, स्कोरर अरविंद गंधर्व, अंशुल गंधर्व समेत समिति के ऊदल गंधर्व, अनिल कुमार नीलू, अमित भंडारी, राजेश गंधर्व, रवि सहित सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## सिद्धंनपुरा व नेहरू नगर के आवागमन का रास्ता रेलवे पर बंद करने का आरोप

**●आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** वर्षो पुराना आम रास्ता जो कि नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा में रहने वाले लोगों को आवागमन के लिए सुलभ है को नियमों पर ताक पर रखकर रेलवे अधिकारियों द्वारा बंद करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत कर्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में डीएम ललितपुर व डीआरएम झांसी को 19 दिसम्बर को पत्र दिया गया था, जिसमें उन्होंने टीम बनाकर समस्या निस्तारण करने की मांग उठायी थी पर ध्यान दिये जाने की मांग उठायी है। आरटीआई कार्यकर्ता कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री समेत रेलवे के बड़े अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया कि ललितपुर के वार्ड नं. 1 सिद्धंनपुरा के लोगों को रेलवे स्टेशन जाने एवं रेलवे ब्रिज से आवागमन के लिए आम रास्ता वर्षो पुराना बना हुआ है, जो कि तीसरी लाइन बनाये जाने पर खोद डाली गयी। उक्त आम रास्ता पर टोटल सीमेंट, पिलर, गाटर डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके सम्बन्ध में नई दिल्ली व डीएम को 16 दिसम्बर को शिकायती पत्र दिया गया, जिसमें डीएम ने 19 दिसम्बर को पत्र प्रेषित कराते हुये नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा के लोगों की समस्या के लिए राजस्व विभाग, रेल विभाग की टीम बनाकर समस्या निराकरण करने की अपेक्षा की गयी। आरोप है कि डीआरएम झांसी द्वारा उक्त समस्या पर गौर नहीं किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री व रेलवे के आलाधिकारियों से जनहित में उक्त समस्या के निस्तारण की मांग उठायी है। पत्र पर कन्हैयालाल विश्वकर्मा, महेन्द्र प्रसाद पांचाल एड., इन्द्रपाल सिंह के हस्ताक्षर अंकित हैं।

## सेन्ट्रल बैंक में जमा महिला के 34 हजार रुपये गायब

**●पीड़िता ने एसपी को भेजा शिकायती पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरू नगर अंतर्गत जुगपुरा रोड काली माता मंदिर के पास रहने वाली गोराबाई पत्नी बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि बीती 31 दिसम्बर को वह सेन्ट्रल बैंक पैसा निकालने गयी थी, तो उसे पता चला कि उसके खाते में रुपये नहीं हैं, जबकि उसके खाते में 34 हजार रुपये था। जब उसने बैंक वालों से बात की तो जानकीर हुयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 दिसम्बर को तीन बार 10 हजार रुपये निकाला गया तथा एक बार उसके खाते से 3848 रुपये निकाला गया, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## रास्ते में रोककर दम्पत्ति से मारपीट, मामला दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी संतोष कुमार पुत्र मौललाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को रात करीब 8.30 बजे वह महरौनी से अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ गांव जा रहा था। जैसे ही वह कृपाराम रिछारिया व कोमल कुशवाहा की दुकान के पास पहुंचा तो वहां मौजूद ग्राम धवारी निवासी रोहित राजा व पड़वां के अमोल सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने उसकी मोटर साइकिल को रोक लिया और डण्डा लगाकर उसे गिरा दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। चिल्लाने पर कुलदीप पुत्र कोमल व राजन पुत्र मुकुट ने आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 126 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### छत के कुंडी से फंदे के सहारे युवक का शव लटका हुआ मिला

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के बांसी कस्बे के टेकधरनगर वार्ड में बुधवार देर शाम एक चालीस वर्षीय युवक की कमरे के अंदर छत की कुंडी से लटकता हुआ शव मिला है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाल मृत्यंजय पाठक मय फोर्स पहुंच गए और उनकी सूचना पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच किया। इसके बाद शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । टेकधर नगर वार्ड निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार मौर्य पुत्र गंगाराम का परिवार वर्तमान समय में इंद्रानगर वार्ड में स्थित मकान में था । राजेश कुमार मौर्या टेकधर नगर वार्ड वाले मकान में आए और पीछे के कमरे में जाकर अंदर से बंद कर लिए और गले में फंदा लगा कर कुंडी से लटक गए। शाम पांच बजे भतीजे विशाल ने देखा कमरा अंदर से बंद है तो उसने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाया काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर उसने झरोखे से कमरे के अंदर देखा तो चाचा का शव लटक रहा था। इसके बाद विशाल ने डायल 112 पर सूचना दिया। मृतक राजेश कुमार मौर्य की पत्नी बीमार है उन्हें पैरालिसिस हो गया है । इनके दो बेटियां और एक बेटा है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है,

### सेना की साइकिल यात्रा कानपुर पहुंची



**घाटमपुर।** रांची से नई दिल्ली के लिए निकली सेना की साइकिल यात्रा गुरुवार को कानपुर पहुंच गई,यह यात्रा कानपुर के महाराज पुर थाना क्षेत्र स्थित कानपुर फतेहपुर सीमा पर पहुंची, महाराज पुर थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने यात्रा को प्रोटोकॉल देते हुए सुरक्षित रूप से थाना क्षेत्र पार कराया, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक एंबुलेंस भी दल के चल रही थी,यह ऐतिहासिक यात्रा 28 दिसंबर 2025 को रांची से शुरू हुई थी, और 16जनवरी 2026 को नई दिल्ली पहुंचेगी, लगभग 1300 किमी दूरी तय करने वाली इस यात्रा में एनसीसी कैडेट्स और सेना के जवान शामिल है,यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रवाद एकता और भगवान बिरसा मुंडा के व बलिदान की भावना को जागृत करना है, आयोजकों के अनुसार इस यात्रा से युवाओं में साहस, अनुशासन और एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिलेगा, इसके साथ ही पर्यावरण, संरक्षण, जलप्रबंधन,और प्राकृतिक, संसाधनों के संरक्षण के प्रति भी जागरूकता फैलाई जाएंगी, बताते चलें कि यह साइकिल यात्रा केवल देशभक्ति का संदेश ही नहीं दे रही, बल्कि बेहतर मानव जीवन और समाज के निर्माण की दिशा में भी प्रेरणा स्रोत बन रहीं हैं।

### अन्ना पशु बर्बाद कर रहे किसानों की फसलें



**ललितपुर।** अन्ना पशुओं से परेशान किसानों ने जिलाधिकारी से जल्द कार्यवाही की मांग उठायी है। ग्राम पंचायत करमुहारा में अन्ना पशु/आवारा जानवरों द्वारा किसानों की फसलें नष्ट की जा रहीं हैं। इस सम्बन्ध में किसानों ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में बताया कि उनके गांव में वन विभाग की रेंज बनी हुयी है, जिसमें अन्ना पशु/आवारा जानवर आकर गांव में आतंक मचाये हुये हैं। खेतों में घुसकर फसलों को खराब कर रहे हैं और भगाने पर किसानों पर यही अन्ना पशु हमला कर देते हैं। इससे फसलों को नुकसान व जान का खतरा भी बना हुआ है। जानवरों से ग्राम गुरसौरा, सांकरवारकलां, इकलगुवां, तिलहरी, नौहरकलां इत्यादि गांव प्रभावित है। किसानों ने जिलाधिकारी से आवारा जानवरों को गांव में आने से रोके जाने के लिए उचित कार्यवाही की मांग उठायी है। पत्र देते समय राघवेन्द्र यादव, रामन सिंह, गोविन्द यादव, मुलाम सिंह, रहीश, गब्बर आदि मौजूद रहे।

# एसीपी कार्यालय के सफाई कर्मी की सिर कूच कर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावरों ने ईंट से सिर कूंचकर युवक को मरणासन्न हालत में छोड़ दिया। बुधवार सुबह युवक घर से करीब 200 मीटर दूर एक खाली प्लॉट में खून से लथपथ हालत में मिला। पास ही खून से सनी ईंट पड़ी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नानकारी, प्रधान गेट निवासी रामवीर के बेटे गांधी सोनू (30) मंगलवार शाम करीब 5 बजे यह कहकर घर से निकले थे कि थोड़ी देर में लौट आएंगे, लेकिन वह वापस नहीं आए। परिजनों ने देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह मोहल्ले के बच्चे घर से कुछ दूरी पर खाली प्लॉट के पास क्रिकेट खेल रहे थे। गेंद प्लॉट के अंदर चली गई। बच्चे जब बाउंड्री फांदकर अंदर पहुंचे तो वहां सोनू खून से लथपथ पड़ा मिला। उसके सिर और कान से खून बह रहा था। बच्चे घबराकर बाहर निकले और परिजनों को सूचना दी। अस्पताल ले जाते वक्त बिगड़ी हालत सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि घटनास्थल के पास खून से सनी ईंट पड़ी थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी और सोनू को निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बुधवार देर रात सोनू की मौत हो गई। मोनू ने बताया कि उसका बड़ा भाई सोनू छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय स्थित ‹ष्ठक्क कल्याणपुर कार्यालय में सफाई कर्मचारी था, हालांकि बीते छह महीने से वह काम पर नहीं जा रहा था। नशे में विवाद की आशंका, जांच में जुटी पुलिस कल्याणपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि परिजनों ने किसी भी तरह की पुरानी रंजिश से इनकार किया है। युवक शराब का आदी था, ऐसे में आशंका है कि नशे की हालत में हुए किसी विवाद के दौरान घटना को अंजाम दिया गया हो। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### अलाव से लोगों को ठंड से मिल रही राहत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पंचायत उसका बाजार में सर्द और शीतलहर में नागरिकों को सर्दी से बचाने के लिए नगर के सभी वार्डो के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा है कि किसी भी वार्ड में यदि अलाव की आवश्यकता हो तो नागरिक लिखित रूप से नगर पंचायत कार्यालय में सूचना दें, जिससे अलाव की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने बताया कि सर्द हवाओं और शीतलहर को देखते हुए उन्होंने नगर के उसका राजा बाईपास पर पुलिस पिकेट के पास, अस्पताल, टैक्सी स्टैंड, स्टेट बैंक के पास, मछली मंडी रोड और थाना रोड , ब्लॉक कार्यालय के पास रैन बसेरा के सामने सहित आदि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

# ठंड में 8वीं तक के स्कूल 10 जनवरी तक बंद, जिलाधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर-** कड़ाके की ठंड, कोहरा व शीतलहर के चलते नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में 10 जनवरी तक बंद रहेंगे, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि छात्रों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शीत अवकाश घोषित किया गया है,यह आदेश जनपद में संचालित कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक के समस्त बोर्डो के स्कूलों में लागूं होंगा,इसका अनुपालन कड़ाई से कराया जाए, बीतें कई दिनों से कानपुर में शीतलहर व ठंड का कहर जारी है, सुबह के समय कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिसके कारण वाहनों की रफ्तार थम सी जाती है, इसके अलावा ओस की बूंदें गलन को बढ़ाने का काम कर रही है, बीतें दिनों कानपुर का तापमान 4,2डिग्री तक पहुंच गया था, तो कि प्रदेश में सबसे कम था, हालांकि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5,6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, ठंड के चलते सुबह के लोगों की कंपकंपी छूट गई, इसके अलावा दोपहर में भी धूप न निकलने से दिन का तापमान सामान्य से कम दर्ज़ किया गया, दिन के समय में भी शीतलहर ठंड को बरकरार रख रही, है,मौसम विशेषज्ञो का मानना है कि फिलहाल 48 घंटे तक इसी तरह का तापमान बना रहेगा।

# नौ माह से गायब महिला का कंकाल ट्यूबवैल के पास गड़ा मिला, अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला की हत्या कर उसका शव जमीन में गाड़े जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर नौ माह बाद महिला के कंकाल को बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतका पिछले कई महीनों से लापता थी। इस सम्बन्ध में सजेती पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। अन्य पुलिस कार्यवाही के सम्बन्ध में पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि इस महिला का पति कई साल पहले खत्म हो गया था। तब से यह महिला रेशमा गोरे उर्फ बाबूराम के साथ रहने लगी थी लेकिन अचानक वह जब नहीं दिखी तब उसके घर वालों ने हत्या की आंशका पुलिस से व्यक्त की। पुलिस आयुक्त घाटमपुर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 7.1.2026 को थाना सजेती पर पंजीकृत मु0अ0सं0 08/26 धारा 103 (1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष स्वंय गठित टीम का नेत्तव करते हुये अभियुक्त गण की बरामदगी हेतू थाना क्षेत्र मे मामूर थे की मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित

अभियुक्त गोरे उर्फ बाबूराम पुत्र रामदास निवासी ग्राम टिकवापुर थाना सजेती कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष को आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये हिरासत पुलिस मे लिया गया । जिससे पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपने जुर्म कबुल करते हुये बताया कि मेरे द्वारा ही मुकदमा उपरोक्त की मृतिका रेशमा की हत्या मेरे द्वारा करके उसे ट्यूबवैल के पास गड्ढा खोदकर उसमे दबा दिया था। तत्पश्चात अभियुक्त की निशादेही पर मृतिका के शव (कंकाल ) को बरामद कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतू मोर्चरी हाउस हैलट अस्पताल कानपुर नगर भेजा गया।

# कानपुर में नाबालिक से गैंगरेप में यूट्यूबर गिरफ्तार, दरोगा फरार, डीसीपी हटे, इंस्पेक्टर सस्पेंड

**●- गैंगरेप के आरोपी दरोगा की तलाश में लगातार जुटीं पुलिस की चार टीमे, सुराग अबतक नहीं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** यहां कानून और आमजन के रक्षक कहे जाने वाले पुलिस वाले और चौथे खंबे माने जाने वाले तथा कथित पत्रकार वासना के भूखे भेड़िए साबित हो रहे हैं। इस कथन की पुष्टि हुई सचेंडी थाना क्षेत्र में जहां एक दरोगा और एक यूट्यूबर ने मिलकर अपहरण करने के बाद एक नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार किया। चर्चा का विषय बने इस मामले में यूट्यूबर को गिरफ्तार करने के साथ ही न केवल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है, बल्कि इलाके के डीसीपी को भी हटा दिया गया है। वहीं मामले में फरार दरोगा की तलाश में पुलिस की चार टीमे में लगाई गई है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसे गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिली है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयोग किए गए काले रंग की स?कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद कर ली है। इस घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में सचेंडी थाने के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया था कि सोमवार रात वह ड्यूटी से घर पहुंचा तो 14 वर्षीय बहन के बारे में घरवालों से पूछा। इस पर उन्होंने उसके शौच जाने की जानकारी दी। काफी देर बाद भी उसके न लौटने पर घरवालों ने खोजबीन शुरु की, लेकिन वह नहीं मिली। करीब एक घंटे बाद किशोरी रोते हुए घर पहुंची और बताया कि काले रंग की स्कार्पियो सवार दो युवकों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसे कार से अगवा कर झांसी रेलवे लाइन किनारे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

मामले में तहरीर दर्ज करने के बाद पुलिस ने जब छानबीन की तो दोनों आरोपियों का पता चला। पुलिस ने एक आरोपी शिवबरन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वो पेशे से यूट्यूबर ह्रपत्रकार बताया जा रहा है। वहीं दूसरे आरोपी की पहचान अमित मौर्य के रूप में हुई है। अमित मौर्या भीमसेन चौकी का पूर्व इंचार्ज। वारदात वाली जगह इसी पुलिस चौकी के अंतर्गत आती है। जानकारी देते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि आरोपी दरोगा अमित मौर्या को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें गठित की गई हैं। उन्?होंने बताया कि तहरीर में आरोपियों के खिलाफ पॉस्?को एक्?ट भी जोड़ा गया है। फिलहाल करार दरोगा की तलाश लगातार की जा रही है। अधिकारियों ने बताया उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आलू की फसल में समय से करें झुलसा रोग का नियन्त्रण-जिला उद्यान अधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि रबी मौसम में आलू की अगेती फसल किसानों के लिए मुनाफे का सौंदा होती है, लेकिन वर्तमान में शीतलहर एवं तापमान के न्यून होने के कारण जरा सी लापरवाही होने के कारण आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस समय पछेती झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है तथा किसानों को समय रहते जरूरी बचाव करते हुए फसल का उपचार करने की आवश्यकता है। जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि ठंड के मौसम में कई दिनों तक बादलयुक्त मौसम होने के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ जाती है। वातावरण में 80 प्रतिशत से अधिक नमी एवं 10 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच तापक्रम में होने पर आलू में पिछेती झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है। यदि समय से इसका उपचार न किया जाय तो पूरी फसल खेत में ही झुलस जाती है। इससे उत्पादन में 80 से 90 प्रतिशत तक कमी आ जाती है। आलू की फसल में यह रोग फाइटोब्योरा नामक फफूंद से होता है। इस रोग में पौधों की पत्तियां सिरे से झुलसने लगती है। प्रभावित पत्तियों पर भूरे एवं काले रंग के धब्बे बनते है जो तीव्र गति से ऊपर की ओर फैलते जाते है। इसमें 3 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। रोग के प्रभाव से आलू के कन्दों का आकार छोटा रह जाता है। आलू की अच्छी पैदावार लेने के लिए इस समय पिछेती झुलसा का नियन्त्रण करना बेहद जरूरी है। रोग के नियन्त्रण के लिए मेटालाक्सिल 4 प्रतिशत तथा मैंकोजेब 64 प्रतिशत वाला कम्बीनिशन की दवा को 600 ग्राम के साथ तथा इमिडाक्लोरोपिड़ 17.8 प्रतिशत 150 मिली लीटर को 150 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से 10-12 दिनों के अन्तराल पर दो छिड़काव करें। साथ ही फसल को पाले से बचाव हेतु खेत में यथा सम्भव नमी बनाए रखें, जिसके लिए नियमित अन्तराल पर हल्की सिंचाई करते रहे या खेत के चारों तरफ धुंआ करें।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

**●जिलाधिकारी की पहल से दिव्यांग राम कलप को मिली राहत, ट्राइसाइकिल पाकर खिला चेहरा**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई एक बार फिर देखने को मिली। जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग शिकायतकर्ता राम कलप (उम्र 67 वर्ष), निवासी पंडरी जबर (ताला) ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा साझा की। उन्होंने बताया कि वह पैर से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था और शारीरिक असमर्थता के चलते दैनिक कार्यो में भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिया कि दिव्यांग वृद्ध को बिना विलंब ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए शिकायतकर्ता राम कलप को कैम्प कार्यालय परिसर में ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। साथ ही कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंबल भी उपलब्ध कराया गया। ट्राइसाइकिल और कंबल प्राप्त होने पर दिव्यांग राम कलप के चेहरे पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी। उन्होंने जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त



करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में बड़ी राहत मिलेगी और अब उन्हें आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा विशेष रूप से दिव्यांग, वृद्ध और असहाय व्यक्तियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहा है विशेष जागरूकता अभियान

**●शीत ऋतु के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग में स्ट्रीट लाइटों का समय परिवर्तित हुआ शाम 5 बजे से सुबह 8 बजे तक जलेंगी स्ट्रीट लाइटे**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में शीत ऋतु एवं कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए परियोजना निदेशक श्री पंकज यादव द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इसके अंतर्गत हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटों को जलाने का समय सायं 5:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। इस व्यवस्था से रात्रिकालीन एवं प्रातःकालीन समय में यात्रियों को बेहतर दृश्यता प्राप्त होगी तथा आवागमन अधिक सुरक्षित हो सकेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने बताया कि एनएचएआई, कानपुर द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद के विभिन्न टोल प्लाजाओं पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना तथा सुरक्षित यातायात के प्रति आमजन को जागरूक करना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान टोल प्लाजाओं पर राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही भारी एवं हल्के वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं, जिससे रात्रिकालीन समय में वाहनों की दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को पेट्रोलिंग टीम द्वारा नियमित रूप से हटवाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत रात्रिकालीन निरीक्षण कर हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की जांच की जा रही है तथा खराब लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराया जा रहा है। बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को टोल प्लाजाओं पर हेलमेट वितरित कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनएचएआई में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई जा रही है। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति की जान की सुरक्षा से जुड़ा एक सतत प्रयास है, जिसे आगे भी नियमित रूप से जारी रखा जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पोषण समिति की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर-**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय पोषण समिति/जिला कन्वर्जेंस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने डीपीओ एवं डीसी एनआरएलएम को संयुक्त रूप से टीएचआर प्लान्ट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। टीएचआर प्लांट द्वारा जो पोषाहार का उत्पादन किया गया है उसको सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर समय से उपलब्ध करायें जिससे लाभार्थियों को समय से पोषाहार का वितरण हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों का फेस वेरीफिकेशन शतप्रतिशत पूर्ण करायें तथा सभी लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण करायें। जिलाधिकारी ने टेक होम राशन वितरण में 50 प्रतिशत प्रगति वाले सीडीपीओ का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति कम हैं उनकी मानीटरिंग करने तथा निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बच्चो का वजन कराने तथा पोषण ट्रैकर पर अपलोड कराने का निर्देश दिया।

गर्भवती महिलाओ, धात्री महिलाओं एवं बच्चों में पुष्टाहार का वितरण कराने का निर्देश दिया। इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सुपरवाइजर/आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का डाटा स्वास्थ्य विभाग व कार्यक्रम विभाग का एक समान होना चाहिए। हॉटकुक्ड मील आंगनबाड़ी केन्द्रो के 0-3 वर्ष के बच्चो को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त सी.डी.पी.ओ./सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वीएचएनडी के माध्यम से सैम मैम बच्चों, गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया। अतिकुपोषित बच्चो को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आर0ओ0/पोषण वाटिका, विद्युत कनेक्शन, पेयजल, हैण्डवाश, बाला पेन्टिंग, रैम्प आदि कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चो के खेलने की सामग्री उपलब्ध कराने निर्देश दिया। आदर्श आंगबाड़ी केन्द्रो को गोद लेकर कुपोषण मुक्त बनाने हेतु निर्देश दिया। पोषाहार वितरण का डाटा समय से पोर्टल पर फीड कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीसी एनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, समस्त सी0डी0पी0ओ0, सुपरवाइजर व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर समयसीमा के भीतर अपलोड करायें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ आशीष द्विवेदी ने बताया है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ के द्वारा पुनः छः माह का समय बढ़ाया गया है, जिसके समादर में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 को पुनः वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु खोल दिया गया है तथा मेकर-चेकर-एप्रूवर प्रक्रिया को आसानी से पूरा करने के लिए बोर्ड कार्यालय द्वारा मेकर अर्थात मुतवल्ली हेतु 15 फरवरी, चेकर हेतु 15 अप्रैल तथा एप्रूवर हेतु 05 जून की समयावधि निर्धारित करते हुए उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर निर्धारित समय सीमा के भीतर वक्फ बोर्ड के रजिस्टर दफा-37 एवं गजट नोटिफिकेशन के अनुरूप पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु बोर्ड कार्यालय द्वारा मेकर्स अर्थात मुतवल्लियों को निर्देशित किया गया है।

उन्होने जनपद के समस्त मेकर्स अर्थात मुतवल्लियों को सूचित किया जाता है कि गजट नोटिफिकेशन एवं वक्फ बोर्ड का रजिस्टर दफा 37 में पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण 15 फरवरी 2026 तक अपलोड करायें। वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा नियुक्त मुतवल्लियों/ कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया जाता है कि बोर्ड के निर्देशानुसार वक्फ सम्पत्तियों का सम्पूर्ण विवरण उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 पर समयान्तर्गत फीड कराये।

# संक्षिप्त खबरें

## बंद कमरे में फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**कालपी(जालौन):** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुड़ा परवा में एक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार सुबह उस समय सामने आई, जब परिजनों ने महिला का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका हुआ देखा। मृतका की पहचान शांति देवी (32) पत्नी बाबू सिंह निवासी शेखपुरागुन्ना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शांति देवी बुधवार देर रात घर के एक कमरे में सोने के लिए गई थी। गुरुवार सुबह जब परिवार के सदस्यों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उन्हें शांति देवी फांसी के फंदे से लटकी मिली। यह दृश्य देख घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। मृतका के भाई होरीलाल ने बताया कि शांति देवी द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का फिलहाल कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजनों ने घर में किसी भी प्रकार के विवाद या पारिवारिक तनाव से इनकार किया है जिससे घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## आवारा सांड का आतंक, ग्रामीण रात-रात भर जागकर दे रहे पहरा

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में आवारा सांड के आतंक से किसान परेशान है। सर्द हवाओं एंव कोहरे के साथ किसान रतजगा करने को मजबूर हैं। विदोखर पुरई के किसान कामता प्रसाद, विनय, सुरेश कुमार, अतर सिंह, गुरु सिंह, धीरेंद्र आदि ने बताया कि एक आवारा सांड कहीं से भटककर आ गया है यह रात में सन्नाटा होते ही खेतों की ओर आ जाता है और मटर, मसूर, गेहूं आदि की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। फसले बचाने के लिए सर्द रातों में कोहरे के मध्य रतजगा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि रात में यह अकेला देखकर हमलावर भी होता है। इससे जान का खतरा भी है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि किसानों ने समस्या से गुरुवार को सुबह अवगत कराया है। उन्होंने सांड को हांककर गौशाला में लाने के लिए चरवाहों को लगा दिया है। देर शाम तक इसको प्रत्येक दशा में गौशाला में संरक्षित करा दिया जाएगा।

## हार्ट अटैक से सेवानिवृत लेखपाल सहित दो की मौत

### सर्दी से हुआ हार्ट स्ट्रोक, लोगों में आम चर्चा



**हमीरपुरः-** बीती रात सुमेरपुर कस्बा में हार्टअटैक के चलते रिटायर्ड लेखपाल सहित एक वृद्ध ने दम तोड़ दिया। सर्दी का सितम बच्चों,वृद्धों में कहर बरपा रहा है। कस्बे के वार्ड संख्या आठ निवासी रिटायर्ड लेखपाल साजन वाल्मीकि (62) को घर पर ही अटैक पड़ गया। परिजन इसको सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसी तरह वार्ड संख्या दो निवासी रामबली सोनकर (75) रात में घर में बिस्तर पर ही मृत पाया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि दोनों को भीषण सर्दी की वजह से हार्ट स्ट्रोक हुआ था, जिससे उनकी मौत हो गई।गुरुवार को दोनों का अंतिम संस्कार कस्बे के मोक्ष धाम में किया गया।

## 150 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण 60 में मिले मोतियाबिंद के लक्षण



**हमीरपुरः-** कुरारा कस्बा के बस स्टैंड स्थित एक विद्यालय में गुरुवार के दिन सद्गुरु सेवा ट्रस्ट और पहाड़ी देव शिवधाम समिति के तत्वावधान में संयुक्त रूप से निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। नेत्र शिविर में150 मरीजों की निःशुल्क जांच हुई जिनमें से 60 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया जिनको सद्गुरु सेवा ट्रस्ट की बस द्वारा ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। इसके अतिरिक्त, 40 जरूरतमंदों को चश्मे और 50 मरीजों को आंखों की दवा व ड्रॉप्स का निशुल्क वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी गणेश तिवारी, प्रद्युम्न सिंह, पिंटू सिंह, शरद यादव और हरदत्त राम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मरीजों की सहायता की।

# कर्नलगंज के पहाड़ापुर में फिर दिखाई दिया विशालकाय अजगर,राहगीर और ग्रामीणों में मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील क्षेत्र के पहाड़ापुर और भंभुआ इलाके में सोमवार और बुधवार को सड़क किनारे और जंगल के पास विशालकाय अजगर दिखाई देने से स्थानीय लोगों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। तीन अलग-अलग जगहों पर अजगर के दिखाई देने की घटनाओं ने इलाके में उत्सुकता और डर दोनों पैदा कर दिए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को पहाड़ापुर नहर के बगल जंगल के पास एक विशाल अजगर देखा गया, जिसकी लंबाई तकरीबन 3 मीटर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अजगर जंगल के पास रेंगते हुए दिखाई दिया। डर के मारे कई लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया, जबकि कुछ ने मोबाइल फोन से वीडियो और फोटो भी बनाए। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़कर बोरे में बंद कर लिया। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जुट गई।

वन विभाग और स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इलाके में भीषण ठंड, भारी बारिश और जलभराव के बाद जंगली जीवों के मानव बस्तियों के पास आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। अजगर की मौजूदगी को लेकर इलाके में कौतूहल और दहशत का मिश्रित माहौल देखा गया। प्रशासन की अपीलःअजगर या किसी भी जंगली जानवर को देखकर उसके पास न जाएं। तुरंत वन विभाग या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए सावधानी का अलर्ट भी है, जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# रवा गांव स्थित खेत में तेंदुआ पाए जाने से मचा हड़कंप

### ● एएसपी सहित पुलिस बल और वन विभाग की टीम पहुंची मौके पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन):** रवा गांव में गुरुवार की सुबह एक खेत में तेंदुआ पाए जाने से गांव सहित आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीण खासे दहशत में आ गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। वन विभाग को तेंदुए के बारे में सूचना दे दी गई है जिसके बाद विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है। क्षेत्र में जंगल का भूभाग नहीं है और न ही कभी यहां जंगली जानवर देखे गए हैं जिसके चलते बेखौफ होकर रात में भी यहां के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। गुरुवार की सुबह एक किसान बुद्धसिंह कुशवाहा अपने खेत में बरसीम जानवरों के लिए काट रहा था तभी उसे लगा कि खेत में कोई जानवर है। उसने समझा कोई कुत्ता आकर खेत में बैठ गया होगा तो उसने उसे भगाने के लिए ललकार मारी। ललकार सुनकर जानवर जब उठा तो किसान की यह देखकर घिग्घी बंध गई कि वह कोई कुत्ता नहीं बल्कि तेंदुआ है। तेंदुए को देखते ही चीख मार कर किसान सिर पर पैर रखकर भागा और गांव में जाकर तेंदुआ होने की बात बताई जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

हालांकि पहले तो ग्रामीणों को उक्त किसान की बात पर भरोसा नहीं हुआ क्योंकि इस इलाके में कभी जंगली जानवरों की मौजूदगी नहीं रही, लेकिन तेंदुए के होने की बात सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर किसान की बताई जगह पर पहुंचे ताकि हकीकत जानी जा सके। वहां जाकर ग्रामीणों ने देखा कि तेंदुआ अभी भी खेत में ही था। ग्रामीणों की भीड़ ने लाठी-डंडे जमीन पर पटकते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया, शोरगुल सुनकर तेंदुआ उस बरसीम के खेत से निकल कर एक सरसों के खेत में घुस गया। देर शाम तेंदुआ सत्येंद्र गुर्जर के मटर के खेत में पहुंच गया था। ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को इसकी सूचना दी।

सूचना पर एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा सहित कोतवाल अजीत सिंह, भेंड़ चौकी प्रभारी सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। वन विभाग की टीम भी आ गई थी और तेंदुए को पकड़ने की कोशिशें शुरू हो गई थीं। ड्रोन से तेंदुए की लोकेशन जानने की भी कोशिश की गई है। जिले से भी डीएफओ के साथ टीमें आ गई थीं लेकिन ग्रामीण वन विभाग की गतिविधियों से संतुष्ट नहीं नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ जैसे जानवर को पकड़ने के लिए जिस तरह के उपकरणों की जरूरत होती है वैसे कोई उपकरण उनके पास नहीं हैं, वन विभाग उस तेंदुए को पकड़ने के बजाए उसे भगाने की कोशिशों में जुटा है। फिलहाल, पुलिस और वन विभाग के लोग ग्रामीणों को घरों में रहने की सलाह देते नजर आ रहे थे।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बे के ग्राम्य जिला विकास प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त आंगनबाड़ियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के तीसरे दिन विकासखंड की 45 आंगनबाड़ियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर दीपक ,मोहम्मद आमिद शशि प्रभा आदि लोगों ने प्रशिक्षु आंगनबाड़ियों को प्रशिक्षण करते हुए बताया कि 0से3 एवं 3से6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से बचाने के उपाय एवं गर्भवती धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में तथा शासन से निर्देशित गृह भ्रमण फीडिंग, फेस कैपचरिंग, वजन टीकाकरण आदि के संबंध में विशेष जानकारियां दी गई जिला विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि नवनियुक्त 45 आंगनबाड़ियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जो 6 जनवरी से 12जनवरी तक चलेगा यह प्रशिक्षण आवासीय प्रशिक्षण है खाना, रहना, प्रशिक्षण प्राप्त करना शासन की ओर से सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी यशोदा, निर्मला, अंजली गुप्ता, रचना देवी, रेणु देवी ,सुनैना ,शांति आदि ने प्रशिक्षण में खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रशिक्षण कर्ताओं का भरपूर सहयोग एवं समय से नाश्ता चाय पानी मिल रहा है।

# आस्था या विश्वास, या फिर उपचार-कम्बल वाले बाबा के शिविर में उमड रही उपचार कराने वालों की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** हमीरपुर शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित शिव कथा में लोगों की आस्था का सैलाब देखते ही बनता है।वहीं कथा सुनने के साथ-साथ कथा स्थल पर पधारे कंबल वाले बाबा भी शिविर लगाकर रोगियों का उपचार कर रहे हैं , जो लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आदि बीमारी का उपचार कर रहे हैं।

सिद्धेश्वर महादेव धाम झलोखर के तत्वावधान में हमीरपुर शहर स्थित माँ चौरा देवी प्रांगण पर रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल बुंदेलखंड के सहयोग से बुंदेलखंड की लोकप्रिय एवं ख्याति प्राप्त कथा व्यास कथावाचक तेजस्विनी ने गुरुवार को शिव कथा का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।इस दौरान गुजरात से आए काले कंबल वाले बाबा का दिव्य दरबार भी चौरा देवी प्रांगण में सजाया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का कंबल वाले बाबा ने उपचार कर रहे हैं।इस मौके पर कंबल वाले बाबा ने मीडिया के सामने लकवा जैसी बीमारी से ग्रसित कई बच्चों और बुजुर्गों को चलाकर दिखाया।गुजरात




के निवासी कंबल वाले बाबा गणेश यादव ने बताया कि जब वे चार साल के थे, उनकी मां ने उन्हें यह कंबल आशीर्वाद के रूप में दिया था। बाबा ने कहा, 'मैं कुछ नहीं हूं, जो भी शक्ति है, वह मेरी मां के दिए इस कंबल में है, और मैं इसी के सहारे लोगों की सेवा कर रहा हूं।' उन्होंने आगे बताया कि वे पूरी तरह अनपढ़ हैं।शिविर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रसित ऋतुराज सोनी और उनके परिजन पहुंचे ,जिन्होंने बताया कि वे कई बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाकर हार चुके है। कंबल वाले बाबा का शिविर लगने की जानकारी मिलने पर वह उनके स्थान पर पहुंचे जहाँ पहले दिन ही उन्हें लाभ दिखाई दिया है।अब इसे आस्था कहें या विश्वास या फिर कोई उपचार ,लेकिन लोगों को बीमारियों से अगर लाभ होता है तो अच्छा ही है।

# मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन की तारीख ने बढ़ाई पंचायत चुनाव की सियासी तपिश

### ●अटकलें क्या बढ़ सकता है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का समय चर्चाओं का बाजार गर्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बृजभूषण तिवारी

**गोंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही सियासी हलचल के बीच अब एक नई चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। आगामी 28 मार्च 2026 को पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन की तिथि तय होने के बाद राजनीतिक गलियारों से लेकर गांव की चौपाल और चाय की दुकानों तक कयासों का दौर तेज हो गया है। लोग यह सवाल उठाने लगे हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि पंचायत चुनाव में देरी हो जाए।

अब तक आम जनमानस और संभावित प्रत्याशियों के बीच यह धारणा बनी हुई थी कि सरकार वर्ष 2026 में लगभग अप्रैल से मई के बीच पंचायत चुनाव कराने की पूरी तैयारी में है। इसी आधार पर गांव- गांव में सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी थीं। ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदार सक्रिय हो चुके थे। लेकिन मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख 28 मार्च तय होने के बाद चर्चाओं ने नया मोड़ ले लिया है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन के बाद आपत्तियों का निस्तारण, प्रशासनिक तैयारियां और आचार संहिता जैसी प्रक्रियाएं समय लेती हैं। ऐसे में कुछ लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि पंचायत चुनाव दो से तीन महीने तक आगे बढ़ सकते हैं। हालांकि अभी इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चर्चाओं ने सियासी तापमान जरूर बढ़ा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह मुद्दा अब हर चर्चा का केंद्र बन गया है। चाय की दुकानों पर लोग सवाल कर रहे हैं– 'अगर चुनाव टलते हैं तो तैयारी का क्या होगा?' वहीं संभावित प्रत्याशियों के बीच असमंजस की स्थिति है। कुछ इसे रणनीति बदलने का मौका मान रहे हैं तो कुछ इसे बढ़ती बेचैनी का कारण बता रहे हैं।

पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास कार्यों की रफ्तार पर भी इसका असर पड़ रहा है। ऐसे में चुनाव में देरी को लेकर आम जनता की नजर सरकार और प्रशासन की घोषणा पर टिकी हुई है।

राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ता भी अंदरखाने बैठकों में इस संभावित देरी के असर का आकलन कर रहे हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और कटने को लेकर पहले से ही गहमागहमी है, वहीं अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद चुनावी समीकरण पूरी तरह स्पष्ट होंगे। कुल मिलाकर 28 मार्च को होने वाला मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन अब सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि इसने पंचायत चुनाव को लेकर नई सियासी बहस को जन्म दे दिया है। चुनाव अप्रैल-मई में होंगे या कुछ समय के लिए टलेंगे– इसका जवाब आने वाले दिनों में मिलेगा, लेकिन फिलहाल गांव-गांव में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गर्म हो चुका है।

## कोहरे का कहर- खडे ट्रक में जा घुसी फोर व्हीलर



**हमीरपुरः-** सुमेरपुर थानाक्षेत्र के इंगोहटा पेट्रोल पंप के पास हाईवे किनारे खड़े डंपर में तेज रफ्तार कार जा घुसी। इस घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीएचसी से नाजुक हालत में घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे थानाक्षेत्र के इंगोहटा तिराहा के पास पेट्रोल पंप के सामने खराब खड़े एक डंपर में अनियंत्रित कार उसके पीछे जा गई। इस घटना में हमीरपुर निवासी कार सवार आलोक रंजन व बृजेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए पीएचसी भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि रात में ही घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# आईजीआरएस में जालौन की शानदार उपलब्धि, प्रदेश में 8 वां स्थान

### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई (जालौन):** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली जन शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) पर प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के क्षेत्र में जनपद जालौन ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8वां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि दिसंबर 2025 की मासिक रैंकिंग में शत-प्रतिशत शिकायत निस्तारण के साथ प्राप्त की गई है। जनपद के लिए विशेष गौरव की बात यह रही कि तहसील जालौन एवं तहसील कालपी ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल जनपद बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यशैली को भी नई पहचान दिलाई है। इस सफलता पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सतत निगरानी, प्रभावी अनुश्रवण एवं समन्वित टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसकी नियमित समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिक न होकर स्थायी व व्यावहारिक समाधान के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद, फील्ड स्तर पर सत्यापन और नियमित मॉनिटरिंग के कारण जनपद को यह उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दोनों तहसीलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद प्रशासन भविष्य में भी पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित प्रशासन की भावना के साथ कार्य करता रहेगा, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके और शासन की मंशा को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू किया जा सके।

# बुढार नगर परिषद बुढ़ार में 2001 इंजीनियर 01 वार्ड 15 में पानी का पाइपलाइन 3 परंत परंतु पानी कनेक्शन व पानी जीरो

### ● आफिस के समय नहीं पहुंचते हैं इंजीनियर ये कहीं 3 बजे तो कहीं 4बजे कहते हैं मेरी मर्जी 2 घंटे के हेर फेर करके अपनी नई बाइक में लहराते हुए

### नगर परिषद में सांप की तरह कुंडली मार के बैठे इंजीनियर

### इधर उधर करके अपना समय व्यतीत कर चलते बनते हैं अपने निवास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** आखिरकार 20 वर्षो से क्या कोई दूसरा इंजीनियर नहीं मिला नगर परिषद को आखिरकार भ्रष्ट इंजीनियर पर जो की नगर परिषद के ऐसे कई अनेक कर होते रहे और होते हैं जो की काफी सराहना के काबिल हैं शासन द्वारा चलाए सभी जनता को समय समय से जंतु को देते रहते हैं

कैसे बच पाएगी नगर परिषद भ्रष्ट इंजीनियर से इंजीनियर की अर्थ प्रणाली वी इनके नियुक्ति की वैहद अवैध की हो रतन सोनी पूर्व पार्षद ने प्रेस में बताया है कि बताया कि मध्य प्रदेश बुढ़ार में के सी पी पांडेय उप यंत्री द्वारा विगत 26 वर्षो से शासन के पैसों का भरपूर दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार की हद पार कर चुके हैं वार्ड क्रमांक 15 में शुद्ध पानी पीने के लिए की पाइपलाइन 2006 में 07 में सीमेंट के पाइप बिछाया फिर उसे गहराई का बहाना बनाकर 2016 .17 में दूसरी परत उसी के ऊपर डाला जिसे मुख्यमंत्री का पाइप बताया और 2024-25 में उसी के ऊपर तीसरी परत फिर पाइप डाला जिसे इंजीनियर ने मोदी पानी पाइप लाइन आरो का पानी आने को बताया परंतु 20 वर्ष में एक बार भी आज तक एक बूंद पानी तीनों पाइपों पर नहीं चला और लोगों से उनके आधार नंबर लेकर शासन को अंधेरे में रखकर शासन के पैसों को बंदर बांट कर डाला लोगों द्वारा विगत 10 वर्षो से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर दबाव डालकर वापस या कूट सचित तरीके से बंद कर देता है ये इंजीनियर तो लगता है कि डिग्री धारी नहीं बल्कि फर्जी इंजीनियर तो नहीं एक जहां जांच का विषय है की एक उपयंत्री पाइपलाइन तीन परत पर पानीं 20 वर्षो में नहीं दे पाया आखिर क्यों इसकी जांच होनी चाहिए यदि ऐसा नहीं होता है तो मैं मार्च से भूख हड़ताल करूंगा पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 15 रतन सोनी बुढार।

# अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, चौदह बाइकों समेत चार शातिर गिरफ्तार

### ● दिल्ली-एनसीआर से बाइकें चुराकर हमीरपुर में करते थे सप्लाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुरः-** थाना जरिया पुलिस ने स्वाट-एसओजी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 14 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी लंबे समय से थाना क्षेत्र समेत आसपास के इलाकों में लगातार बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

थानाध्यक्ष जरिया दिनेश पाण्डेय ने बताया कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। जांच में पता चला कि गिरोह के सदस्य अधिकतर सुनसान रास्तों और स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रणनीति बनाकर अमूंद गांव के झाड़ियों के पास घेराबंदी की और चारों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने सबसे पहले गिरोह के सरगना हरिमोहन राजपूत पुत्र जयकरन, निवासी ग्राम चिल्ली, थाना राठ को गिरफ्तार किया। इसके बाद थाना जरिया क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी हिमांशु सेन पुत्र लक्ष्मीप्रसाद, ग्राम न्यूलीबासा थाना जलालपुर निवासी राहुल पुत्र टीकाराम अहिरवार तथा ग्राम सिचौलीपुरवा थाना मौदहा निवासी गुलाम वारिस पुत्र मो. जलील को पकड़ा गया। रिगवारा कला गांव के पास से इनके कब्जे से चोरी की गई कुल 14 बाइकें बरामद की गईं।

बरामद मोटरसाइकिलों में दो अपाचे, एक होंडा शाइन एसपी और 11 हीरो स्प्लेंडर प्लस (ब्लैक-ग्रे रंग) शामिल हैं, जिनमें अधिकांश बिना नंबर प्लेट की हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा से मोटरसाइकिलें चोरी कर उन्हें हमीरपुर जनपद में लाकर खपाता था। गिरोह से जुड़े सरगनाओं का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस टीम बरामद वाहनों के चेचिस और इंजन नंबर के आधार पर वाहन स्वामियों को ट्रेस कर उनसे संपर्क स्थापित कर रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और शेष चोरी की बाइकों की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। आरोपियों के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 317(5) और 345(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में स्वाट-एसओजी प्रभारी सचिन शर्मा, कांस्टेबल अतुल कुमार, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, रवि कुमार पटेल, शक्ति सिंह तथा थाना जरिया के उपनिरीक्षक शान्तनु चतुर्वेदी, दिलीप श्रीवास्तव, रोहित यादव, मानवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह, धनेश कुमार, बृजेश यादव, सूरज सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सायर ने हमीरपुर को पांच विकेट से हराकर जीती 51 हजार की इनामी ट्रॉफी

### ●शिवम ने आठ छक्कों और चार चौकों की मदद से ठोके 76 रन बने मैन ऑफ द मैच

### अखिल द्विवेदी रहें मैन ऑफ द सीरीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुरः-** छानी खुर्द गांव के दूध डेयरी खेल मैदान में बीते .. से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार के दिन हमीरपुर और सायर के बीच फाइनल मैच खेला गया।गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे मैच की शुरुआत छानी खुर्द प्रधान अरुण कुमार वर्मा व जिला पंचायत सदस्य हरगोविन्द प्रजापति ने फीता काटकर कराई।हमीरपुर कैप्टन भोलू और सायर टीम के कैप्टन प्रदीप विश्वकर्मा के बीच अम्पायरों ने टॉस कराया।हमीरपुर टीम कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। हमीरपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में तीन विकेट खोकर 182 रन बनाए।हमीरपुर टीम की तरफ से ओपनिंग करने आए विशाल और सद्दाम ने सधी हुई शुरुआत दिलाई टीम का पहला विकेट 44 रन के स्कोर पर गिरा विशाल 16 गेंदों मे 37 रन बनाकर आउट हुए इसके बल्लेबाज विशाल ऊर्फ बंटा ने धुआंधार पारी खेलते हुए 4 छक्कों और दो चौकों की मदद से 20 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। विशाल के आउट होने के बल्लेबाजी करने आए अखिल द्विवेदी ने ताबड़तोड़ 27 गेंदों में 56 रनों की अर्धशातकीय पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति पर पहुंचाया वहीं साथी बल्लेबाज आदर्श ने बखूबी साथ निभाया और तेज तर्रार 16 गेंदों में चार छक्कों और दो चौकों की मदद से 36 रन बनाकर टीम को 182 रनों के विशाल स्कोर पर पहुंचाया।

वहीं मौदहा के मनीष आदित्य, और आशीष ने अपने टीम के लिए एक-एक विकेट लिया।वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सायर की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही ओपनर बल्लेबाजी करने आए प्रदीप कुमार और रामभरोसे ज्यादा कुछ नहीं कर सकें, प्रदीप दूसरे ही ओवर में 6 रन बनाकर विपिन के शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सुग्रीव ने 15 गेंदों में 26 रन बनाकर टीम का स्कोर 10 ओवरों में 80रन पर पहुंचाया। सुग्रीव के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए शिवम दीक्षित ने शमा बांध दिया, शिवम ने विश पॉटक बल्लेबाजी करते हुए 26गेंदों में 8 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 76 रनों की पारी खेलकर मैच में अपनी टीम को छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। हमीरपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विपिन ने विकेट तो अखिल द्विवेदी,अमन और जग्गा ने गेंदबाजी करते हुए अपने टीम के लिए एक -एक विकेट झटका और लेकिन टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहें। मैच में अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया और अखिल द्विवेदी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। हरगोविंद प्रजापति जिलापंचायत सदस्य,अरुण कुमार प्रधान छानी खुर्द, भारत यादव प्रधान छानी बुजुर्ग ने विजेता टीम को ट्राफी ईनामी राशि 51000 हजार रूपये देकर सम्मानित किया। मैच में मुहम्मद हुसैनी और लोकेन्द्र शिवहरे एम्पायर रहे वहीं थर्ड अम्पायर की भूमिका शाकिर अली ने निभायी। स्कोरर सौरभ सिंह और कमेंट्री मुमताज अहमद, जुनैद अहमद और जलालुद्दीन ने की।